







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 103
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 24 जनवरी, 2024




# अयोध्या में आस्था का जनसैलाब

**राम की नई प्रतिमा का नाम बालक राम: प्रशासन भीड़ नहीं संभाल पाया, सीएम योगी, प्रमुख सचिव गृह और डीजी लॉ एंड ऑर्डर अयोध्या पहुंचे**

## सुबह 7 बजे खुला मंदिर, हर श्रद्धालु को दर्शन के लिए 15 से 20 सेकंड का मिला समय

## तीन लाख भक्तों ने किए दर्शन, इतने ही इंतजार कर रहे, अयोध्या आने वाली बसें रोकी गईं

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार 23 जनवरी को मंदिर में आम लोगों का दर्शन शुरू हो चुका है। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रामलला के दर्शन के लिए कई राज्यों से लोग आए हुए हैं। जैसे ही मंदिर के गेट खुले तो लोगों में अंदर जाने के लिए होड़ सी मच गई। दर्शन के लिए उमड़े हुजूम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोपहर में शयन के लिए बंद किए गए भगवान रामलला के कपाट एक घंटे पहले ही खोल दिए गए। रामलला के शयन के लिए पट दोपहर 12.30 बजे से 2 बजे तक बंद रहने थे, लेकिन भीड़ के चलते 1 बजे ही खोल दिए गए। लोगों को दर्शन के लिए छोटे-छोटे ग्रुपों में भेजा जा रहा है। एक बार तो लोग सिक्योरिटी तोड़कर ही भाग निकले। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर दो बजे तक ढाई लाख लोगों ने दर्शन कर लिए। भीड़ को काबू करने के लिए 8 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। वहीं, राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित नई प्रतिमा को बालक राम नाम दिया गया है।

### तीन लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के किए दर्शन

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अगले दिन यानी मंगलवार को करीब 2.5 लाख से 3 लाख श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए हैं और इतनी ही संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन भक्तों को निरंतर दर्शन कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में है। अयोध्या में मंगलवार को रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हाल ये हो गया कि वहां मौजूद प्रशासन को लोगों को नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान धक्का-मुक्की में कई लोगों को चोट भी लग गई। लखनऊ जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अभी कोई भी यात्री अयोध्या न भेजे जाएं। बढ़ती हुई भीड़ को नियंत्रण करने में समस्या हो रही है। इसके बजाय यहां से लोगों को अन्यत्र भेजने की व्यवस्था की जाएं। कृपया दो घंटे के लिए अयोध्या की सेवाएं स्थगित रखें। अयोध्या से आगे के यात्रियों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। सभी क्षेत्र अनुपालन सुनिश्चित करें।

### मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास की अपील, धैर्य बनाए रखें

अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास बोले, मैं सभी भक्तों को आश्वस्त करता हूं कि वे रामलला के दर्शन कर सकेंगे, दर्शन लगातार जारी है। मैं श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।

### अयोध्या आने वाले सभी रास्ते बंद, पैदल आ रहे लोग

अयोध्या मंदिर की ओर आने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। वहीं दूसरी तरफ खबर है कि अयोध्या आने वाली सभी बसों को रोक दिया गया है। मंदिर की ओर आने वाले रास्तों को चार से पांच किमी पहले बंद किया गया है। पैदल ही आने दिया जा रहा है।



### दर्शन व्यवस्था को संभाल रहे आला अफसर

अयोध्या राम मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे हैं। यूपी के प्रमुख सचिव, गृह, संजय प्रसाद और विशेष डीजी कानून और व्यवस्था, प्रशांत कुमार भक्तों की व्यवस्थित आवाजाही की निगरानी के लिए मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचे।

### एडीजी जोन लखनऊ ने की भक्तों से अपील

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ पर लखनऊ जोन एडीजी पीयूष मोर्डिया ने कहा कि बड़ी संख्या में भक्त यहां एकत्र हुए हैं। आगे कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है कि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। मैं भक्तों से अपील करता हूं कि वे मंदिर परिसर के अंदर मोबाइल फोन का उपयोग न करें। भक्तों से धैर्य रखने की अपील है।

### रामलला के लिए 11 करोड़ का मुकुट तैयार

सूरत की ग्रीन लैब डायमंड कंपनी के मालिक मुकेश पटेल ने अयोध्या में रामलला की प्रतिमा को पहनाने के लिए 11 करोड़ रुपए का मुकुट भेंट किया है। इस मुकुट का कुल वजन 6 किलोग्राम है, जिसमें साढ़े 4 किलोग्राम सोने का इस्तेमाल किया गया है। इसमें कई हीरे, माणिक, मोती, मोती, नीलम जड़े हुए हैं। जैसे ही अयोध्या के मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा फाइनल हुई, कंपनी ने अपने दो कर्मचारियों को विशेष विमान से अयोध्या भेजा। ये कर्मचारी प्रतिमा के सिर का नाप लेकर आए। फिर इस नाप से मुकुट तैयार किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन इस मुकुट को मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिया गया है।

### श्रीरामलला की नई मूर्ति का नाम बालक राम होगा

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई श्रीरामलला की नई मूर्ति को बालक राम के नाम से जाना जाएगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल रहे पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया- भगवान राम की मूर्ति का नाम बालक राम रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं, जिनकी उम्र पांच साल है। अरुण दीक्षित वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर के भी पुजारी हैं। दीक्षित ने बताया कि पहली बार जब मैंने मूर्ति देखी, तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मेरी आंखों में खुशी के आंसू बहने लगे। उस समय मुझे जो अनुभूति हुई, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

**मीडिया से अपील:** अयोध्या में रामलला के दर्शन को लेकर लोगों में उत्साह और उत्सुकता का माहौल है। काफी संख्या में लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। मीडिया बंधुओ से अनुरोध है कि वह लोग निर्धारित स्थान राम की पैड़ी पर ही अपना कार्य करें। अयोध्या में आ रहे श्रद्धालुओं को सड़क पर ना रोकें।

# भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में ऊर्जा भरी। भारत की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। न केवल भारत, बल्कि बाहर भी हमें देश की आजादी की लड़ाई को कैसे आगे ले जाना है, नेताजी ने उस समय इसकी गजब रणनीति तैयार की थी। आज उसी का परिणाम है कि जब हम भारत के बाहर जाते हैं तो बहुत सारी जगहों पर हमें नेताजी से जुड़े स्थल भी देखने को मिलते हैं। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। नेताजी ने युवाओं का आह्वान करते हुए देश की आजादी की लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य किया। सीएम योगी ने यह बातें मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर कहीं। उन्होंने परिवर्तन चौक स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सीएम ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन किया। उन्होंने नौजवानों का आह्वान किया- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। देश की आजादी के इस मंत्र की बदौलत लाखों युवा सर्वस्व न्योछावर करने को तैयार हो गए। युवा व हर भारतवासी आजाद हिंद फौज के नेतृत्व में लड़ी जाने वाली लड़ाई का हिस्सा बना। नेताजी ने न केवल भारत, बल्कि म्यांमार, सिंगापुर समेत दुनिया के अनेक देशों में इस लड़ाई को प्रखरता के साथ बढ़ाने का कार्य भी किया। यही कारण है कि हर भारतवासी नेताजी के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है।

### वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा भारत

सीएम ने कहा कि सौभाग्य है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में आयोजित करने और साप्ताहिक आयोजन को इससे जोड़ने का कार्यक्रम बनाया है। नेताजी भारत के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को भारत के पराक्रम से जोड़ने का कार्य किया है। आज जब 127वीं पावन जयंती पर उन्हें स्मरण कर रहे हैं तो आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की रणनीति क्या होनी चाहिए, इन स्थितियों में अब हमारे सामने सक्षम भारत है। पूरी दुनिया नए भारत को देख रही है। भारत वर्ल्ड पावर के रूप में स्थापित हो रहा है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत की वर्तमान स्थिति को पराक्रमी भारत के माध्यम से बढ़ने के प्रेरणास्रोत हैं।

### कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन ही नेताजी का सम्मान

सीएम ने प्रदेश के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि मातृभूमि के लिए जो भी कर पाएंगे, वह कम होगा। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हर व्यक्ति कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करे। यही नेताजी के प्रति सच्ची श्रद्धा व सम्मान होगा। कर्तव्यों के प्रति हमें आग्रही होना पड़ेगा, तभी पराक्रमी भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित कर पाएंगे। सीएम ने विश्वास जताया कि हमारे युवा नेता जी के आदर्शों का अनुसरण करेंगे। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजी. अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

# संसद की सुरक्षा में अब सीआईएसएफ भी तैनात

**बजट सेशन से पहले दी गई जिम्मेदारी ताकि सुरक्षाकर्मी सिस्टम को समझ सकें**



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद भवन की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती कर दी गई है। सीआईएसएफ के 140 कर्मियों वाली टुकड़ी अब संसद की कार्रवाई देखने आने वाले दर्शकों और उनके सामान की तलाशी लेगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होना है। पिछले साल 13 दिसंबर को कुछ लोग संसद में घुस आए थे। उन्होंने सदन में रंगीन धुआं छोड़ा था। इसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की समीक्षा की थी। इसके बाद सीआईएसएफ तैनात करने की मंजूरी दी गई थी।

### फायर सेफ्टी का काम भी देखेगी सीआईएसएफ

सूत्रों के हवाले से न्यूज एजेंसी ने बताया कि सीआईएसएफ के कुल 140 जवानों ने सोमवार (22 जनवरी) से ही संसद परिसर में मोर्चा संभाल लिया है। सीआईएसएफ संसद भवन की फायर सेफ्टी का काम भी देखेगी। अभी सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मियों ने संसद सुरक्षा में पहले से मौजूद अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संसद परिसर का जायजा लिया। जिससे वे 31 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने पर काम के लिए तैयार रहें।

# यूपी की बिजली कंपनियों की रेटिंग में हुआ सुधार, ज्यादातर कंपनियां बी ग्रेड में आईं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बिजली कंपनियों की रेटिंग में सुधार हुआ है। ज्यादातर कंपनियां सी ग्रेड से निकलकर बी ग्रेड में आ गई हैं। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के उपक्रम आरईसी द्वारा जारी वित्तीय वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा रेटिंग में उत्तर प्रदेश की तीन बिजली कंपनियां पूर्वांचल, मध्यांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 की तुलना में बिजली आपूर्ति में सुधार, नए संयोजन निर्गत करने में सुधार, त्वरित गति से उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान सहित अन्य सेवाओं में व्यापक सुधार किया गया हैं। भारत सरकार द्वारा 2020-21 से बिजली कंपनियों में प्रतिस्पर्धा एवं सुधार की प्रवृत्ति को बढ़ाने की दृष्टि से प्रतिवर्ष बिजली कंपनियों की उपभोक्ता सेवा के आधार पर रेटिंग जारी की जाती है जिसमें मुख्य तौर पर बिजली सप्लाई सहित अन्य सेवाएं एवं निर्बाध ट्रिपिंग रहित बिजली आपूर्ति जैसे सूचक लिए गए हैं।


**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** | अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से पर्यटकों के उत्तर प्रदेश आने की उम्मीद, सभी को मिलेगी राहत

# डायल 112 पर सुनी जाएगी यूपी आने वाले देश के हर कोने के बाशिंदे की पुकार

- अपराध व अन्य अनहोनी रोकने में डायल 112 की भूमिका और बढ़ जाएगी
- पर्यटक अपनी स्थानीय भाषा में ही डायल 112 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान पा सकेंगे

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की डायल 112 सेवा गैर हिंदी भाषी प्रांत के लोगों के लिए भी वरदान साबित होने वाली है। डायल 112 में अब दक्षिण व अन्य गैर हिंदी भाषी प्रांत की भाषाओं के जानकारों को भी शामिल किया जाएगा। यही नहीं, आधुनिक तकनीक का उपयोग कर जरूरतमंदों को तत्काल मदद उपलब्ध कराई जाएगी। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से पर्यटकों के उत्तर प्रदेश आने की उम्मीद है। ऐसे में अपराध व अन्य अनहोनी रोकने में डायल 112 की भूमिका और बढ़ जाएगी। प्रदेश के कई शहरों में रोज हजारों की संख्या में पर्यटक दूसरे प्रदेशों से घूमने आते हैं। दक्षिण भारत और उत्तर पूर्व से आने वाले पर्यटकों को यहां भाषा को लेकर कई बार दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। वहीं, किसी भी तरह की आपराधिक घटना या फिर कोई जानकारी हासिल करने के लिए वे जब डायल 112 पर कॉल करते हैं, वहां भी भाषा को लेकर उन्हें काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए डायल 112 ने अब एक नई सेवा की शुरुआत की है। पर्यटक अपनी स्थानीय भाषा में ही डायल 112 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

### डायल-112 कंट्रोल रूम में पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं

डायल-112 कंट्रोल रूम में पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं । इन पर काम करने वाले कर्मियों को अलग-अलग भाषाओं की ट्रेनिंग दी गई है। डायल-112 कंट्रोल रूम में रोज हजारों कॉल आती हैं। इनमें बहुत सी कॉल ऐसे लोगों की होती हैं जो पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब आदि राज्यों से यूपी आते हैं। ये लोग जब कंट्रोल रूम कॉल करते हैं तो भाषा को लेकर दिक्कतें आती हैं। जिसे देखते हुए काफी दिनों से इस प्रक्रिया को ठीक करने का प्रयास चल रहा था, जिसे अब लागू कर दिया गया है।

### स्पेशल हेल्प डेस्क पर भेजी जाएगी अन्य भाषा की कॉल

डायल-112 एडिशनल एसपी मोहनी पाठक के अनुसार कंट्रोल रूम में आने वाली ऐसी कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर किया जाएगा। वहां जो स्टॉफ है, उसे कई भाषाओं का ज्ञान है। वहीं, अगर कोई ऐसी भाषा है, जिसे वे भी नहीं जानते हैं तो उस कॉल को संबंधित शहर में बैठे उस वालंटियर को ट्रांसफर कर कांफ्रेंसिंग कराई जाएगी जो उस भाषा को जानता है। इसके बाद हेल्प डेस्क पर बैठा व्यक्ति पीआरपी को हिंदी में संदेश भेजेगा।

### भाषणी एप्लीकेशन का उपयोग भी होगा

एएसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत लिखने के बाद कंट्रोल रूम के कर्मी ब्योरा पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) को भेज देंगे। पुलिस घटनास्थल पर जाएगी और शिकायतकर्ता से मिलने के बाद भाषणी एप्लीकेशन का उपयोग करेगी। इस एप्लीकेशन में देश की अलग-अलग भाषाओं का आप्शन है। जिसके माध्यम से पुलिस शिकायतकर्ता से बात करेगी। इसके बाद पुलिस को आगे की कार्रवाई करेगी।

### पर्यटक हों या श्रद्धालु सभी को मिलेगी राहत

अन्य राज्यों के लोगों के साथ क्राइम होने या फिर कोई जानकारी लेने पर पुलिस को कॉल करने पर कतराते हैं, लेकिन अब इन पर्यटकों को पुलिस की इस सुविधा से काफी राहत मिलेगी। शुरू हुई व्यवस्था में देश की हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और उसका हल निकाला जाएगा। नई व्यवस्था के शुरू होने पर माघ मेला, अयोध्या समेत अन्य धार्मिक या फिर पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों को राहत मिलेगी।

### ये दो जरूरी सवाल पूछे जाएंगे

आपने क्या कपड़ा पहना है और किस कलर का है?,किस जगह पर खड़े हैं, अपनी पास की कोई लोकेशन बताएं?

## मरणोपरान्त अंगदान का सुरेन्द्र सिंह कछवाह ने लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सेवा भारती द्वारा आयोजित भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महापर्व में किए गए कीर्तन भजन, प्रसाद वितरण के बाद सेवा भारती के सदस्य सुरेंद्र सिंह कछवाह एवं मोहम्मद परवेज ने मरणोपरांत अपने शरीर के समस्त जरूरत अंगों को अपने परिवारीजनों की सहमति के साथ महादान किए जाने का संकल्प लिया। सेवा भारती के महामंत्री, समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के समक्ष सेवा भारती के महामंत्री राज किशोर शिवहरे द्वारा संकल्प दिलाया गया। सुरेंद्र सिंह कछवाह ने कहा कि वह सेवा भारती द्वारा शोषित, वंचित, पिछडों के लिए की जाने वाली निस्वार्थ सेवा से प्रेरित होकर सेवा भारती की सदस्यता ली और साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। मोहम्मद परवेज ने कहा कि सेवा भारती द्वारा किए जा रहे निस्वार्थ मानव सेवा को देखकर वह भी मरणोपरांत अपने शरीर के जरूरत के सभी अंगों को दान देने के लिए संकल्प लिए हैं। अध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला ने कहा कि अंगदान महादान होता है। इस तरह के संकल्प अपने परिवारीजनों की सहमत और स्वेच्छा के साथ किया गया है। जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने कहा कि शरीर का अंगदान आजकल अधिकतर लोग कर रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने ली अभियोजन एवं कानून व्यवस्था संबंधी बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को अभियोजन एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट की सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने आर्म्स एक्ट के संबंध में कहा कि जितने भी केस हैं निस्तारण नहीं हो पा रहे हैं, इसमें अभियोजन व पुलिस कोऑर्डिनेटर कर अधिक से अधिक निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी ने टॉप टेन अपराधियों की सूची के संबंध में प्रोग्रेस की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने कहा कि अपर पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकार से बात कर गवाहों को हाजिर कराएं। उन्होंने कहा कि जो गवाहों को धमकाते हैं, उन पर नजर रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी टॉप 10 का निर्णय हो जाता है तो फिर से टॉप टेन की एक सूची बनवाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि गैंगस्टर की विवेचना जो होती है शासन को भेजना है, बार-बार रिपोर्ट मांगी जाती है जो पेंडिंग है, उसका निस्तारण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले चुनाव आयोग निरीक्षण में आएगा। बॉर्डर का भी समीक्षा करे। सभी प्रभारी निरीक्षक वह पुलिस क्षेत्र अधिकारी ड्रग्स, सीजर एनालॉगिंग आर्म्स एक्ट पर कितना कार्य हुआ है की रिपोर्ट भी मांगी जाती है। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि इसको भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पुराने चुनाव में एफआईआर का रिव्यू कर फाइनल कर कर भेजें। माईनिंग के संबंध में उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने उप जिलाधिकारी राजापुर व पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर को निर्देशित कीजिए कि बालू का ज्यादा आवागमन होता है। इसका निरीक्षण करते रहें व ओवरलोडिंग का जुर्माना भी करें। किसी प्रकार से ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अवैध टेंपो स्टैंड के संबंध में परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि हर हफ्ते रिव्यू करते रहें, किसी भी प्रकार की वसूली की शिकायत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माघ मेला में दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। जिलाधिकारी ने लाउडस्पीकर के संबंध में कहा कि 15 दिन के अंतराल पर अभियान चलाकर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि एक बार फिर से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों व अधिशासी अधिकारियों और स्वयं सेवी संस्थाओं से बात कर अभियान चलाएं। जिला आबकारी को उन्होंने निर्देशित किया कि अबैध शराब बिक्री का कोई घटना नहीं होनी चाहिए, किसी भी प्रकार की शिकायत पर तुरंत छापामारी करें। उन्होंने कहा कि चिन्हित स्थलों का भी निरीक्षण करते रहें। जिलधिकारी ने कहा कि सरधुवा क्षेत्र व मंदाकिनी नदी के किनारे आप लोग सक्रिय होकर छापामारी करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भाटिया को तोडे तब पता चल पाएगा कि कौन सी भट्ठी ताजा बनाई गई है, निरंतर चुनाव से पहले करते रहें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोर्ट में जो असुविधा हो तो अवगत करायें, किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसमें लगकर निस्तारण कराएं।

डीएम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि चुनाव आने वाला है जिसकी आर्म्स व भूमि विवाद या अच्छा व्यवहार नहीं है व जिनकी मुकदमे पंजीकृत है, उन्हें चिन्हित कर आर्म्स कैंसिलेशन कराएं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर रामजन्म यादव, जिला शासकीय अधिवक्ता क्रिमिनल श्याम सुंदर मिश्र, एसपीओ दिनेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रामलला के प्राणप्रतिष्ठा की खुशी मे भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अयोध्या मे राम मंदिर मे रामलला के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य मे जगह-जगह भजन, संकीर्तन व प्रसाद का वितरण किया गया। सोमवार को चित्रकूट धाम के चौरासी कोस परिक्रमा के टिकरिया गांव स्थित पुष्करणी सरोवर मे ग्राम प्रधान टिकरिया चन्द्रहास त्रिपाठी **चंदन** द्वारा सैकड़ों लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि अयोध्या मे रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर है। जिस स्थान पर हम लोगों द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है यह स्थान बेहद प्राचीन, पवित्र और रामायण काल से जुड़ा स्थान है। भगवान राम ने विराध राक्षस का वध इस इसी सरोवर मे अस्त्र-शस्त्र धुलकर स्नान किया था। उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान श्री त्रिपाठी के परिवार द्वारा 1992 मे बाबरी मस्जिद विध्वंस दंगा के दौरान ट्रेनों से अयोध्या जाने वाले कारसेवकों के खानेपीने की व्यवस्था लगातार दंगा शांत होने तक की गई थी। इसी तरह से अयोध्या मे रामलला प्राणप्रतिष्ठा की खुशी मे मार्कंडेय आश्रम, मारकुंडी मे ग्राम प्रधान अमचुर नेरूआ प्रिया मनोज द्विवेदी द्वारा भजन, कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इंटवां डुड़ैला और डोड़ामाफी मे ग्राम प्रधानों द्वारा बाइक से झंडा लेकर श्रीराम यात्रा निकालकर माहौल को भक्तिमय कर दिया।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान काफर पुरवा पुलिया ग्राम छिलोलर से एक शातिर अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रवि सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी छिलोलर थाना कमासिन हैं।

### दबंग ने युवक पर फरसे से किया हमला

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** खेत की सिचाई के लिए पानी न देने से नाराज दबंग ने युवक के ऊपर फरसा से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी बृजेश (40) पुत्र सहदेव मंगलवार की शाम घर के नजदीक लगे हैडपंप में पानी भरने गया था। तभी पड़ोसी दबंग युवक ने उसके ऊपर पीछे से सिर पर फरसा से हमलाकर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने उसकी हालत देख उसे कानपुर रेफर कर दिया। घायल के चचेरे भाई रिटायर्ड सूवेदार लाल सिंह ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति का ट्यबवेल है। किसानो को सिचाई के लिए पानी देने का काम वृजेश को सौप दिया है। वृजेश ने आरोपी को सिचाई के लिए पानी लेट दिया। इसी बात से नाराज होकर बृजेश के ऊपर हमला कर दिया।

### युवती समेत दो ने जहर खाया

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** कालिजर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी सुरेश (38) पुत्र महाप्रसाद ने सोमवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह शहर के मढियांनाका निवासी मधु (26) पत्नी राकेश ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालो को पता चला। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सदर विधायक ने बांटे कम्बल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा अपनी विधानसभा बांदा सदर के अन्तर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर मीडिएट कॉलेज गिरवां में गरीब, असहायों, जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किए। इस अवसर पर एसडीएम नरैनी विकास यादव, तहसीलदार नरैनी लखनलाल राजपूत, नायब तहसीलदार आशीष शुक्ला, प्रधानाचार्य गणेश द्विवेदी, पूर्व प्रवक्ता रामशरण पाण्डे, पूर्व जिलापंचायत सदस्य डॉ0 अनिल त्रिपाठी, मण्डल उपाध्यक्ष राका अवस्थी, राघव तिवारी सहित समस्त गणमान्यजन के साथ-साथ बुजुर्ग माताएं व वृद्धजन उपस्थित रहें।

### नामावलियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर जिला मजिस्ट्रेट उप जिला निर्वाचन अधिकारी वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में नियत कार्यक्रम के अनुसार नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। निर्वाचक नामावलियों की प्रतियों समरत सम्बन्धित मतदान केन्द्रों, मतदेय स्थल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय चित्रकूट में जन सामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

### मनाई गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** चित्रकूट इण्टर कॉलिज में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती (पराक्रम दिवस) के अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात राज कमल एवं एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ला द्वारा चित्रकूट इण्टर कॉलिज, श्रीजी इण्टर नेशनल स्कूल एवं अशोक पब्लिक स्कूल के छात्रों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी। शपथ में छात्रों को 2 पहिया चलाते समय हेलमेट तथा 4 पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने के लिए बताया गया, तेज रफ्तार से वाहन न चलाए, नशे में वाहन न चलाए, सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद के लिए सदैव तत्पर रहे आदि के सम्बन्ध में शपथ दिलाई गयी। इस दौरान पीटीओ संतोष कुमार तिवारी, यातायात प्रभारी शैलेन्द्र सिंह, चित्रकूट इण्टर कॉलिज प्रधानाचार्य रणवीर सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

## लूट के माल व शस्त्र के साथ 2 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी एवं थाना मारकुण्डी की संयुक्त टीम ने लूट की घटना का सफन अनावरण करते हुये 2 आरोपियों को लूट के माल के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीती 17-18 जनवरी की रात्रि में कस्बा मारकुण्डी में ममता गुप्ता पत्नी स्व रमाकान्त गुप्ता निवासी मारकुण्डी बाजार थाना मारकुण्डी जनपद के घर में स्थित जनरल स्टोर की दुकान में अज्ञात द्वारा वादिया के साथ मारपीट कर नगदी सहित दुकान का सामान लूट लिया गया था। घटना के सम्बन्ध में थाना मारकुण्डी में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल निरीक्षण करते हुये घटना के अनावरण के लिए थानाध्यक्ष मारकुण्डी व एसओजी प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुकदमें की विवेचना के क्रम में मंगलवार को थानाध्यक्ष मारकुण्डी एवं एसओजी टीम द्वारा कल्लू पठान उर्फ छपरी व मनीष मौर्य निवासीगण मुहल्ला नई बस्ती थाना मऊरानीपुर जनपद झांसी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 2 व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर भाग गये। आरोपी कल्लू पठान के कब्जे से 1 देशी तमंचा तथा आरोपी मनीष मौर्य के कब्जे से 1 चाकू, लोहा के साथ आरोपियों के कब्जे से लूट के 12500 रुपये व 1 जोडी पायल सफेद धातु, चड्डी 4 नग, अंगौछा 4 नग, बिन्दी 5 डिब्बी, साबुन नहाने वाला 5 नग, पाउडर 1 डिब्बा व 2 मोबाइल बरामद हुये। पूंछतांछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों अपने अन्य दो साथियों के साथ बीती 17-18 फरवरी की रात्रि में कस्बा मारकुण्डी बाजार में एक महिला के घर में स्थित दुकान में मध्य रात्रि में लूटपाट की थी तथा लूट में मिले माल को दोनों ने यहीं छिपा दिया था।

घटना का प्रकृति व लूट के माल की बरामदगी के आधार पर मुकदमे बढोत्तरी कर आरोपी कल्लू पठान से बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट तथा आरोपी मनीष मौर्य से बरामद अवैध चाकू लोहा के सम्बन्ध में आर्म्स एक्ट भी पंजीकृत किये गये।

गिरफ्तारी के दौरान एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक एमपी. त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र, नितेश समाधिया, आरक्षी राघवेन्द्र सिंह, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा, रोहित सिंह, आशीष यादव, पवन राजपूत, थाना मारकुण्डी अध्यक्ष मनीष कुमार, आरक्षी सतीश कुमार, शिवलाल आदि मौजूद रहे।

## संस्कृत विकास ट्रस्ट ने शुरू कराई कामदगिरि की आरती

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कर्मस्थली पर अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में चित्रकूट में धूमधाम से उत्सव मनाए गए। इसके बाद जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने संस्कृत विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन विराट महाराज अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक के तत्वाधान में भगवान कामतानाथ पर्वत की आरती प्रारंभ हो गई है। इसी पर्वत पर वनवास काल में भगवान श्रीराम, जानकी, भाई लक्ष्मण के साथ 11 साल 11 महीना 11 दिन बिताए थे। विपिन विराट महाराज ने बताया कि यह हमारे गौरव का क्षण है। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा करके स्थापना की गई है, उनकी तपोस्थली पर जिस पर्वत पर उन्होंने वनवास काल का समय बिताए थे, उस पर्वत की आरती प्रारंभ की गई है। इस आरती के लिए पांच पंडित नियुक्त किए गए हैं। तीन सेवादार टोटल 10 लोगों की टोली संस्कृत विकास टेस्ट के अध्यक्ष विपिन विराट के तत्वाधान में हो रही है।

## कल पीएम मोदी वर्चुअल माध्यम से नवमतदाताओं को करेंगे सम्बोधित



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता युवा मोर्चा 25 जनवरी को नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन करेगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से नवमतदाताओं को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा हीरो ने बताया कि कर्वी नगर के अलावा पहाड़ी, रामनगर, मानिकपुर और मऊ में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अयोध्या में श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी पहली बार लोगों को सम्बोधित करने जा रहे हैं। इसके चलते इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। साथ ही सनातन और राष्ट्र की मजबूती के लिए ठोस कदम उठा रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मन्दिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद देश के विपक्षी दल बौखला गए हैं। द्वेष भावना की राजनीति के चलते श्रीराम के विरोध पर उतारू इन विपक्षी दलों को जनता आने वाले समय में करारा जवाब देगी। आगामी 2024 के चुनाव में एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी और विपक्षी दलों का सूपडा साफ हो जाएगा।

## 25 को आयोजित होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस



जन एक्सप्रेस । बांदा

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वोट डालने के लिए लोगों को जागरुक किए जाने हेतु बैठक का आयोजन कैंप कार्यालय में किया गया, जिसमे उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद मुख्यालय तथा तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता के शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम की थीम पर जनपद एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान करते हुए तथा युवा एवं नए मतदाताओं को पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जनपद स्तर पर 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजा देवी डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन तहसील, कॉलेज, महाविद्यालय में भी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## शीतलहर सर्दी से किसान खेत में अकड़ा, मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शीतलहर का कहर लगातार जारी है। सर्दी जानलेवा हो चुकी है। आए दिन कोई न कोई इसकी चपेट में आकर मौत के आगोस में समा जाता है। खेत की सिचाई करने गया किसान सर्दी की चपेट में आकर अकड़ गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोहरे की धुंध और शीतलहर से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वफीली हवाओ ने गलन बढा दी है। जसपुरा थाना क्षेत्र के झझरी पुरवा निवासी रामेश्वर (70) पुत्र दुल्ला निषाद अपने खेत में गेहूं की फसल बोए था। वह सोमवार की रात अपने खेत की सिचाई करने गया था। खेत सीचने के बाद वह झोपड़ी में लेट गया।

## विचार गोष्ठी में केन्द्रीय हिन्दू विवि की उठाई गई मांग

जन एक्सप्रेस । बांदा



राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो0 डॉ हरीराम मिश्रा थे। विचार गोष्ठी में इस विषय पर चिंता व्यक्ति की गई कि कला, संस्कृति और विरासत से परिपूर्ण यह क्षेत्र शैक्षणिक क्षेत्र में इतना पिछड़ कैसा गया। वेद व्यास, बाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास की धरती पर छात्र छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित क्यो है। बुंदेलखंड क्षेत्र प्रदेश का 12.5 प्रतिशत भूभाग और 5.5 प्रतिशत आबादी को धारित करता है और तिलहन दलहन उत्पादन में प्रदेश में अव्वल है, फिर भी क्षेत्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में उपेक्षित है। इसी कारण यह क्षेत्र विकास की धारा में पीछे छूट गया है। इसलिए गोष्ठी में प्रो0 हरीराम मिश्र ने यहाँ पर एक केंद्रीय हिन्दू विश्वविद्यालय की मांग की ताकि यहाँ विरासत के साथ सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

बाँदा के विभिन्न महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राएं और यहाँ के समाज सेवियों ने इस मांग को मुहिम छेड़कर पूरा करने का शपथ लिया। आयुक्त ने इस मांग को इस क्षेत्र के विकास के लिए मिल का पत्थर बताते हुए इसे पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। गोष्ठी का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ0 अशोक सिंह परिहार और महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 दिपाली गुप्ता के द्वारा किया गया। गोष्ठी का संचालन डॉ सबीहा रहमानी और धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 जयंती ने किया। गोष्ठी में राजकीय महाविद्यालय, पंडित जवाहरलाल नेहरू कालेज, कृषि विश्वविद्याल के तमाम शिक्षक, शहर के प्रमुख समाजसेवी और पत्रकार मौजूद रहे।

# यातायात नियमो का पालन करके आस-पड़ोस करें जागरूक : डीएम

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127वी जयंती के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम शांतिनगर में सड़क सुरक्षा के जागरूकता का शुभारंभ जिलाधिकारी सी.इंदुमती ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति आम जन मानस में जागरूकता लाने के लिए स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट द्वारा मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

मानव श्रंखला का निर्माण एवं सड़क सुरक्षा शपथ जिलाधिकारी ने दिलाई। उन्होंने मानव श्रृंखला की पंक्ति में खड़े हुए छात्र, छात्राओं से सड़क सुरक्षा के बारे में जाकर संवाद कर सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन की जानकारी को साझा किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन अनमोल है, इसकी सुरक्षा करना है, वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। उन्होंने छात्र, छात्राओं से कहा यातायात नियमों का पालन स्वयं करते हुए आस-पास के नागरिकों एवं अपने अभिभावकों को भी जागरूक करे। घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करे और गोल्डेन वर्ष में एम्बुलेंस को फोन कर चिकित्सीय सुविधाएं दिलाई जाय। ताकि घायल व्यक्ति की जान बच सके। वही पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सामर्थ्य-काबिलियत किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती है। नेता सुभाष चन्द्र बोस जी ने कहा था कि किसी भी परिस्थिति में परिश्रम व लगन के साथ कार्य करके अपने जीवन को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नेता सुभाष चन्द्र बोस के आदर्शों एवं जीवन के परिचय को अवश्य पढ़े।

उनके आदर्शों पर विचार कर आगे बढ़ने का प्रयास करे, क्योंकि बिना आदर्शों के जीवन बेकार है। किसी भी कार्य को भावना और संवेदना से जोड़कर करे। मानव जीवन बहुमूल्य है इसे व्यर्थ न जाने दे और सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों का पालन अवश्य करे। वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाये। इस मौके पर उपस्थित छात्र, छात्राओं को सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा की शपथ दिलाई गई।

## छात्रों की संख्या विभाग की वेबसाईट में अपलोड न होने पर मान्यता होगी रद्द

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** अध्यापकों व छात्रों के विवरण अपलोड न होने पर डेढ़ दर्जन विद्यालयों के खिलाफ नोटिस जारी किया गया। प्रदेश के समस्त परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों के अध्यापकों, छात्रों की अधिकृत जानकारी शिक्षा विभाग की बेवसाइड पर अपलोड होना चाहिए। भिटौरा ब्लाक में परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त मिलाकर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यालयों की संख्या 282 है। वर्ष 2023-24 के यू-डायस के तहत् भिटौरा ब्लाक में तीन दर्जन विद्यालयों ने अपने विद्यालयों, अध्यापकों तथा छात्रों का डाटा सम्बन्धित बेवसाइड में अपलोड नही किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ.विनोद कुमार ने बताया कि ब्लाक के करीब तीन दर्जन विद्यालयों का डाटा अभी नही भरा गया।

# विदेश में रह रहे पति ने 3 लाख के भाड़े के हत्यारों से कराई पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तापुर में निर्माणाधीन मकान के टैंक में मिली एक महिला की हत्यायुक्त लाश का पर्दाफाश पुलिस ने करते हुए हत्याकांड में लिप्त चार लोगों को जहां गिरफ्तार कर लिया। वहीं हत्या के कारणों से भी पर्दा उठाया है। मृतका का पति सऊदी में रहता है और पत्नी के प्रेम-प्रसंग के शक में तीन लाख रूपये देकर भाड़े के हत्यारों से पत्नी को मौत के घाट उतरवा दिया। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवरसा निवासी चुन्नीलाल ने अपनी पुत्री सोनी देवी की शादी दो वर्ष पूर्व ग्राम बीबीपुर निवासी छोटू लोधी के साथ किया था। सोनी देवी ससुराल से पंद्रह दिन पूर्व मायके आई थी।

शराब पीकर घर आकर पुत्री सोनी को मेला दिखाने के बहाने साथ ले गये। पुत्री के वापस न आने पर पूछने पर अनभिज्ञता प्रकट की और सोनी देवी का शव ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तापुर में निर्माणाधीन मकान के सीवर टैंक में मिली थी। शव की बरामदगी होने पर खुलासे के लिए ललौली थाना पुलिस, सर्विलास व एसओजी की टीमें लगाई गई थीं। पुलिस टीम ने संकलित साक्ष्य के आधार पर चार अभियुक्तों रोहित लोधी पुत्र इंद्रजीत निवासी दलीपुर मजरे रारा थाना राधानगर, रामचंद्र उर्फ पुत्तू पुत्र हरिश्चंद्र लोधी निवासी बीबीपुर थाना राधानगर, शिवम उर्फ पंचम पुत्र श्यामू बाबू लोधी निवासी सैदाबाग थाना राधानगर, सोनू लोधी पुत्र राकेश कुमार निवासी सैदाबाग थाना राधानगर को नहर पुलिया खुरमानगर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर, सीडी डिलक्स व मृतका सोनी देवी का सैमसंग एंड्रायड मोबाइल व की पैड मोबाइल बरामद कर लिया। एसपी ने बताया कि नामित अभियुक्त ननकू लोधी उर्फ सूरज पुत्र रामू लोधी मृतका सोनी देवी का रिश्ते में पारिवारिक देवर है। सोनी का पति छोटू लोधी सऊदी में मेहनत मजदूरी करता है। पारिवारिक रिश्ते में जेठ पुत्तन लोधी से प्रेम प्रसंग व बातचीत की परिवार एवं गांव में आम चर्चा थी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, आसमान साफ रहने के कारण बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय शीत लहर/धुन्ध/घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 11.0 (-9.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 7.0 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 92 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 85 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कंघी मोहाल की तीन मंजिला इमारत में धमाका, चार घायल



क्षतिग्रस्त हुई इमारत



घायल को निकालते हुए नागरिक



घायल को निकालते हुए नागरिक

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना बजरिया क्षेत्र स्थित कंघी मोहाल में बीते दिन मंगलवार को दोपहर लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच स्वर्गीय टीपू के मकान की तीसरी मंजिल पर तेज धमाका हुआ और इस धमाके ने मकान की दीवारों और छत को तहस-नहस कर डाला, धमाके की गूंज इतनी तेज थी कि लगभग पांच सौ मीटर के दायरे अंदर में हड़कंप मच गया, इस धमाके से चार लोग घायल हुए हैं जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है, सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सबसे पहले घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है और जांच में जुट गई है।



धमाके से गिरा तीसरी मंजिल का मलवा

मिली जानकारी के अनुसार थाना बजरिया क्षेत्र स्थित कंघी मोहाल के मकान नंबर 100/414 में चप्पल कारीगर इरशाद का परिवार बतौर किराएदार निवास कर रहा है, मकान मालिक टीपू का स्वर्गवास सप्ताह पहले हो गया था, मंगलवार को दोपहर लगभग डेढ़ से दो बजे के बीच स्वर्गीय टीपू के भतीजे आमिर के तीसरी मंजिल स्थित कमरे में अचानक से तेज धमाका हुआ धमाका इतना तेज था कि आसपास की दीवारें खिड़कियां तहस-नहस हो गई छत भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें आमिर घायल हो गया, धमाके से छत के क्षतिग्रस्त होने के कारण नीचे कमरे में निवास करने वाले चप्पल कारीगर इरशाद समेत उसकी पत्नी गजाला बेटी तूबा भी घायल हो गई, धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए किसी के द्वारा पुलिस को सूचना देने पर सूचना पाकर मौके पर बजरिया कर्नलगंज और चमनगंज की फोर्स के साथ-साथ एसीपी अनवरगंज इंद्रपाल सिंह भी पहुंचे और राहत बचाव कार्य में जुट गए, पुलिस टीम ने सबसे पहले घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और साथ ही फॉरेंसिक टीम को सूचना कर दी, मौके पर क्षेत्रीय पार्षद अमीम के साथ-साथ स्थानीय नागरिक भी राहत बचाव कार्य में जुट गए, आमिर इरशाद और गजाला की हालत गंभीर बताई जा रही है वहीं इरशाद की बेटी तूबा की स्थिति सामान्य है चारों का इलाज चल रहा है।

### कुछ दिनों पहले ही हिस्ट्रीशीटर से हुआ था धमाके में क्षतिग्रस्त हुई बिल्डिंग का बिल्डर एग्रीमेंट

घटनास्थल पर कवरेज करने गई जन एक्सप्रेस की टीम के सदस्यों को दबी जुबान में कई लोगों के द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया गया है कि टीपू की जिस इमारत में धमाका हुआ है उस इमारत को बिल्डर एग्रीमेंट के जरिए सपा विधायक इरफान सोलंकी के कार खास हिस्ट्रीशीटर के द्वारा लिया गया है, और उसी बिल्डर एग्रीमेंट हो जाने के बाद धमाके की घटना सामने आई है।

### अब पुलिस अधिकारियों के हाथों में है जांच

फिलहाल पुलिस की टीम जांच कर रही है हादसा सिलेंडर के फटने से हुआ था या जिस इमारत में धमाका हुआ है उसमें कुछ ऐसी सामग्री थी जो संदिग्ध थी वह विस्फोटक सामग्री क्या थी क्या नहीं थी अब सब कुछ पुलिस टीम को जांच करके सामने लाना है, सर का सारा मामला अब पुलिस टीम और उसके जिम्मेदार अधिकारियों के हाथों में है कि वह किस प्रकार से इस पूरी घटना से पर्दा उठाते हैं जिसका इंतजार सभी को है।

### सिलेंडर फटने से हुआ हादसा

मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे एसीपी अनवरगंज इंद्रपाल सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम दृष्टया धमाका सिलेंडर के फटने से बताया जा रहा है फॉरेंसिक टीम को सूचना दी गई है जल्द ही फॉरेंसिक टीम आकर जांच करेगी उसके बाद ही पूर्ण रूप से कुछ बताया जा सकेगा।

### फॉरेंसिक की टीम को सिलेंडर फटने के नहीं मिले साक्ष्य

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल पर फॉरेंसिक की टीम पहुंची हुई थी, जॉच के दौरान फॉरेंसिक की टीम को घटनास्थल से कहीं भी सिलेंडर फटने के साक्ष्य नहीं मिले हैं।

### नहीं फटा सिलेंडर तो किससे हुआ था धमाका

सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार टीपू के मकान में धमाके का कारण कुछ और है लेकिन कोई भी सामने आकर मुसीबत मोल नहीं लेना चाहता इसलिए लोगों ने अपनी जुबान बंद कर रखी है कारण यह है कि मामला एक हिस्ट्रीशीटर से जुड़ा हुआ है जो इरफान सोलंकी का करीबी बताया जा रहा है।

## अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रोजगार मेले का आयोजन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विकासखंड सरसौल कानपुर नगर में रोजगार मेले का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण, विशिष्ट अतिथि भाजपा कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, जिला महामंत्री राम बहादुर यादव, संजय विश्वकर्मा, टी.बी.सिंह, नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार उपस्थित रहे। आईटीआई कल्याणपुर के प्रधानाचार्य कपिल मिश्रा ने बताया कि मेले में 11 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागी 343 अभ्यर्थियों में से 118 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम में रोजगार प्राप्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर बी.एस.श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, आलोक कुमार, विजय गोपाल त्रिपाठी, विवेक शुक्ला, प्रमोद पांडे, विभव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## इंस्टाग्राम आईडी पर राम और सीता को अपमानित करने वाले पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

जहां एक तरफ सोमवार भगवान प्रभु श्री राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे भारत देश के लोगों मे धूम मची रही और जगह जगह सीताराम की फोटो एवं मूर्ति लगाकर लोगों ने श्रीराम की झाकियां निकाल रोड शो किया भंडारों का आयोजन हुआ, वहीं दूसरी तरफ थाना जूही क्षेत्र के परमपुरवा मे रहना वाले एक युवक ने भगवान श्रीराम के बने मंदिर मे बैठे हुए श्रीराम और सीता जी की तस्वीर अपने इंस्टाग्राम आईडी मे लगाकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए अश्लील गाना लगाकर वीडियो वायरल कर दिया, जिसकी सूचना थाना जूही के सीयूजी नंबर पर एक अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई कि एक इंस्टाग्राम धारक अदनान उर्फ अहद है जो कि श्रीराम और सीता जी का फोटो लगाकर गाना बजा रहा है और गंदी गंदी गालियां लिख रखी है, जिसका इंस्टाग्राम आईडी और वीडियो को पुलिस ने संज्ञान मे लेकर त्वरित कार्यवाही कर गंभीर धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का अश्वासन दिया है।

## छात्र-छात्राओं ने काशीयात्रा 2024 में जीते पदक



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 18 से 20 जनवरी तक आई. आई.टी. बी.एच.यू. द्वारा आयोजित काशीयात्रा 2024 में पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में देश-विदेश के सभी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के लगभग दस हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें विश्वविद्यालय के अमन सिंह यादव ने क्रिएटिव राईटिंग मे प्रथम तथा मधुरिमा मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंशराज सिंह ने ओवर ऑल सर्वश्रेष्ट वक्ता का खिताब जीता। उन्हें बी.एच.यू.की ओर से मई में आयोजित होने वाली यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में भाग लेने का आमंत्रण भी मिला है। वही विश्वविद्यालय के तरंग बैण्ड ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने शुभकामनाएं दी।

## मानव श्रंखला के जरिए यातायात नियमों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय कानपुर में मंगलवार को मानव श्रंखला एवं सड़क सुरक्षा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. संजय काला, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आर. के. सिंह और डॉ. एस. के. बर्मन के संरक्षण में आयोजित हुआ।

छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित की गई इस रैली के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों के विषय में जानकारी देने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. संजय काला, डॉ. रिचा गिरी, डॉ. सुरैया खानम, डॉ. एन. सी. त्रिपाठी, डॉ. एस. के. सिंह, डॉ. रीता गुप्ता, डॉ. विनय कुमार, डॉ. आर. एस. सिंह, डॉ. एस.के. गौतम, डॉ.चयनिका काला सहित अन्य संकाय सदस्य, शिक्षक मौजूद रहे।

### ग्यारह हजार दीपकों से लिखा जय श्री राम

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। रतनपुर जन्माष्टमी पार्क में राम भक्तों ने ग्यारह हजार दीपों से जय श्री राम लिखकर हम राम को लाए हैं के गीत पर जमकर झूमें। राम भक्त विशाल चौहान के साथ पार्क में बड़ी संख्या में पहुंचे राम भक्तों ने जलते हुए दीपकों से जय श्री राम लिखा जो आते जाते लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। विशाल सिंह चौहान, अशोक सिंह दद्दा, जनक सिंह चौहान ने प्रदेश व केंद्र सरकार से 22 जनवरी ऐतिहासिक दिन को राष्ट्रीय दिवस घोषित करने के साथ अवकाश करने की मांग की। कार्यक्रम में जय श्रीवास्तव अभिषेक सिंह चौहान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



## सुभाष जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बीएससी कम्युनिटी साइंस की प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं के द्वारा मंगलवार को सुभाष चंद्र जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.अर्चना सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम इकाई एक डॉ.रश्मि सिंह ने सुभाष चंद्र बोस के आजादी के प्रति अटूट समर्पण के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अधिष्ठाता गृह विज्ञान संकाय डॉ.मुक्ता गर्ग, ई.सी.एम. इनचार्ज डॉ.विनीता सिंह, डॉ.रीमा, डॉ. जया वर्मा सहित गृह विज्ञान संकाय के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुदर्शन हाउसिंग सोसायटी में की गई श्री राम की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कल्याणपुर स्थित सुदर्शन हाउसिंग सोसायटी के निवासियों द्वारा कॉलोनी के पार्क में भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण कर सुंदर कांड का पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर डॉ. एम .पी सिंह, डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, लक्ष्मी शुक्ला, लक्ष्य विजय शुक्ला, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, लक्ष्मी सिंह, नीलिमा चौहान, किरण वर्मा,संजय वर्मा, अथर्व दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## राम के नाम पर पुलिस के सामने स्टंट, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

आपने अब तक अलग-अलग सैकड़ो रील्स देखी होगी लेकिन कानपुर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर गंगा बैराज पर बनाई गई राम थीम्स पर एक स्टंट बाजी का अलग तरह का वीडियो वायरल हुआ है स्टंट बाजो ने राम के नाम पर इस रील्स को तैयार किया है। गंगा बैराज पर दो कारों पर फिल्मी स्टाइल में भगवा धोती और हाथ में भगवा झंडा लेकर युवा खड़ा है पीछे बैकग्राउंड में म्यूजिक बज रहा है जय श्री राम जय श्री राम सबसे बड़ी बात यह है कि पूरा तमाशा पुलिस के सामने हो रहा है लेकिन राम के नाम पर कोई रोकने रोकने वाला नहीं है। कानपुर में रहने वाले एक अक्षय सेगर नाम के युवक ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अपनी रील्स बनाई है। जो कि अब सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल है बास लिखी यानी यूपी 78 जीएम 8055 और यूपी 78एफके 8055 नंबर की काली और सफेद स्कॉर्पियो पर गाड़ी नंबर की जगह अंग्रेजी में बस लिखा हुआ है अक्षय सेगर के युवक में इसे अपने इंस्टाग्राम और युटुब अकाउंट से वायरल किया है खास बात यह है कि युवक पुलिस के सामने रील्स बना रहा है। पुलिस की मौजूदगी में वह इस तरह के स्टंट बाजी कर रहा है इतना ही नहीं गाड़ी में दोनों तरफ गेट पर काली ड्रेस में उसके सिक्योरिटी गार्ड भी मौजूद है फिलहाल मामले में जानकारी लेने पर कानपुर के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी और डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने इस तरह के वीडियो की जानकारी से इनकार किया है उनका कहना है अगर इस तरह से रील्स बनाई है तो कार्रवाई जरूर होगी।



## हर विधानसभा से बीजेपी कार्यकर्ता भेजे जाएंगे राम लला के दर्शन को अयोध्या

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को भी अयोध्या ले जाकर भव्य राम मंदिर के दर्शन कराएगी।

कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक के दौरान बताया कि क्षेत्र की सभी 17 जिला इकाइयों के 19326 बूथों से 72000 कार्यकर्ताओं को अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए भेजेगी। इसके लिये 27 जनवरी से रवानगी शुरू होगी। सभी कार्यकर्ता तिथि के अनुसार सूचिबद्ध होकर दर्शन को रवाना होंगे जिले कि सीमाओं पर कार्यकर्ताओं का स्वागत किया जाएगा। 27 जनवरी को कन्नौज, 29 जनवरी फतेहपुर, 6 फरवरी को कानपुर महानगर, 10 फरवरी को कानपुर ग्रामीण, 13 फरवरी को कानपुर देहात, 28 फरवरी को इटावा, 29 फरवरी को ललितपुर, 1 मार्च को फर्रुखाबाद, 2 मार्च को बांदा-चित्रकूट, 3 मार्च औरैया, 4 को हमीरपुर, महोबा, झांसी जिला के कार्यकर्ता अयोध्या जाएंगे। बताया कि, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से 300 कार्यकर्ता अयोध्या में व्यवस्थाओं के लिए भी भेजे जाएंगे।




## छोटे-छोटे बच्चों ने राम सीता का रूप धारण कर मोह लिया मन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



आपकी संस्था मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर द्वारा नाथूमल साधवानी सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कारशाला के बच्चों के द्वारा रामलला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी छोटे-छोटे बच्चे राम लक्ष्मण सीता बनकर आए और नाटिका नृत्य प्रस्तुत किया ,कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसमें मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे, 500 लोगों का भोग प्रसाद की व्यवस्था क गई मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि आज हमारे लिए बहुत ही गौरव और खुशी की बात है कि हमारे प्रभु श्री राम की अवध में भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा हुई है

महामंत्री प्रदीप केडिया ने बताया कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इस महोत्सव को भारत में ही नहीं पूरे विश्व ने मनाया है वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालकृष्ण देवड़ा कोषाध्यक्ष महेंद्र लडिया ने बताया इतनी खुशी है कि शब्द नहीं मिल रहे हैं बल्कि सभी की आंखों में खुशी के आंसू हैं उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार ने बताया 500 साल के बाद हमारे प्रभु अवध में विराजमान हुए हैं इससे ज्यादा गौरव की और क्या बात होगी महिला अध्यक्ष आशा केडिया ने बताया सभी के घर में दिवाली का माहौल बना हुआ है मोनिका तुलस्यान और साधना देवड़ा ने बताया सभी मंदिर सजाए गए हैं मीडिया प्रभारी विनीता अग्रवाल ने बताया ऐसी भव्यता तो देख कर ही खुशी प्राप्त हो रही है संरक्षक रामकृष्ण जिंदल कैलाश चंद अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम में स्कूल की सभी शिक्षिकाओं के साथ प्रिंसिपल मारवाड़ी सम्मेलन के वरिष्ठ मनोज अग्रवाल, रोहित तुलस्यान, गिरधर माहेश्वरी, एकता माहेश्वरी, प्रियंका महेश्वरी, सीमा, अनुभव, अंजू अग्रवाल,प्रियंका, राजेश महेश्वरी हेल्पिंग हैंड के सभी पदाधिकारी सुरभि द्विवेदी, आकांक्षा, जया, इला, दीप्ति भी उपस्थित रहे।

## मानव श्रंखला बनाकर असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के पदाधिकारियों ने असम में राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा में असम के आर.एस.एस. और बीजेपी नेताओं द्वारा बैनर पोस्टर फाड़ने के विरोध में मानव श्रृंखला बनाकर असम के मुख्य मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया। मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध दर्ज करा रहे शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी का कहना था की जिस तरह से असम के मुख्य मंत्री ने आरएसएस और बीजेपी के गुंडे भेजकर राहुल गांधी दौरा शुरू किए गए भारत जोड़ो यात्रा के बैनर पोस्टर फाड़कर उन पर हमला किया है। जिसका विरोध कानपुर शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के लोगो ने कार्यालय के बाहर मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध प्रकट किया है। और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा है।



## डीसीएम ट्रक पलटा तीन घायल

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर के थाना चकेरी इलाके में स्थित कोयला नगर चौकी के ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है उन्हें उपचार के लिए पास के काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो की नौबस्ता की ओर से डीसीएम आ रही थी तभी अचानक सामने ऑटो आ जाने से डीसीएम ट्रक पलट गया जिसमे तीन लोग घायल हो गए।

**सूचना**

मैं मोहम्मद अदनान पुत्र मुशर्रत याकूब मेरे आधार कार्ड में पहले Mohd Adnan अंकित था, जिसे मैने अब बदलकर Mohammad Adnan करवा लिया है और वर्तमान समय में मेरे आधार कार्ड में Mohammad Adnan अंकित है। जो कि सत्य व सही है।

सूचना कर्ता
मोहम्मद अदनान पुत्र मुशर्रत याकूब
निवासी म0नं0 577 सी ब्लाक,
डिफेन्स कालोनी, नूरी रोड,
जाजमऊ, शिवांस टेनरी, कानपुर नगर।

### स्वामी रामभद्राचार्य के विवादित बयान से भड़के दलित नेता

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। भारतीय दलित पैंथर के तत्वाधान में धनीराम पैंथर बौद्ध ने महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्य न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंप कर अपनी मांगों से अवगत कराया है, धनीराम पैंथर ने स्वामी रामभद्राचार्य के विवादित बयान की घोर निंदा करते हुए बताया कि उनका बयान दलित और पिछड़े समाज को भारत वर्ष के मूल सामाजिक ढाँचे से उनको अलग करता है, उनकी मानसिकता बताती है कि वो आज भी समाज मे जात-पात का भेदभाव कर सामाजिक ढांचे को दूषित करने का काम कर रहे है। साथ ही में बीते 2 माह पूर्व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में हुए रेप कांड में शामिल आरोपियों के घर अब तक योगी सरकार का बुलडोजर एक्शन न होने पर भी रोष प्रकट किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर डॉ ऋतु सिंह को दलितों के हित की बात करने पर उनके खिलाफ की गई यूनिवर्सिटी प्रशासन की कार्यवाही की भी कड़ी निंदा की है।



# यातायात नियमों का पालन करने हेतु दिलाई गई सड़क सुरक्षा शपथ

**वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें: एआरटीओ**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



सड़क सुरक्षा हेतु जनसामान्य में जागरूकता अभियान के तहत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।कार्यक्रम का शुभारम्भ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सर्वेश सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर कक्षा-8 से 12 एवं उच्च शिक्षा के विद्यालयों के 817 छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु उन्होंने सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई। इसके अतिरिक्त तहसील मुख्यालयों पर उप जिलाधिकारी एवं ब्लाक मुख्यालयों पर खण्ड विकास अधिकारियों के अगुवाई में कक्षा आठ से बारह तक के समस्त विद्यालयों के छात्रों एवं उच्च शिक्षा के समस्त विद्यार्थियों को एक साथ सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला बनायी गई।और सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई।जिसमें कुल विद्यालयों के 42235 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम ''सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला'' का आयोजन किया गया है। जिसमें यह प्रयास किया गया है कि अधिक से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनायी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत परिवहन विभाग के साथ पुलिस ,लोक निर्माण, समस्त निर्माण एजेंसी, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन विद्यालयों, नगरीय निकायों एवं ब्लाक स्तर पर सड़क सुरक्षा के प्रति कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने यातायात नियमों का पालन किये जाने तथा इसके प्रति सभी को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें, मोटर साइकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट एवं चार पाहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट जरूर लगायें।नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलायें। तेज गति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिलकुल न करें।इस दौरान यातायात निरीक्षक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें।सभी को यातायात नियमों का सदैव पालन करना चाहिए। जिससे कि स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग,सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन एवं प्रवर्तन, बेसिक शिक्षा अधिकारी,यातायात निरीक्षक एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के प्राचार्य तथा प्रधानाचार्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय भेल में राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता संपन्न

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



बोर्ड एग्जाम को लेकर अक्सर बच्चों के भीतर डर और तनाव दोनों होता है।ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल ÷परीक्षा पे चर्चा÷ कार्यक्रम करते हैं।इस बार उत्तीस जनवरी को 'परीक्षा पे चर्चा'कार्यक्रम का सातवां संस्करण नयी दिल्ली स्थित भारतमंडपम में होने वाला है। जिसमें इस वर्ष लगभग दो करोड़ 26 लाख से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है।इस अवसर पर देश भर में अनेकानेक गतिविधियों के आयोजन का लक्ष्य रखा गया है।इसी कड़ी में देश भर के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों समेत केन्द्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर अमेठी में भी मंगलवार को राष्ट्रीय पराक्रम दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों केन्द्रीय विद्यालय कौहार,नवोदय विद्यालय अमेठी,जयपुरिया स्कूल और अन्य विद्यालयों के लगभग 100 छात्रों ने प्रतिभाग किया7 सभी प्रतिभागी छात्रों को पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए,केन्द्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर द्वारा पेंटिंग किटऔर ड्राइंग सीट उपलब्ध कराई गई।तथा स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया।सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक एक्जाम वारियर प्रदान किया गया। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ पाँच चित्रकारो को विशेष पुरस्कार दिया गया।इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर,अमेठी के प्राचार्य अम्बरीश गुप्ता ने ÷परीक्षा पे चर्चा÷ कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को उद्बोधित किया। और बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में परीक्षा के भय को दूर करना और पठन-पाठन में रूचि उत्पन्न करना है।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा दिए गये गुरुमंत्रो जैसे वारियर बनें वरियर नहीं,प्रतिस्पर्धा नहीं अनुस्पर्धा करें, जो खेले वही खिले,अक्ल को हाँ नकल को नां इत्यादि से प्रतिवर्ष देश भर के विद्यार्थी लाभान्वित होते रहे हैं।चित्रकला प्रतियोगिता को संपन्न कराने में केन्द्रीय विद्यालय भेल जगदीशपुर के कला शिक्षक देवेन्द्र कुमार अन्य विद्यालयों के कला शिक्षक समेत अन्य शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाई।

# तीन दिवसीय जोन स्तरीय किसान मेले का राज्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेला का मंगलवार को रणन्जय इण्टर कालेज गौरीगंज के मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप्र सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, पुलिस अधीक्षक इलामारन जी, ब्लॉक प्रमुख के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों वन, उद्यान, मत्स्य, पशुपालन, इफको, कृषि, समाज कल्याण विभाग के साथ-साथ अन्य निजी क्षेत्र के कृषि यन्त्र एवं निवेश के स्टॉलों का अवलोकन के पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।इस दौरान किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के बारे में बताया गया।किसान मेले में एग्रो क्लाइमेटिक जोन के तहत आने वाले अन्य जनपदों प्रतापगढ़ एवं अम्बेडकर नगर के किसानों के साथ-साथ जनपद के लगभग 1500 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान मेले में जिलाधिकारी द्वारा किसानों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से उन्नतशील खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया।कृषि विज्ञान केन्द्र कठौरा के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के हेतु उत्साहित करने के साथ-साथ श्रीअन्न यानी मोटे अनाज से होने वाले लाभ एवं उसके उत्पादन एवम उत्पादकता पर विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डॉ एलबी यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, जिला कृषि अधिकारी रविकांत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# लगातार कट रहे फलदार वृक्ष, कहीं पुलिस तो कहीं वन विभाग की भूमिका संदिग्ध

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



पूरे देश में जब प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी हो रही थी तो मौके पर वन माफिया चौका और छक्का लगाने में व्यस्त थे। बीते शनिवार को रात के अधेंरे में कुड़वार थाने की बाउंड्री से सटा महुआ का भारी भरकम वृक्ष काटा गया। सूत्र बताते है कि पॉच पेड़ काटने का ठेका हुआ था लेकिन पहला ही पेड़ कटने की सूचना मिलने पर वन विभाग का उड़नदस्ता टीम मौके पर पहुंच गई।

टीम के आने की सूचना पर लकडकट्टे कटर मशीन छोड़कर भाग निकले, उड़नदस्ता टीम ने मौके से कटा पेड़ और तीन कटर मशीन कब्जे में ले लिया। चौकाने वाला मामला तो यह रहा कि कुड़वार पुलिस क्या कर रही थी, कही ऐसा तो नही संज्ञान के बाद भी कुड़वार पुलिस अंजान रही। वही दूसरी तरफ लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर में ऑल सेंट इग्लिश मीडियम स्कूल के बगल बडी निड़रता के साथ हरा पेड़ काटा गया। सूत्रों की माने तो वन विभाग की इसमें संलिप्ता रही है। हालाकि उड़नदस्ता/प्रवर्तन दल टीम ने नरहरपुर में अवैध ढंग से काटे गए वृक्ष पर ठेकेदार के उपर 7हजार रु. का जुर्माना किया गया है।

# दुपट्टे के फंदे पर झूली विवाहिता दहेज हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मायके वाले सुसराल वालों पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। वही सूत्रों की माने तो पहली शादी के बाद एक बच्चे को मृतका प्रेमी के साथ भाग गई थी। ये उसकी दूसरी शादी है और पति सऊदी अरब में रह रहा है।

घटना कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के पांचोपीरन क्षेत्र की है। कस्बा निवासी शाहिदा (25) की शादी दो वर्ष पूर्व कस्बा निवासी शमी अहमद के साथ हुई थी। शमी फिलवक्त सऊदी अरब में रहकर नौकरी कर रहा है। परिवार में सब कुछ सही चल रहा था। लेकिन बीती रात उस समय घर में रोना पीटना मच गया जब शाहिदा ने कमरा बंदकर दुपट्टे से फांसी का फंद्ा लगाया और वो उस पर झूल गई। घंटों जब उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो सुसराल वालों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर जब सुसराली जन अंदर घुसे तो वहां का दृश्य देखकर सभी हतप्रभ रह गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। लोकल का मामला होने के चलते मायके वाले भी वहां पहुंचे और सुसरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाने लगे। हालांकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए जांच शुरू कर दिया है। मृतका के भाई शबीन अहमद ने सुसराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। वही स्थानीय लोगों की माने तो मृतका शाहिदा का इससे पहले भी विवाह हुआ था।

## अनियंत्रित होकर पलटी अपाची बाइक, युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** दोस्तपुर में अपाची बाइक से जा रहा एक युवक बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिर गया। स्थानीय लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना दोस्तपुर थाना क्षेत्र के खालिसपुर अंडर पास की है। जहां आज दोस्तपुर थानाक्षेत्र के बहबल गांव निवासी सैफ(26 वर्ष) पुत्र मोहम्मद इस्माईल अपने मुर्गी फॉम पर जा रहा था। एकाएक खालिसपुर अंडर पास के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे सैफसड़क पर जा गिरा। उसे गंभीर चोटें आई। आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को मुख्यालय पर पोस्टमार्टम में भेजा। जहां से देर शाम उसका शव ले जाया गया और सुपुर्द खाक किया गया। मृतक चार भाई बहन में दूसरे नंबर पर था।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ विभिन्न कार्यक्रम, झूम के नाचे श्रद्धालु

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अयोध्या में राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जहां पर लोग उत्साहित हैं वही अपने सुल्तानपुर जिले में भी राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज सीताकुंड धाम पर दीप उत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में भगवान श्री राम के नाम से गोमती मित्र मंडल परिवार द्वारा 11,111 दीप जलाए गए। वही सीता कुंड धाम पर आए हुए भक्तों का उत्साह भी कुछ अलग दिखाई दिया। इस बारे में जब वहां पर आए हो लोगों से हम लोगों ने बात की तो उन्होंने बताया कि आज बहुत बड़ा दिन है जिसे हम बहुत दिनों से इंतजार कर रहे थे वह पल आज आ गया है इसीलिए आज हम लोग नाच कूद रहे हैं साथ में भगवान के नाम से दीप भी जला रहे हैं और अब हम लोग साल में दो बार दिवाली मनाएंगे।

# याद किए गए नेताजी सुभाष चंद्र बोस, निकाली प्रभात फेरी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकालकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस सहित नगर में स्थित समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। सुभाष मार्केट स्थित नेताजी की प्रतिमा के समक्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नेताजी भारत की आजादी को लेकर बेचैन थे। उन्होंने जन-जन में आजादी के संघर्ष की अलख जगा दी। अंग्रेजों से भारत को आजाद करने के लिए नेताजी ने 1943 में आजाद हिंद सरकार का गठन किया, जर्मनी, इटली, जापान, आयरलैंड, चीन, कोरिया, फिलीपींस समेत 9 देश की मान्यता इस सरकार को मिल गई थी। संस्था उपाध्यक्ष विजय यादव व मंत्री गिरीश तिवारी बबलू ने कहा कि नेताजी के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ मतभेद हो गए थे हालांकि उन्होंने कभी भी गांधीजी का अनादर नहीं किया। राष्ट्रीय कांग्रेस से स्वयं को अलग कर एक नए दल का गठन किया और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष जारी रखा। संस्था कार्यकारी अध्यक्ष शराफत खान वह कोषाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय ने कहा कि नेताजी ने 21अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना करते हुए आजाद हिंद फौज का गठन किया, 1944 मे एक रेडियो प्रसारण में सुभाष पहले व्यक्ति थे जिन्होंने गांधी जी को राष्ट्रपिता कह कर संबोधित किया। आज कार्यक्रम के वक्ताओं में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़, दिलीप सिंह, बबलू सिंह प्रधान, महामंत्री मकसूद अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहम्मद अहमद, सरदार जितेंद्र पाल सिंह, दीपक सिंह, आशीष मिश्रा महाकाल, राजा अब्बास जैदी, मसूद अहमद आदि मौजूद रहे।

# जनेश्वर मिश्र ने देश की खुशहाली के लिए समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया: ई. वीरेंद्र यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी चिंतक, दार्शनिक पूर्व केन्द्रीय मंत्री छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की 14वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ई. वीरेंद्र यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र जीवन भर गरीब, पिछड़े, दलित जिनका जीवन अभाव में रहा उनके लिए संघर्ष करते रहे गरीब वर्ग को कैसे सम्मान एवम तरक्की मिले इसके लिए भेदभावों से ऊपर उठकर समाजवादी आंदोलन को आगे बढ़ाया। देश की खुशहाली के लिए समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाकर लोक कल्याण की प्रेरणा दिया। विचार गोष्ठी में बोलते हुए जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल चौधरी ने कहा की जनेश्वर मिश्र समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सदैव अग्रसर रहे। जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी ने कहा की छोटे लोहिया देश की विभिन्न मंत्रालयों में मंत्री के रूप में देश में अनेकों लोकप्रिय योजनाओं को संचालित करवाया। छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश यादव ने कहा वह दूरदर्शी, ओजस्वी वक्ता एवं प्रेरणादायी महापुरुष थे उन्होंने कभी भी समाजवादी नीतियों, सिद्धांतों से समझौता नही किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मो0अरशद खान ने किया।

# भाजपा लोकतंत्र की हत्या व संविधान को कुचल रही है: राजेश तिवारी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जिला संवाद (एक दिवसीय कार्यशाला) का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय जिला संवाद कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी बतौर मुख्यअतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश महासचिव एवं जोन प्रभारी योगेन्द्र मिश्रा, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश तिवारी का माला पहनकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 बेहद नजदीक है हमें और आपको जमीन पर उतर कर संगठन को मजबूत करना है हमारा बूथ और न्याय पंचायत अगर मजबूत रहेगा तो निश्चित रूप से हमें कामयाबी मिलेगी। समय बेहद कम है जहां भी हमारा संगठन कमजोर है वहां हम सबको पूरी ईमानदारी और निष्ठा लगन के साथ उसे बूथ और न्याय पंचायत को समय रहते ही अत्यधिक मजबूत और कठोर बनना है। वहीं उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हुए हमले को लेकर काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या व बाबा साहेब के संविधान को कुचल रही है। अयोध्या में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा देश में भारतीय जनता पार्टी के लोग पाखंड फैला रहे, भारतीय जनता पार्टी नफरत की राजनीति करती है, और उसे नफरत को मोहब्बत में बदलने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली है जिसका मकसद देश के आम जनमानस को न्याय मिले देश से बेरोजगारी खत्म हो महंगाई कम हो जिसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के मणिपुर से मुंबई तक लगभग 6200 किलोमीटर से अधिक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ की है। मोहब्बत का पैगाम लेकर निकाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भाजपा के गुंडों ने असम के लखीमपुर में हमला कर दिया जो बेहद निंदनीय है, निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता इन भारतीय जनता पार्टी के करगुजारियों को कड़ा जवाब देते हुए सत्ता से उखाड़ फेंकेगी।

## जनता की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** स्पेशल युवा एंटी करप्शन टीम आम जनता की समस्या के समाधान लिए हमेशा तात्पर्य रहती है संस्था ने देखा की सुल्तानपुर की जनता को एक ही जिले मे एक ही रास्ते पर दो बार टोल देना पड रहा है जिसको लेकर टीम के संस्थापक अध्यक्ष राममणि तिवारी ने जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल को ज्ञापन देते हुए इस मामले से अवगत कराया। सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गाँधी से मिलकर मामले से अवगत कराया साथ ही क्षेत्रीय विधायक सीताराम वर्मा को अवगत करते हुए यह बताया कि सदन मे राष्ट्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का वक्तव्य है कि किसी भी परिस्थिति मे साठ किलो मीटर मे एक ही सडक पर दो टोल नहीं लगेगा, जब कि असरोगा टोल से बैतीकला टोल की दूरी मात्र 51 किलो मीटर पर है यह टोल जौनपुर जिले मे होना चाहिए था जिसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जौनपुर जिले वासियो को बचाते हुए और मंत्री जी के वक्तव्य को झुठलाने का प्रयास करते हुए गलत तरीके से बैतीकला टोल का निर्माण कराया है।

# नेताजी की जयंती के अवसर पर ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




परिवहन विभाग रायबरेली द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागृत करने के दृष्टिगत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर जनपद में मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया। मुख्य कार्यक्रम न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल रायबरेली में आयोजित किया गया। जिसमें जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा बच्चों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि सभी लोगों को यातायात नियमों के बारे में पता होना चाहिए। बच्चे न केवल स्वयं इन सभी नियमों को जाने बल्कि अपने परिवार के सदस्यों और मिलने वाले लोगों को भी इसके बारे में बताएं। जिससे कि हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आ सके। जिलाधिकारी ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

# जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपदीय संवाद एवं कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपदीय संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन फिरोज गांधी डिग्री कालेज सभागार में किया गया, संवाद कायर्क्रम के मुख्यअतिथि मा.सांसद प्रतिनिधि के.एल.शर्मा एवं विषिष्ठ अतिथि लोकसभा प्रभारी इन्दल रावत जी रहे। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि खराब मौसम के बावजूद कांग्रेस कायार्कताओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर सभागार को पूरी तरह से भर दिया।

सांसद प्रतिनिधि के.एल.शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि गांधी परिवार का पूरा देश आदर व सम्मान करता है परन्तु जो प्रेम और सम्मान गांधी परिवार के लिए रायबरेली के लोगों में है ऐसा प्रेम और सम्मान कहीं और देखने को नहीं मिलता है, जनपद में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी के साथ खड़ा है, उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलों की सरकार है देश की समस्याओं से इसका कोई लेना देना नहीं है, यही बात कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जनता को बताना होगा।

कायर्क्रम के विशिष्ठ अतिथि और रायबरेली लोकसभा प्रभारी इन्दल रावत ने कहा कि रायबरेली संगठन को कुछ भी बताने की आवश्यकता नहीं है, यहां के कार्यकर्ता और संगठन की पूरे देष में चर्चा होती है। उन्होने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज इस महान भूमि पर खड़ा हूं। श्री रावत ने कहा कि आज देष दो भागों में बंटा है एक ओर देष को जोड़ने वाले आपसी प्रेम-सौहाद बचाने वाले, लोकतंत्र के रक्षक जन नायक राहुल गांधी जी है तो दूसरी ओर देष को जाति-धर्म में बांटने वाली, लोगों में नफरत पैदा करने वाली भाजपा है, अब यह देष को तय करना है कि वह किस के साथ है।

प्रदेष सचिव व प्रभारी फिरोज अहमद खान ने रायबरेली कांग्रेस संगठन को मजबूत संगठन बताया और यहां कि जनता को गांधी परिवार का हिस्सा बताया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 13°C | 07°C |
| कानपुर | 13°C | 06°C |
| देहरादून | 13°C | 06°C |
| नई दिल्ली | 16°C | 08°C |

# तमिलनाडु में यूपी की धूम, दो करोड़ नल कनेक्शन के रिकार्ड की सुनाई दी गूंज

**✻ प्रमुख सचिव ने बताया पानी की समस्या वाले बुंदेलखंड और विंध्य में कैसे पहुंचा हर घर नल**

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह से हर घर नल से जल योजना में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ कनेक्शन किए गए हैं, इस अचंभित करने वाले रिकॉर्ड की धूम तमिलनाडु तक पहुंच गई है।तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मंगलवार से शुरू हुई ऑल इंडिया सेक्रेटरीज कांफ्रेंस के पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश नमामि गंगे एवम ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि यूपी ने कैसे इतने कम समय में दो करोड़ कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त किया। प्रमुख सचिव ने बताया कि बड़ा प्रदेश होने के नाते पहले बुदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में परियोजना को शुरू किया गया। इन दोनों क्षेत्रों में पहले पानी की समस्या बहुत अधिक थी। आज बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से पानी की सप्लाई हो रही है। योजना के तहत नल से घर पहुंचाने के साथ साथ ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ाने और नदियों को साफ करने का काम किया जा रहा है। इस कांफ्रेंस का विषय वाटर विजन ञ2047 वे अहेड था। कांफ्रेंस में जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण जलापूर्ति व पानी के भविष्य योजनाओं पर हुआ विचार विमर्श किया गया।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के असर, जल संरक्षण जलापूर्ति व पानी के भविष्य को लेकर योजनायें बनाने के विचार विमर्श पर विचार व्यक्त किये। अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ सालों में जलवायु परिवर्तन का असर जल प्रबंधन पर भी पड़ा है हमको जल संरक्षण जलापूर्ति और पानी के भविष्य को लेकर योजनाएं बनानी होंगी। जलवायु परिवर्तन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले सेमिनारों में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भी इस बात पर बल देते हैं कि जल संरक्षण और जलापूर्ति के मुद्दे पर हमको जलवायु परिवर्तन पर भी नजर रखनी होगी वरना सारे प्रयास बेकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पानी के संरक्षण को लेकर उत्तर प्रदेश लगातार अभियान चला रहा है। स्कूली बच्चों को जल संरक्षण, पानी के इस्तेमाल और पेय जल की उपलब्धता को लेकर जल ज्ञान यात्रा चलाई जा रही है। इसके अलावा आम लोगों को भी जल संरक्षण, जल संचयन के प्रति विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।इस वर्कशॉप में इन सारी बातों के इतर उत्तर प्रदेश में हर घर नल से जल योजना के तहत 2 करोड़ घरों में पानी का कनेक्शन देने के रिकॉर्ड को लेकर खूब चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विभाग के अधिकारियों ने जिस तरह से इसमें अपना योगदान देते हुए उत्तर प्रदेश के लाखों गांवों तक पानी का कनेक्शन पहुंचा दिया उसकी खूब सराहना की गई है। हर घर नल से जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश अब तक 75 फीसदी लक्ष्य को प्राप्त कर चुका है। यूपी में 2 करोड़ कनेक्शन देने का आंकड़ा पार कर लिया है।कांफ्रेंस के दौरान प्रमुख सचिव ने बताया कि किस तरह से गंगा यमुना और दूसरी सहायक नदियों को साफ करने का किया जा रहा है। नदियों को साफ करने के लिए पांच किलोमीटर के दायरे में जैविक खेती की जा रही है। गंगा नदी को साफ रखने के लिए बिजनौर से बलिया तक नदी किनारे आने वाले गांवों के लोगों के साथ मिलकर सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है। नदियों को साफ करने के लिए एसटीपी बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में एमडी जल निगम ग्रामीण डॉ बलकार सिंह भी मौजूद थे।

# प्रॉपर्टी डीलर द्वारा सरकारी जमीन बेचकर की जा रही मोटी कमाई

**✻ प्रॉपर्टी डीलरों ने खसरा संख्या 816स रकबा करीब 19 बिस्वा सरकारी जमीन बेचकर किया हाथ साफ**

जन एक्सप्रेस/अभिमन्यु कुमार रावत



ग्राम पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा

**लखनऊ।** सरोजनी नगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवरी में राजस्व की कीमती जमीन खसरा संख्या 816स रकबा करीब 19 विश्वा जो राजस्व अभिलेखों में ऊसर के नाम दर्ज है और यह बेशकीमती जमीन मोहान रोड़ से सटी है जिसकी कीमत करोड़ों में है। इस बेशकीमती जमीन पर प्रॉपर्टी डीलरों ने अवैध कब्जा कर प्लाटिंग में तब्दील करके बेचकर मोटी रकम कमाई गई और राजस्व का करोड़ों का नुकसान कराया। अभी हाल ही में इस खसरा संख्या की जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर बाउंड्री वॉल करने की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल अविनाश चंद्र को हुई, जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर हो रहें निर्माण कार्य को रुकवाया गया था। लेखपाल द्वारा निर्माण कार्य रुकवाने के बावजूद भी निर्माण कार्य हो गया। जब इस संबंध में उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर के सीयूजी नंबर पर संपर्क कर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

**प्रधान प्रतिनिधि ने सरकारी जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप**

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामनरेश राजपूत ने शिवरी में खसरा संख्या 816स रकवा करीब 19 विश्वा जिसकी कीमत करोड़ों में है, उस जमीन पर कुछ तथाकथित भू-माफिया प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर जमीन बेचने और मोटी रकम कमाने का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया कि सरकार की बेशकीमती जमीन के मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर पैमाइश कराकर कराएं सुरक्षित। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत शिवरी में कई ग्रामीणों ने क्षेत्रीय प्रॉपर्टी डीलरों व सरकारी महकमे पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा धड़ल्ले से ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर लगातार अवैध कब्जा कर बेचने का काम किया जा रहा है, जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को है लेकिन वे इसे देख कर भी अनदेखा कर रहें हैं।

# भारी भीड़ को देखते हुए लखनऊ और बाराबंकी के डीएम ने लिया फैसला, अयोध्या न भेजी जाएं बसें

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



अयोध्या में मंगलवार को रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हाल ये हो गया कि वहां मौजूद प्रशासन को लोगों को नियंत्रित करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान धक्कामुक्की में कई लोगों को चोट भी लग गई। अयोध्या में भीड़ कम पहुंचे इसे लेकर बाराबंकी में लखनऊ अयोध्या हाईवे रोक दिया गया है। किसी को आगे जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इससे हजारों लोग बाराबंकी से लेकर लखनऊ के बीच में फंस गए हैं। परिवहन निगम के महाप्रबंधक ऑपरेशन मनोज पुंडीर ने बताया कि अयोध्या जाने वाली सभी मार्ग कि बसों का संचालन बंद किया गया है। लखनऊ अयोध्या हाईवे पर शहर के बाहर चौपुला चौराहे पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह समेत कई सीईओ व थाना प्रभारी मौजूद हैं। दोपहर 1ः00 बजे के बाद अयोध्या जाने वाली बसों पर भी रोक लगा दी गई है। हाईवे पर चप्पे चप्पे पर निगरानी की जा रही है और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इस कारण बहराइच हाईवे पर दबाव बढ़ गया है और जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है।

## ग्राम्य विकास विभाग का नया बनेगा राज्य मुख्यालय भवन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम्य विकास विभाग के बजट का समय से सदुपयोग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। लगातार समीक्षा व अनुश्रवण किया जाए। विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण किये जांय और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने चाहिए। निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग के सभी कर्मियों, समूहों व लाभार्थियों को नमो ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जायग्राम्य विकास विभाग की उपलब्धियों को हाइलाइट किया जाए। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को विधान भवन में अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखपति दीदी के लक्ष्यों को पूर्ण करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय, इसके ठोस रणनीति बनाकर कार्य किया जाए। कहा कि समूहों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने, उनकी बिक्री कराने के लिए उचित प्लेटफार्म दिलाने के प्रभावी प्रयास किये जांय।



# गोड़ धुली तालाब पर किया गया भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

काकोरी थाना क्षेत्र माता सीता गोड़ धुली तालाब पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया साथ ही सुण्दरकाण्ड, दीपोत्सव, भजन, कीर्तन, पूजा-पाठ, हवन का कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि हमारे आराध्य श्री राम के प्रति प्रथम बार इस भंडारे का आयोजन किया गया है। प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का यह अवसर 500 वर्षों के संघर्षों और लाखों लोगों के बलिदान के बाद अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। 22 जनवरी का दिन सबके लिए ऐतिहासिक और गौरव का दिन है और इस तरह का गौरवपूर्ण दिन जीवन में शायद ही कभी आए। प्राण-प्रतिष्ठ को लेकर घर-घर में उत्सव का माहौल है। क्षेत्रीय ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय दुकानदारों ने मिलकर इस भंडारे का आयोजन किया, जहां हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सकरा दिलीप मौर्या, बरकता बाद ग्राम प्रधान सुरेंद्र, पुरैना ग्राम प्रधान पप्पू कनौजिया, कूढा ईंटगांव ग्राम प्रधान मोले पाल, दुकानदार चंदन दीक्षित, सतीश सोनी, राहुल श्रीवास्तव, बाबूलाल लोधी, बृजेश सैनी, रंजीत, अनिल लोधी, पंकज लोधी, अल्लू उर्फ दशरथ आदि लोग मौजूद रहें।



## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भगौतापुर में रामायण पाठ कर किया भंडारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र अन्तर्गत इटौंजा थाना क्षेत्र के भगौतापुर ग्राम में शिव मंदिर पर रामायण का पाठ कर भजन कीर्तन किए गए। आपको बता दें कि भगौतापुर गांव निवासी पूर्व प्रधान आशीष त्रिवेदी अंशु ने अपने शिव मंदिर पर रामायण का पाठ कर भंडारे का आयोजन किया। वहीं भगौतापुर गांव में जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए गांव में शोभायात्रा निकाली। गांव के सभी मंदिरों एवं देवस्थानों पर भंडारे का भोग लगाकर भंडारा चालू किया गया। इस मौके पर सैकड़ो की तादात में भगौतापुर ग्रामीण एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता अन्य इटौंजा नागरिक मौजूद रहे।

## ऋतु कृद्धाल और नवीन तिवारी को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के दो लोगों को कल 24 जनवरी को अवध शिल्प ग्राम में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दिया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एव संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभा का सम्मान किये जाने से और लोगों में भी उल्लेखनीय कार्य करने के प्रति जागरूकता पैदा होती है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जिन दो शख्सियतो को सम्मानित किया जाना है, वे हैं डा. ऋतु कृद्धाल और नवीन तिवारी। डॉ ऋतु कृद्धाल वर्तमान में इसरो की वरिष्ठ वैज्ञानिक है तथा चन्द्रयान मिशन से जुडी रही है साथ ही लखनऊ निवासी है। वहीं नवीन तिवारी, निवासी कानपुर सीईओ एंड फाउंडर आफ इंडियाज फर्स्ट यूनिकॉर्न को भी उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दिया जा रहा है।

# आर्यकुल कॉलेज में मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनायी गयी। इस खास दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने दीप प्रज्वल्लित कर व की नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण का आयोजन किया गया जिसमे छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचारों को साँझा कियाद्ध सभी छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह रहा साथ ही साथ व सब उनके विचारों से काफी प्रेरित भी नज़र आये। हम आपको बता दे की नेता जी सुभाष चंद्र बोस के प्रेरणादायक विचार आज भी युवाओं को उतना ही प्रेरित करते है जितना कि आजादी के आंदोलन के दौरान करते है। नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता के समय जोश भरे नारे दिए तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आज़ादी दूंगा, दिल्ली चलो, जय हिंद-जय भारत, जैसे नारों से उनहोंने देश के युवाओं में देशभक्ति की लौ जलाई जिसकी वजह से लोगों में देशभक्ति की लहर दौड़ गयी थी और हमारा स्वतंत्र होने का सपना पूरा हुआ था। इस अवसर पर आर्यकुल कॉलेज के प्रबंधक निदेशक डॉ सशक्त सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के श्रेष्ठ तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया। उन्होंने बच्चों को उत्साह के साथ नेता जी के बारे में अनेक तथ्यों से अवगत कराया जिसकी वजह से बच्चों को अनेक जानकारियां प्राप्त हुई। इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के एचओडी बी.के सिंह, प्रबंध- पत्रकारिता एवं शिक्षा विभाग की उप निदेशक डॉ. अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडे, शिक्षा विभाग के प्राचार्य एस.सी.तिवारी के साथ अन्य शिक्षक गण, स्टाफ उपस्तिथ रहे।





# विधायक का चुनाव हारने के बाद परिषद के रास्ते सदन में पहुंचे दारा सिंह, योगी कैबिनेट में मंत्री बनना तय



**दारा के कारण भाजपा का एक वर्ग नाराज भी**

सरकार और भाजपा कि पूरी ताकत के बाद भी घोसी विधानसभा उप चुनाव हारने के बाद भी दारा सिंह को विधान परिषद भेजने से भाजपा का एक वर्ग नाराज भी हैं। उनका मानना हैं कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के करीबी दारा सिंह को विधान परिषद भेजकर उच्च सदन मे ब्राह्मण की एक सीट कम की गई हैं। डॉ दिनेश शर्मा के इस्तीफे से खाली हुई सीट पर किसी ब्रह्मण को ही मौका मिलना चाहिए था। जैसे कि केंद्रीय नेतृत्व ने राजयसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन के बाद उनकी सीट पर भाजपा के ब्राह्मण नेता डॉ दिनेश शर्मा को मौका दिया था। उनका यह भी मानना है कि दारा की जगह कैडर के कार्यकर्त्ता को मौका देते तो कार्यकर्त्ताओं मे अच्छा संदेश जाता।

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा से बीजेपी में आए दारा सिंह अपनी सीट हार गए थे। इसके बाद बीजेपी ने उन्हें विधान परिषद के सुरक्षित रास्ते से फिर से सदन में भेज दिया है। अब ऐसे कयास हैं कि उनका मंत्री बनना तय है। बजट सत्र के पहले या उसके बाद वह मंत्री बनाए जा सकते हैं। दो फरवरी से राज्य का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। दारा सिंह चौहान को घोसी सीट पर विधानसभा उपचुनाव के बाद भी मंत्री बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन दारा और उनके साथ ही सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर अभी भी इंतजार ही कर रहे हैं। दारा सिंह चौहान को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। वह लोनिया समाज से आते हैं जो कि पूर्वांचल में काफी प्रभावी माना जाता है। उपचुनाव में वह अपने समुदाय का वोट भी पूरी तरह प्राप्त नहीं कर सके वह सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह से करीब 42 हजार वोटों से हार गए। सपा से भाजपा में शामिल होने पर दारा सिंह चौहान ने कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

# व्हाट्सएप स्टेटस पर 22 जनवरी ब्लैक डे लिखकर बाबरी मस्जिद का लगाया स्टेटस, गिरफ्तार

**✻ इटौंजा पुलिस ने गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में मुकदमा किया दर्ज**

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**इटौंजा, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सोनिकपुर पालपुर गांव निवासी सलमान शेख ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर सोमवार को श्रीराम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के विरोध में 22 जनवरी ब्लैक डे लिखकर बाबरी मस्जिद का स्टेटस लगया था। वहीं यह खबर इटौंजा कस्बे एवं ग्रामीण गांव में फैल गई जिसको लेकर अंकुर गुप्ता,विमल सिंह परमार, विशु पांडेय, चन्दिका सिंह, संजय सिंह,अतुल मिश्रा, अनुभव मिश्रा, नागेंद्र सिंह, आकाक्ष मिश्रा पूतू, उपेंद्र पाल ने इसका कड़ा विरोध प्रदर्शन कर दो व्यक्तियों पर इटौंजा थाना में लिखित शिकायत कर कड़ी कार्यवाहीं की मांग की। आपको बताते चलें कि 22 जनवरी को अंकुर गुप्ता के मोबाइल व्हाट्सएप ग्रुप पर सलमान शेख पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सोनिकपुर पालपुर के मोबाइल संख्या 8953811982 नंबर पर अंकुर गुप्ता द्वारा देखा गया कि सलमान शेख अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर देश विरोधी धर्म विरोधी पोस्टर लगा रखा हैं जिससे हम क्षेत्र वासियों की भावनाएं आहत हैं अंकुर गुप्ता ने सलमान शेख एवं अफजल पुत्र वाहिद अली के विरुद्ध लिखित शिकायत कर इटौंजा पुलिस से कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं विमल सिंह पवार ने बताया कि यह लोग किसी के एजेंट है इन लोगों की गतिविधियां देश विरोधी है इस कार्य से हम सभी लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं श्रीराम मंदिर पर हुए जजमेंट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ब्लैक डे का स्टेटस लगाकर कोर्ट एवं सरकारी निर्णय कों गाली दी है इन लोगों के इस पोस्ट से समाज विशेष में बहुत आक्रोश हैं। वहीं बीकेटी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कामता प्रसाद मिश्रा व महामंत्री संजय सिंह ने भी व्हाट्सएप स्टेटस पर प्रभु श्रीराम पर ब्लैक डे लिख कर चलना पर कड़ा विरोध जताया है उन्होंने कहा कि इस मामले की पुलिस तत्परता से जांच कर कठोर कार्यवाही करें जिससे भविष्य में ऐसा काम किसी के द्वारा ना किया जायें। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा सलमान शेख व अफजल के विरुद्ध संगीन धाराओं 295 (ए) 504(अ) व आईटी एक्ट मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाहीं की गई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# जैन साहित्य में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

**अत: कहा जा सकता है कि राम जन-जन को आचार-विचार के दृष्टिकोण देने वाले पुरुषोत्तम भी रहे हैं। वे साधना के शिखर थे, विपत्तियों में भी सौम्य बने रहने वाले पुरुष नहीं, अपितु जनमानस की आस्था के परमसेतु रहे हैं। उनके जीवन का प्रमुख व परम लक्ष्य प्राणि मात्र के कल्याण के लिए निहित रहा है। उनका समग्र जीवन दर्शन व्यावहारिक साधना से लेकर चरम लक्ष्य की ओर ले जाने वाला रहा है। जीव दया, करुणा, मृदुता, ऋजुता, तपस्या, संयम, ब्रह्मचर्य एवं सत्यानुभूति भव-मवान्तर से हटाती है और यही जन-जन के राम को पुरुषोत्तम बनाने में सहायक सिद्ध हुई है।**

*कुलों को धारण करने वाले कुलकर कहलाते हैं, जिन्हें मनु भी कह कहते हैं। अंतिम कुलकर नाभिराय थे, जिन्हें तिलोयपणत्ती में भी मनु कहा गया है। इसके अनंतर शलाका पुरुषों का उल्लेख आता है। उसमें 24 तीर्थंकर, 12 चक्रवर्ती, 9 बलभद्र, 9 नारायण और 9 प्रति नारायण इस तरह कुल 63 शलाका पुरुष हुए हैं। नौ बलदेवों में राम का उल्लेख है। प्रागैतिहासिक काल में राम को पुरुषोत्तम कहा गया है। वे असाधारण व्यक्तित्व के धनी थे। वे नरत्त्व से नारायणत्व की ओर अग्रसर हुए, उन्हें परम प्रतापी, धर्मज्ञ, कर्तव्य परायण, पितृ आज्ञाकारी, मातृशक्ति के प्रति आस्थावंत, गम्भीर, धीर-वीर एवं नैतिक गुणों से परिपूर्ण परिलक्षित किया गया है। प्राकृत में रचित अनेक काव्यों में राम को पद्म भी कहा गया है। विमलसूरि ने पउमचरियं नामक ग्रन्थ की प्राकृत में रचना की है। यह काव्य पौराणिक है, इसमें राम के चरित्र की यथार्थवादिता के भी दर्शन होते हैं। इसमें प्राकृतिक घटनाओं, मानवीय मूल्यों, धार्मिक वातावरण, सामाजिक रीतियां एवं रूपात्मक विवरण है। इसमें परम प्रतापी पुरुषों के जीवनवृत्त आदि भी का समावेश है। जैन रामकथा पैराणिक कथा है, इसमें लोकतत्व, कालतत्व, वंश परंपरा आदि भी विद्यमान है। जैन रामकथा में राम, लक्ष्मण, भरत आदि के चित्रण के साथ रावण, जटायु आदि के पूर्वजन्मों की कथाएं भी विद्यमान हैं। राम शलाका पुरुष हैं। पुरुषोत्तम हैं व पद्म सदृश होने से इन्हें पद्म भी कहा गया है। चरित्र एवं पुराण काव्यों में राम को पद्म उल्लेखित किया गया है। इसी प्रचलित पद्म शब्द के आधार पर आचार्य रविषेण ने पद्मपुराण लिखा। सोमदेव भट्टारक, धर्म कीर्ति भट्टारक ने संस्कृत भाषा में एवं महाकवि स्वयंभू ने अपभ्रंश में राम का चित्रण किया है। कवि रइधू, चन्द्रकीर्ति एवं ब्रह्मजिनदास ने भी अपभ्रंश में पउमचरीउं ग्रन्थ की रचनाओं में राम के लौकिक व धार्मिक स्वभाव का बड़ा ही मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किया है। पुरुषोत्तम श्रीराम जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर मुनिसुव्रत काल में हुए। जो सहस्त्रों वर्षों का काल माना जाता है। राम भरतखण्ड के साकेत में उत्पन्न हुए, जिसे अयोध्या भी कहा गया है। अयोध्या, चित्रकूट, दसपुर, दण्डकवन, किष्किन्धा आदि स्थान जंबूद्वीप के अन्तर्गत भरत खण्ड में विद्यमान थे। भरतखण्ड को भरतक्षेत्र भी कहा जाता है। भरतक्षेत्र के उत्तर में हिमवान पर्वत और मध्य में विजयारध पर्वत होने का उल्लेख मिलता है और राम का सबंध भरतक्षेत्र से रहा है जो कि अपने आप अतुलनीय है। प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव इक्ष्वाकु वंश के थे। इक्ष्वाकु वंश की इसी पृष्ठभूमि से सूर्यवंश का उद्भव हुआ है। इसीलिए राम सूर्यवंशी कहलाए। श्रीराम आठवें बलदेव हैं जिसे तिलोयपणत्ती में भी देखा व समझा जा सकता है। वस्तुतः राम पुरुषोत्तम हैं। वे अन्याय एवं अत्याचारों को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए जन्म लेते हैं। वे उत्तमोत्तम कर्म करने वाले महापुरुष रहे हैं। वस्तुतः राम अपने युग के पुरुषोतम थे और आज भी पुरुषोत्तम राम बने हुए हैं तथा जनमानस को भी पुरुषार्थ पुरुषोत्तम बनने का सफल संदेश दे रहे हैं। राम अयोध्यापति दशरथ के पुत्र थे। वैदिक, जैन एवं बौद्ध परंपरा में राम के विविध आदर्श हैं। जो हजारों वर्षों से जन मानस को चेतना का पाठ पढ़ा रहे हैं। राम के चरित्र में आत्मस्वरूप की उत्कृष्ट स्थिति है, जो कि वर्तमान समय में आत्मस्वरूप की ओर अग्रसर करती है। राम के नाम में विश्वव्यापकत्व का रहस्य है। जो उन्हें कालजयी बनाता है प्रत्येक युग के विचारकों ने राम-चरित को विकसित किया है। जहां वैदिक परम्परा में भगवान विष्णु का अवतार माना है, वहीं जैन मनीषियों व साहित्यकारों ने राम के विश्वव्यापी व्यक्तित्व की दृष्टि से शलाका पुरुष में स्थान दिया है। ये राम प्रत्येक भारतीय भाषा के पटल पर विद्यमान रहे हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरुकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं।**



रमेश सर्राफ धमोरा

# बालिकाओं की सुरक्षा के हों गंभीर प्रयास

**कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेंगे।**

लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य है। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं। भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढ़ने के बावजूद भी वह अनेक कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती हैं। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियों को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओं को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देश में यह बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं, लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप



**हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाए सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिए जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पाएगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं है।**

मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है, जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। देखा जाए तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाएं। उन्हें इतना सशक्त बनाएं कि खुद गर्व से कह सकें की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिए जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषों की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढ़िवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जाएगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़कियां सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनौने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेंगे ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाइटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हें धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनौना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताड़ना की घटनायें अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह भेड़िये उन पर नजर गड़ाए रहते हैं। उन्हें जब भी मौका मिलता है नोच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पाएंगी।

## एक्सप्रेस कविता

*सद्गुण है सच्ची संपति, दुर्गुण है बड़ी विपति, असत्यभाषण, दुराचार ये फैलाते हैं भ्रष्टाचार, पूरे यूरोप में फैला है इसीलिए हो रहा इतना अत्याचार, कहीं धन की, कहीं स्त्री की, कहीं जमीन की लिप्सा, स्पृहा, कामना, हो रहा एक तरफा अत्याचार लोग बेबस लाचार, कमजोर लाचार यूक्रेन को कपटी मित्रों ने दिया दगा, उसे समझ ना आया कौन पराया कौन अपना सगा, दोस्तों के उकसावे पर चढ गया, युद्ध की सूली पर, लाखों हुए बेघर महिलाएं बच्चे हुए लाचार, पूरा विश्व तमाशा देखते कर रहा सिर्फ विचार, ऐसे कपटी मित्रों से अच्छा एक दिलेर बुद्धिमान दुश्मन, जिसका साफ तो है मन, ऐसी भी क्या हठ, जो चला दे आपस में लठ, भाई भाई अब दुश्मन हो गए, एक दूसरे के लहू के प्यासे हो गए।*

-संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**एक समय में एक काम करो, और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो और बाकी सब कुछ भूल जाओ**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 21:53 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 32:13 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | वैधृति, 07:29 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:51 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 12:33-13:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### तलब

*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर से हंसना खिलखिलाना है।*
*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर से मस्ती भरे लम्हों को जीना है।*
*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर थक हारकर मां की गोद में सोना है।*
*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर अधूरी मोहब्बत का किस्सा सुनाना है।*
*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर से अपने यारों के साथ ही जीना है।*
*बीते हुए वक्त कभी लौट आना मुझे फिर बीता हुआ हर लम्हा जीना है।*



- राजीव डोगरा


## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# एक्ने और डल स्किन से परेशान हैं, तो लगाएं पपीता सेब और चिया सीड्स का पेस्ट, मिलेगा फायदा

**प्रदूषण** और पोषण की कमी आपकी स्किन को खराब करने का काम करते हैं। हर पुरुष और महिला बेदाग त्वचा पाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें अपने आहार और लाइफस्टाइल में कई तरह के बदलाव करने होते हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें तो पपीता, सेब और चिया सीड्स तीनों में एंटीऑक्सीडेंट्स और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इससे आपकी सेहत के साथ ही बाल भी बेहतर होते हैं। अगर आपके चेहरे पर पसीने की वजह से एक्ने और दाने हो जाते हैं तो ऐसे में आप पपीता, सेब व चिया सीड्स का उपयोग कर सकते हैं।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर:** पपीता, सेब और चिया सीड्स में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं। पपीते में विटामिन ए और सी अधिक मात्रा में होते हैं। यह फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, स्किन की सूजन और मुंहासों को दूर करने में सहायक होते हैं। सेब में मौजूद पॉलीफेनोल स्किन को जवां बनाने में मदद करता है। वहीं, चीया सीड्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को दूर करती हैं।

**त्वचा को हाइड्रेट करें:** पपीते और सेब में त्वचा को हाइड्रेट करने के गुण होते हैं। पपीते में मौजूद एंजाइम्स डेड स्किन सेल्स को साफ करने और नमी



को बनाए रखन में मदद करते हैं। वहीं, सेब में कई विटामिन से पाए जाते हैं, जो त्वचा को गहराई से पोषण प्रदान करती है। इसके अलावा, चीया सीड्स त्वचा को लंबे समय तक हाइड्रेटेड रखती है।

**सीबम उत्पादन को नियंत्रित करे:** स्किन में अतिरिक्त नेचुरल ऑयल (सीबम) बनने से एक्ने यानी मुंहासों की समस्या हो सकती है। ऐसे में आप पीपते का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते में सीबम को नियंत्रित करने के गुण होते हैं। इसके अलावा, सेब और चीया सीड्स भी त्वचा को पोषण प्रदान करती हैं। इससे एक्ने दूर होते हैं और पोषण से त्वचा में दोबारा चमक आती है।

**एंटी-इंफ्लेमेटरी**: मुंहासे सहित स्किन से जुड़ी अन्य समस्याओं में सूजन आ सकती है। ऐसे में आप पीपते और सेब का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते और सेब में दोनों में एंटी-इंफ्लेमटरी कम्पाउंड पाए जाते हैं, जो स्किन की समस्याओं को दूर करने और मुंहासों की लालिमा को कम करने में मदद करते हैं।

**स्किन को डिटॉक्स करें:** पपीता, सेब और चिया सीड्स सभी में डिटॉक्स करने वाले गुण होते हैं। पपीते के एंजाइम्स शरीर के टॉक्सिन को बाहर करते हैं। ठीक इसी तरह सेब के फाइबर कब्ज को खत्म करते हैं। इससे शरीर डिटॉक्स होता है। वहीं चीया सीड्स बॉडी में क्लींचर की तरह कार्य करते हैं। इन तीनों से पाचन क्रिया बेहतर होती है।

**स्मूदी बनाएं:** पीता, एक सेब और एक बड़ा चम्मच चिया बीज को एक साथ मिलाकर स्मूदी बनाएं। इसके बाद इस स्मूदी को आप पी सकते हैं। इससे त्वचा को एंटीऑक्सीडेंट प्रदान किए जा सकते हैं।

**फेसमास्क**: पपीता के बड़े टुकड़े और करीब आधा सेब को एक साथ मैश करें। इसके बाद इसमें एक चम्मच चीया सीड्स मिलाएं। अगर, पानी की आवश्यकता हो तो ऐसे में गुलाब जल का उपयोग करें। आप फेस मास्क तैयार है, इस हाइड्रेटिंग फेसमास्क को करीब 15 से 20 मिनट तक चेहरे पर लगाएं। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें।

## एक्सप्रेस विशेष



सुरेश जैन

# गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम

**राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं और समुद्र पर सेतु निर्माण का जटिल कार्य संपन्न करते हैं।**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर काफी बल दिया गया है। श्रीराम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित है और शिक्षा संस्कारो की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य है। राम के व्यक्तित्व के रोम-रोम में इसका प्रभाव स्पष्ट नजर आता है।**

**श्रीराम** मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे वहां दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल के कार्यों में उसी तरह हाथ बंटाते हैं, जैसे दूसरे बटुक करते हैं। गुरुकुल में आम और खास के बीच कोई भेद नहीं है। गुरुकुल में परा और अपरा अर्थात् लौकिक और अलौकिक दोनों तरह की ही शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम् धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसी तरह के पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है। क्योंकि, राम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। इसलिए उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है। किन्तु इसके साथ ही निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष जैसे विषयों की भी शिक्षा दी जाती है। ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण अध्ययन के आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण जैसे व्यावहारिक ज्ञान, विद्यार्थी स्वयं ही आत्मसात कर लेता है। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। कौशल के राजकुमार राम गुरुकुल में एक बटुक की तरह इन सभी गुणों को सीखते हैं। गुरुकुल में राम विद्या ग्रहण करने जाते हैं। विद्या और ज्ञान में अंतर है। सूचनाओं के संकलन मात्र से ज्ञान तो प्राप्त हा सकता है, किन्तु विद्या उससे अलग है। विद्या सोदेश्य होती है। यह व्यक्तित्व को गढ़ने का एक माध्यम होती है। विष्णु पुराण में कहा गया है- तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तए आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात् कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। अन्य सभी कर्म केवल निरर्थक क्रिया हैं, जबकि अन्य सभी अध्ययन केवल कारीगरी मात्र हैं। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। मुक्ति का अर्थ ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। मुक्ति के मायने अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। श्रीराम के व्यक्तित्व पर इस विद्या का गहरा असर पड़ा है और यह उनके भावी जीवन में दृष्टिगोचर भी हुआ है। विद्या के बारे में कहा गया है- विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है। जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। नगरवासी और वनवासी उनके लिए एक जैसे हैं। सुग्रीव का भी स्वागत है और अपने विरोधी रावण के छोटे भाई को भी शरणागत किया जाता है। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। एकांगी नहीं हो और विद्यार्थियों में कौशल का विकास हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक स्वयं अपनी कुटीर का निर्माण करता है और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है।

# मानव श्रंखला बनाकर सड़क जागरूकता के लिए एकजुट हुआ खीरी

✻ हजारों की तादाद में बच्चों ने लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**




मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर मंगलवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश कुमार साहा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाई। डीएम-एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है। एसपी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थे, उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। एडीएम ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी है, भविष्य में भी रहेगी। एएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा।

### ....इन विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल

जीआईसी, जीजीआईसी, भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कुँवरखुशवक्तराय कन्या इ0का0, सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेज, कृषक समाज इण्टर कालेज, डीएस कालेज, गुरूनानक इण्टर कालेज, गुरूनानक विद्यक सभा, पीके इण्टर कालेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, इस्लामियाँ इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इण्टर कालेज, सेंट डॉनबास्को स्कूल अजमानी पब्लिक स्कूल, पं0 दीन दयाल स0वि0मं0 इण्टर कालेज, ला मटीना इण्टर कालेज।

### मानव श्रंखला को लेकर विद्यार्थियों में दिखा जबरदस्त उल्लास

कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गो से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखे, इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए जागरूकता नारे लगाते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने अपने सेक्टर, जोन में ड्यूटी पर तैनात अफसरों, मजिस्ट्रेट के साथ सेल्फी खिंचाई। ठीक 11 बजे मौजूद सेक्टर अधिकारियों ने अपने सेक्टर में श्रंखलाबद्ध बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

### सड़क जागरूकता के नारों से गूंजा वातावरण

जिले की सभी तहसीलों एवं ब्लॉकों में भी विद्यार्थियों ने मानव श्रंखला बनाकर यातायात जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा था। बच्चे अपने निर्धारित समय से पहले ही तय स्थानों पर अपने शिक्षकों की निगरानी में पहुंच गए। मानव श्रंखला बनाकर देशभक्ति और सड़क जागरूकता के नारे लगाए। तहसीलों में एसडीएम के नेतृत्व में ब्लॉकों में खंड विकास अधिकारियों के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर यह कार्यक्रम हुआ।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

✻ अतर सिंह नव प्रेरणा सैनिक स्कूल द्वारा हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

✻ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भादौरिया ने किया उत्साहवर्धन

✻ संस्था की ओर से गरीब बच्चों को दी जाती है निशुल्क शिक्षा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



अतर सिंह नव प्रेरणा के विद्यार्थियों ने धूम मचा दी। 24 दिसंबर 2023 को संपन्न हुई सैनिक स्कूल उत्तर प्रदेश प्रवेश परीक्षा में 110 छात्र पास हुए। पास हुए सभी छात्रों का मंगलवार (23 जनवरी) को अतर सिंह सेवा सदन में माला पहना कर व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह के संयोजक कप्तान सिंह एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा बबीता चौहान के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित माल्यार्पण कर सम्मान समारोह की शुरुआत की गई। दोनों अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को माला पहनाकर वह ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सभी बच्चे काफी खुश एवं उत्साहित नजर आ रहे थे। वहीं, संस्था के द्वारा गरीब बच्चों के भविष्य संभालने का काम भी किया जाता है। जिन मां-बाप के पास अपने बच्चों को पढ़ने हेतु पर्याप्त धन नहीं है वह बच्चे भी इस स्कूलों में पढ़कर अपने शहर और देश का नाम रोशन कर सकते हैं और आईपीएस आईएएस बन सकते हैं। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री मोदी के सपने को भी साकार करने की कोशिश की जा रही है। 100 से ज्यादा लड़कियों को निशुल्क स्कूल में पढ़ाया जा रहा है। वहीं सैनिक स्कूल ऑफ आगरा द ईयर बेस्ट टीचर का अवार्ड राजकुमार राजपूत को दिया गया। संस्था के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शशि बाला कोषाध्यक्ष अरुण सिंह, कपिल सिंह, राजकुमार राजपूत, आयुष अग्रवाल, मकरध्वज, लव कुश, रामकिशन, असलम, मीनू आदि लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिलाधिकारी ने दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि यातायात नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम अनेक दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने सभी से अनुरोध किया कि 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों को एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कराते हुये स्क्रैप कराना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा 29 फरवरी 2024 अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है। इसके पूर्व स्क्रैपिंग हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासकीय वाहनों एवं शासकीय कार्यालयों में लगे अनुबंधित वाहनों के संबंध में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराये जाने हेतु भी अनुरोध किया। बैठक के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृजमोहन शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 575वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सीतापुर।** साहित्यिक संस्था अन्नपूर्णा साहित्य संगम के द्वारा साप्ताहिक काव्य गोष्ठी के क्रम में 575 वीं गोष्ठी का आयोजन शहर के तरीनपुर रोड निकट हरदोई चुंगी स्थित जागेश्वर निवास पर किया गया। वरिष्ठ शायर मंजर यासीन की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी का संचालन राम किशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। यासीन इब्ने उमर के संयोजन में आयोजिकत कार्यक्रम का शुभारंभ गीता किशोर श्रीवास्तव की वाणी वंदना से हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे मंजर यासीन ने सुनाया जिन्दगी, जिंदगी, जिंदगी, जिंदगी, जाने कितने इसी आस में मर गए। संचालन कर रहे राम किशोर श्रीवास्तव ने सुनाया, पत्नी चरण पखारण लागा, रोग दोष सब भगन लागा। यासीन इब्ने उमर ने सुनाया मुफलिसी के बर्तनों में पक रही इक आस है, पेट के भूगोल पर बस भूख का इतिहास है। एपी गौतम ने सुनाया, हम स्वयं से दूर हो जाएंगे, गर विभाजक सी हम टांग फैलाएंगे। गीता किशोर श्रीवास्तव ने सुनाया मैंने तुम्हारे इश्क में क्या-क्या न गम सहे। इसके अलावा केपी मिश्रा, राजबहादुर वर्मा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रगति बाजपेयी आदि ने भी काव्य पाठ किया।



### गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** श्री गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर मंगलवार को नगर के मुख्य मार्गो में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर पालिका परिषद गोला चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू, अधिशाषी अधिकारी / उपजिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा के नेतृत्व में पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभासद नानक चन्द्र वर्मा, आनंद सोनी, आनंद किशोर गिरि, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, दानिश राईन, रियाजुद्दीन, साहिद अंसारी, हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा, अनिल गुप्ता, अमन अवस्थी, नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, गीता विश्कर्मा, रेखा मिश्रा, रजत गुप्ता, विजय मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, मोहित गिरि, संदीप वर्मा, एस आई मोहित अवस्थी, काके सहगल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



### सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बनाई गई मानव श्रंखला

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शासन की मनसानुरूप सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मानव श्रृंखला का आयोजन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा मानव श्रंखला कार्यक्रम उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा, बाबूराम, महेंद्र त्रिपाठी, राजकुमार वर्मा, सौरभ दीक्षित, सड़क सुरक्षा नोडल डॉ अनिल कुमार ने की। मानव श्रंखला बड़े चौराहे से विद्या निकेतन इंटर कॉलेज तक बनाई गई। मानव श्रृंखला का उद्देश्य है कि आम जनमानस और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित समस्त जानकारी होनी ही चाहिए। सड़क दुर्घटनाएं ना हो सकें। इस दौरान उप जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला में लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, गांधी उच्चतर माध्यमिक, पब्लिक इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के समस्त छात्राओं एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### निकाली गई भगवान राम की भव्य शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज द्वारा अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री राम शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन नाथ पुरवार, उपाध्यक्ष राम दयाल वर्मा, सह प्रबन्धक बृजेश राठी, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, सदस्य भेखराम वर्मा और प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया समेत पूरे विद्यालय परिवार ने कारसेवकों समेत कई पीढ़ियों के उन लाखों बलिदानों को नमन करने के साथ ही, जिन्होंने किसी भी रूप में श्री राम मन्दिर निर्माण में अपना योगदान दिया है, उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोभायात्रा के इस क्रम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के वनागमन की झांकी को निकाला गया।

# मिलेट्स रेसीपी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 28 जनवरी को: सीडीओ

✻ शहर के वंदन गार्डन में 10 बजे से होगी मिलेट्स रेसीपी प्रतियोगिता, कृषि विभाग ने शुरू की तैयारियां

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**




मंगलवार खीरी जिले में श्री अन्न के उपयोग उसके महत्व के संबंध में जागरूक करने, कृषकों और कृषक उत्पादक संगठन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से होगा। उक्त आशय की जानकारी सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दी। सीडीओ ने बताया कि मिलेट्स के विभिन्न उत्पादों को तैयार करने वाले शेफ के मध्य, मिलेट्स के गुणों के बारे में जानकारी रखने वालों के मध्य प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम का आयोजन भी कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद के प्रतिष्ठित होटल, रेस्टोरेन्ट, कैफे कैन्टीन तथा फूड ज्वांइट्स आदि का सहयोग प्राप्त किया जाएगा तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्कूलों के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए मिलेट्स पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं तथा मिलेट्स पहचानना, मिलेट्स के पोषक तत्व, निबंध लेखन, क्विज, प्रोजेक्ट वर्क आदि का आयोजन भी होगा।सीडीओ ने डीआईओएस और बीएसए को निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर मिलेट्स के विकास के लिए हो रहे विभिन्न मेलों-कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय के बच्चों को अवश्य भ्रमण करवाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी श्री अन्न रेसिपी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में कृषक उत्पादक संगठन, स्वयं सहायता समूह छात्रों-छात्राओं, होटल, रेस्टोरेन्ट को प्रतिभाग कराया जाना सुनिश्चित करें।समस्त सम्बन्धित अधिकारी अपने विभाग से सम्बन्धित प्रतियोगियों की सूचना 24 जनवरी तक कार्यालय डीडी कृषि को उपलब्ध कराकर कार्यक्रम में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

### प्रतियोगिता में सम्मिलित विभिन्न श्रेणी प्रतियोगिता वर्ग

**पेन्टिंग प्रतियोगिता वर्ग -1** इण्टरमीडिएट और स्नातक की कक्षाओं के छात्र एवं छात्रायें।

**श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ की प्रतियोगिता वर्ग-2:** महाविद्यालयों के गृह विज्ञान के छात्र छात्राओं के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, कृषक उत्पादक संगठनों के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, स्वयं सहायता समूहों के द्वारा श्री अन्न से तैयार भोज्य पदार्थ, व्यक्तिगत प्रतिभागियों द्वारा श्री अन्न से तैयार किया भोज्य पदार्थ होटल, रेस्टोरेन्ट द्वारा श्री अन्न से तैयार किए गए भोज्य पदार्थ।



# बी.पी.एच.यू.भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेल खेला जा रहा

**जन एक्सप्रेस | अख्तर अली**

**निघासन-खीरी।** जहां एक और सूबे की योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाकर उनके ऊपर कठोर कार्रवाई करने का फरमान भले ही दे रखें हो वहीं योगी सरकार के नियमों को ठेकेदार नजरंदाज करते हुए बी.पी.एच.यू. भवन निर्माण में जमकर कमीशन खोरी का खेला खेला जा रहा हैं।जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने सीएम से की हैं।कस्बें के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपए की लागत से बन रहे ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बी.पी.एच.यू.)भवन में शुद्ध पीला ईटा व निम्न गिरी क्वालिटी की सीमेंट का खुला इस्तेमाल किया जा रहा हैं।यहा काम कर रहे मिस्त्री अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कस्बें के कोरियाना के रोहित कुमार की देख रेख में इस भवन का निर्माण करवाया जा रहा हैं।जो सामग्री उक्त ठेकेदार लाकर दे रहे हैं,वहीं भवन में लगाकर भवन का निर्माण कर रहे हैं।ईंटों व सीमेंट के बाबत जब जानकारी मांगी गयी,तो ज़वाब में मिस्त्री ने कहा कि इसमें हमारी कोई गलती नहीं हैं हम तो अपना काम कर रहे हैं।इसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की हैं।बताते चले कि इस भवन का शिलान्यास डॉ0मनसुख मांडविया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रसायन उर्वरक मंत्री भारत सरकार एवं प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक आदि की गरिमामय उपस्थिति में किया गया था।भवन का निर्माण कार्य देखते ही बनता हैं।जब शुरुआत से ही मानकों को दरकिनार कर अत्याधिक कमीशन खोरी के चलते निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैं।इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि जब बुनियाद ही सही नहीं हैं तो भवन कितने दिन तक चलेगा साथ ही कोई अनहोनी घटना घटित होने की प्रबल संभावना बन रही हैं।




### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं

**जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी।** धौरहरा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती के मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को बीडीओ और उपनिरीक्षक ने मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया।मंगलवार को नगर में आयोजित श्री जय मिश्रा कोचिंग सेंटर के कार्यक्रम में दो दर्जन छात्र छात्राओं को पुरस्कार मिले। बीडीओ चंदनदेव पांडेय ने छात्र छात्राओं से कहा कि जीवन में चरित्र का बड़ा महत्व है। इसी पर व्यक्ति की पहचान निर्भर करती है। इसलिए चरित्र को संयमित रखते हुए शिक्षा के प्रति %काकचेष्टा वकोध्यानम% वाक्य का अनुसरण कर समर्पित रहें। फिर आपका लक्ष्य आपको जरूर मिलेगा।उपनिरीक्षक योगेश शंखधार ने महाभारत कालीन उद्धरण देते हुए कहा कि छात्र की दृष्टि चिड़िया और पेड़ पर नहीं अर्जुन की तरह सिर्फ चिड़िया की आंख पर केंद्रित होनी चाहिए। यह चिड़िया की आंख वह लक्ष्य है जिसे जीवन में आप पाना चाहते हैं। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमाप्रसाद मिश्र और माता मनोरमा देवी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ बोर्ड परीक्षा के मेघावियों को अतिथियों ने पुरस्कार दिए। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजीव जायसवाल, व्यवसायी विजय जायसवाल, एडीओ आलोक शुक्ल, एडीओ एसटी, शिक्षक योगेंद्र मिश्र व प्रवीण दीक्षित और राजकीय बालिका इंटर कालेज की शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

### नगर पालिका परिषद लखीमपुर नगर को मिला प्रथम सेल्फी प्वाइंट

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

खीरी रोड पर स्पंदन नर्सिंग होम के प्रबंधक अनूप सिंह, डॉ अंजीत सिंह, डॉ सुप्रिया सिंह ने बनवाया सेल्फी प्वाइंट। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के स्वर्णिम दिवस के अवसर पर हमारे नगर के पहले सेल्फी प्वाइन्ट निकट डान बास्को स्कूल का उद्घाटन डॉ इरा श्रीवास्तव चेयरमैन न.पा.प. लखीमपुर, इ.ओ. नगर पालिका, दुर्गेश कुमार अर्जुन अमित नीरज विनय प्रहलाद सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भारी जनसमूह के मध्य किया गया।

# आइए यूपी दिवस को बनाएं महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सरकारी योजनाओं का होगा संगम

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

मंगलवार को आइए जीआईसी ग्राउंड और लीजिए यूपी दिवस का आनंद। जी हां खीरी में इस बार उत्तर प्रदेश दिवस 2024 को उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बुधवार को 11 बजे यूपी दिवस पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आगाज होगा।

मंगलवार की दोपहर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने यूपी दिवस कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सभी तैयारियों का बारीकी से पड़ताल की, निर्देश दिए आयोजन में किसी तरह की कोई कमी ना रहे, इसे सभी संबंधित अफसरों द्वारा सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने मुख्य कार्यक्रम पंडाल, विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगाए गए स्टालों की तैयारियां परखी। संबंधित विभागवार लगने वाले स्टालों के विषय में गहन पूछताछ की। निर्देश दिए कि यहां सरकारी योजनाओं का संगम हो, यहां न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दे बल्कि छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ कर उनका भविष्य संवारे। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आयोजित यूपी दिवस को दिव्य और भव्य बनाने में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व एवं सीडीओ अनिल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सभी सरकारी विभागों ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान सभी विभागीय अफसर अपने स्टालों पर मौजूद नजर आए। निर्देश दिए कि बुधवार को सभी कार्मिक एवं जिम्मेदार लोग समय से अपने उत्तरदायित्व का सम्यक निर्वाहन करेंगे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह यूपी दिवस को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। कार्यक्रम के संयोजक डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि नगरवासियों के यूपी दिवस में शामिल होने से इस आयोजन को चार चांद लगेंगे।



# नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयन्ती 'पराक्रम दिवस' को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**

युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में नेता जी सुभाष चन्द बोस की जयन्ती पराक्रम दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में प्रो हेमन्त पाल ने कहा कि युवा पीढी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के संकल्पों, उनके पराकम तथा इच्छाशक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निर्वहन कर सकती है। विशिष्ट अतिथि असि प्रोफेसर क्षमा तिवारी ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन दर्शन एवं वैचारिकी को वैश्विक संदर्भ में रेखांकित कर नेता जी की दूरदर्शिता एवं कार्यों को विस्तार से बताया। इसी कम में दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में नेता जी की भूमिका यथा आजाद हिन्द फौज, फारवर्ड ब्लाक तथा उनके द्वारा दिये गये विचार तुम मुझे खून दो, में तुम्हे आजादी दूंगा से सम्बन्धित रोचक जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा की। विचार गोष्ठी में डॉ. डी. एन. मालपानी, प्रो. नूतन सिंह, मनोज कुमार मानवेन्द्र यादव, विनयतोष गौतम, सौरभ वर्मा, धर्म नारायण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस | सीतापुर**




जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुये कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है, इसलिये सभी को पर्यावरण सुरक्षा हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास करना चाहिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर सूखा कूड़ा एवं गीला कूड़ा अलग-अलग एकत्र करने हेतु प्रेरित किया जाये। सूखे कूड़े एवं गीले कूड़े का अलग-अलग परिवहन भी सुनिश्चित कराया जाये, जिससे निस्तारण आसानी से किया जा सके। मोहल्ला/गांव स्तर पर कम्पोस्टिंग हेतु लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित करने के निर्देश देते हुये इसके लिये आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नालों का बहाव ठीक रखा जाये, जिससे कहीं पर भी जल जमाव की स्थिति न हो। बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निस्तारण हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि वेटनरी विभाग भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान वृक्षारोपण हेतु विभागवार लक्ष्य आवंटित करते हुये जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण की जाये, यदि किसी विभाग को किसी विशेष प्रजाति के पौध की आवश्यकता हो तो नियमानुसार मांग पत्र वन विभाग को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। गत वर्षों में रोपित पौध का भौतिक सत्यापन करते हुये आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

### घरों व मंदिरों में मनाया गया दीपोत्सव

**जन एक्सप्रेस /जहांगीराबाद/सीतापुर।** कस्बे में मुख्य चौराहे पर स्थित शिव मंदिर भव्य तरीके से सजाया गया। यहां अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। शाम को घरों और मंदिरों पर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। देर शाम तक आतिशबाजी का क्रम भी चलता रहा। रोहिताय शिव मंदिर पर भी सुंदर कांड और भंडारे का आयोजन किया गया। आचार्य कृष्ण मुरारी पांडेय राम कथा व भजन प्रस्तुत किए। देवरिया खुर्द गांव से मां भगवती कमेटी ने भव्य शोभायात्रा निकाली। इस मौके पर शिव कमेटी के अमन श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, आशीष गुप्ता, रितिक जायसवाल, लवी श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, आशीष उपाध्याय सहित अन्य मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से घुसी भरी शताब्दी बस

## हादसे में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल, दो रेफर

**जन एक्सप्रेस । जालौन**




बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भारी शताब्दी बस टकरा गई। हादसे में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से दो लोगों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

जालौन के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे 207 किलोमीटर संख्या के आसपास पर घने कोहरे के चलते बड़ा हादसा देखने को मिला। मंगलवार की सुबह चित्रकूट से मथुरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी शताब्दी बस जालौन में पहुंची। इस दौरान आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए थे। बस तेज रफ्तार होने से उसका संतुलन बिगड़ गया। ट्रक से जाकर भिडंत हो गई। हादसा होते ही बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हड़कंप मच गया। और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक ओर लंबा जाम लग गया। वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने सूचना पुलिस व बुंदेलखंड रहात टीम को दी। सूचना पाकर दोनों टीमें पहुंच गई। जहां पर बस में सवार घायल यात्रियों को सकुशल बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वही दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। वही हादसा में क्षतिग्रस्त हुए दोनों वाहनों को क्रेन से अलग हटाकर यातायात वहाल कराया। वहीं श्रद्धालुओं महावीर, सुनीता, बेनीवाई, ब्रह्मानंद, आदि घायलों ने बताया कि वह बस में करीब 60 से 70 लोग सवार थे। चित्रकूट दर्शन करने गए हुए थे और वह वापस अपने घर कोटा जा रहे थे। तभी यह रास्ते में हादसा हो गया। हादसा किन कारणों से हुआ उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### घर में फांसी पर लटका युवक का शव मिलने से हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के समीप सूने मकान में फांसी पर लटक रहा युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। एट कस्बा निवासी इकबाल 26 वर्ष पुत्र इब्राहिम का शव घर के कमरे में फांसी पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने बताया कि उसकी शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी और वह रेलवे स्टेशन के पास मकान बनवाकर परिवार वालों से पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि करीब दो दिन पहले उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। तभी से वह घर से बाहर नही निकला। परिजन उसको देखने के लिए उसके घर पहुंच गए। गेट न खुलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई और छत के रास्ते घर में घुसे। जहां पर उन्होंने फांसी के फंदे पर लटका देखा और उनमें चीख-पुकार शुरू हो गई। परिजनों की मदद से शव को नीचे उतरवाया गया। मृतक के एक पुत्री है और घटना की सूचना उसकी पत्नी व ससुराल वालों को दे दी गई है, और शव भी दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। मामले की जानकारी लेने पर थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि इस मामले की अभी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर मेडिकल कॉलेज में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**जन एक्सप्रेस । उरई**

अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर शहर के राजकीय मेडिकल कालेज में रामोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण मेडिकल के ऑडिटोरियम में दिखाया गया। सुबह प्रांगण में बने शिव मंदिर में साफ-सफाई व पूजा की। साथ ही मरीजों को फल एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं शाम के समय कालेज के छात्र छात्राओं ने दीप जलाकर आतिशबाजी की खुशी मनाई। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में बने शिव मंदिर में कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. आरके मौर्य व सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन ने पूजा अर्चना की। जिसमें सबसे पहले दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद कालेज के आडिटोरियम हाल में अयोध्या कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद आडिटोरियम हाल में रामनृत्य नाटिका का डॉ. सुमिती श्रीवास्तव व फैकल्टी के नन्हें मुन्ने बच्चों नें मंचन किया गया। बच्चों पुरुस्कृत भी किया गया। शाम के समय छात्र छात्राओं ने मेडिकल परिसर में दीप जलाए और आतिशबाजी कर रामोत्सव मनाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा नें किया। इस अवसर पर डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. जितेन्द्र मिश्रा, डॉ. चरक सांगवान, डॉ. अरुण अहिरवार, डॉ. शैलेश वर्मा, डॉ. रविंद्र राजपूत, उपप्रधानाचार्य डॉ. उमा महेश्वरी, मनिशा दुबे मैट्न, छात्र छात्राओं, फैकल्टी सदस्य व पैरामेडिकल के छात्र छात्राऐं मौजूद रही।

# डीएम-एसपी ने सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस । उरई**




डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. ईरज राजा ने मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर पुलिस लाइन के प्रांगण में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई। इस दौरान डीएम ने कहा कि जीवन बहुत अनमोल है, इसलिए हमें यातायात नियमो का पालन अवश्य करना चाहिए। हमे नशे की हालत में वाहन नही चलाना चाहिए। वाहन चलाते समय दोपहिया वाहन में हेलमेट व चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट अवश्य लगाए। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमो का खुद भी पालन करे और दूसरों को भी नियमो के पालन हेतु प्रेरित करें। नगर के चौराहों पर रेड लाइट का पालन अवश्य करे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा का पालन अवश्य करे। जिससे दुर्घटना न हो, क्योंकि जीवन बहुमूल्य है। इस अवसर पर सीडीओ भीमजी उपाध्याय, पीडी शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, एआरटीओ प्रशासन सौरव कुमार, प्रवर्तन विनय पाण्डेय, सुरेश, राजेश, डीआईओएस राजकुमार पंडित आदि मौजूद रहे।

### मोबाईल छिनैती करने वाले चोरों का हौसला बुलन्द

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जनपद के कसया ढाला भीखम पुर रोड जहा टैफिक पुलिस से लेकर पुलिस वाले जाम से निजात दिलाने हेतू काफी मात्रा मे रहते है वही आये दिन इस कसया ढाले भीखम पुर रोड पर आने जाने वालो से चैन व मोबाईल छिनैती लूट आये दिन दिनर्चया बन गया है वही मंगलवार की सुवह दस बजे एक महिला स्वास्थ्य कर्मी जो कसया ढाले से डियूट्री करने जा रही थी जो अभी मोबाईल से बात करने के लिए निकाली ही थी तब तक कोई युवक छीन कर भग गया जहा काफी मात्रा मे होम गार्ड व पुलिस तैनात होने के बाद भी कुछ कर नही पाये और छिनैती करने वाला युवक लेकर फरार हो गया अब देखना यह है कि पुलिस थाने मे तहरीर देने के वाद कितनी देर मे पता लगाती है।

# ऑल यूनिवर्सिटी में जिले के पांच खिलाड़ियों का हुआ चयन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता टीकाराम महाविद्यालय मोंठ में रविवार को आयोजित की गई। जिसमें लगभग बुंदेलखंड के 30 से अधिक कॉलेज ने प्रतिभाग किया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में पहली बार जनपद जालौन से बीएसएस कॉलेज साइंस एंड आर्ट ने जीतकर जिले का मान बढ़ाया हैं। इसी के साथ ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टीम में कॉलेज के पांच खिलाड़ियों का भी चयन हुआआ। यह एक गौरव की बात है। जनपद जालौन का यह कॉलेज जिले के रहने वाले शैलेंद्र सिंह सेंगर पूर्व रणजी क्रिकेटर जो वर्तमान में गोवा क्रिकेट एसोसिएशन अंडर-19 और अंडर 23 टीम के बॉलिंग कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्हीं के नेतृत्व में बीएस कॉलेज की टीम में प्रतिभाग किया। पहली बार फाइनल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। फाइनल में बीएस कॉलेज की टीम ने मऊरानीपुर के अग्रसेन कॉलेज को 52 रन से हराकर यह कीर्तिमान स्थापित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएसएस कॉलेज की टीम ने 25 ओवरों में विकेटकीपर स्वाभिमान के 31 बॉल पर 56 रन और आदित्य सिंह के 21 रन की बदौलत 154 रन का एक अच्छा स्कोर खड़ा किया। जवाब में अग्रसेन कॉलेज की टीम 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बीएसएस कॉलेज की टीम के तरफ से ऑल राउंड प्रदर्शन करते हुए आदित्य ने 13 रन देकर 4 विकेट लिए अपने ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुने गए और पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते वाले स्वाभिमान को मैन ऑफ द टूर्नामेंट ने नवाजा गया और टीम के 5 खिलाड़ी स्वाभिमान सिंह 2, संतोष, धवल साहू, विवेक यादव, आदित्य चित्रांश का सिलेक्शन भी ऑल यूनिवर्सिटी के लिए हो गया।

# बिना जानकारी के महिला का हुआ दूसरा विवाह: आरोपी पर दुष्कर्म करने का आरोप, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



महोबा में एक अजीबोगरीब हैरत में डालने वाला मामला सामने आया है। जहां महिला की बिना जानकारी के ही उसका दूसरा विवाह हो गया। जब यह बात सामने आई तो पीड़िता और उसका पति अचंभित हो गए। अब पूरे मामले की दंपत्ति शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं। यही नहीं महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को भी अंजाम दिया है। इस अजीबोगरीब मामले को लेकर पुलिस महकमा भी हैरत में है और जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रहा है। बिना महिला की जानकारी के उसका दूसरा विवाह हो गया यह सुनने में आपको भी अजीब लग रहा होगा मगर ऐसा एक मामला सामने आया है बुंदेलखंड के महोबा से। जहां रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर आरोपी के खिलाफ शिकायत देकर उसके साथ हुए दुष्कर्म पर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। पीड़िता अपने पति के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते माह दिसंबर में उसके पति की तबीयत बेहद खराब हो गई थी जिसे इलाज के लिए करीबी जनपद बांदा में भर्ती कराया गया था। उसकी देखभाल के लिए गांव से अक्सर बांदा आया जाया करती थी। पीड़िता बताती है इसी दरमियान गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति जिसका नाम सुशील है वह मदद के बहाने उसके साथ अस्पताल आने जाने लगा और उसने धीमे-धीमे महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को भी अंजाम दिया है। पीड़िता बताती है कि बीती 11 दिसंबर को सुशील उसे बहला फुसलाकर अपने साथ महोबा मुख्यालय ले आया जहां उससे कोरे स्टांप में हस्ताक्षर करवा लिए जिसकी उसे कोई जानकारी नहीं है कि उक्त स्टांप का उसने क्या किया लेकिन बाद में पता चला कि उसने कोर्ट मैरिज लिखवाकर उसकी नोटरी करवा ली है। जब पीड़िता को इसकी जानकारी लगी तो उसके पैरों तले जमीन ही खिसक गई। वह बताती है कि प्रेम जाल में फंसाकर दुष्कर्म और उसके बाद धोखा देकर कोर्ट मैरिज लिखवा लिया गया है। पीड़िता की माने तो जब उसे कोर्ट मैरिज होने की बात आरोपी ने बताई तो उसने इस बात का विरोध किया कि बिना उसकी जानकारी के उसने ऐसा किया है तो आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया और कहा कि तेरा पति तो वैसे भी मर जाएगा ऐसे में मैंने तुझसे कोर्ट मैरिज कर लिया है अगर तू विरोध करेगी तो तेरी हत्या कर दूंगा। पति की तबीयत ठीक होने पर पीड़िता ने 11 जनवरी को आप बीती अपने पति को बताई। जिसके बाद दोनों ने थाने में पहुंचकर उसके साथ हुए धोखे की शिकायत के अलावा दुष्कर्म की वारदात का खुलासा किया है, लेकिन आरोप है कि इस मामले में स्थानीय कबरई पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि आरोपी को एक दिन बैठकर शांति भंग में सिर्फ चालान किया गया, जबकि पीड़िता का आरोप है उसके साथ धोखे के अलावा दुष्कर्म किया गया है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही। ऐसे में पीड़िता अपने पति के साथ न्याय की गुहार लगाने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है। पीड़िता की शिकायत सुनकर पुलिस भी हैरत में है और जांच के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है। जब इस मामले को लेकर कबरई थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह से बातचीत की गई तो उसने थाने में ऐसा कोई भी मामला न आने की बात कही है और कहा है कि जब भी ऐसा मामला आएगा तो शिकायत के आधार पर जांच और कार्यवाही की जायेगी।

### हत्याभियुक्त को हुआ आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** हत्यारे को जिलाजज ने आजीवन कारावास तथा 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से नवाजा है। अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी थाना श्रीनगर क्षेत्र के ग्राम भण्डरा निवासी किशोरी पुत्र छुन्नईया अहिरवार ने मामूली वाद विवाद के चलते गांव के ही एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। मृतक के परिजनो द्वारा थाना श्रीनगर पहुँचकर मुकद्मा संख्या 170/21 धारा 302 भादवि के तहत मुकद्मा पंजीकृत कराया था। थाना श्रीनगर पुलिस ने हत्यारे किशोरी को बंदी बनाकर जेल भेजा था तथा मामले की विवेचना कर न्यायालय को सौप दी थी। सत्र परीक्षण के दौरान वादी मुकद्मा, पुलिस व चिकित्सक के ब्यान होने तथा विद्वान अधिवक्ताओ की दलीले सुनने के बाद हत्या का मामला सिद्ध हो जाने पर विद्वान जिलाजज जयप्रकाश यादव की अदालत नें हत्यारे किशोरी को आजीवन कारावास तथा पॉच हजार रूपये के अर्थदण्ड से नवाजा है। न्यायालय मे भी हत्यारे को पुलिस ने अपनी कस्टडी मे लेकर जेल भेजा है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने ली बैठक

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आजादी के महापुरुषों के बारे में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूलों में बताएं व सभी स्कूलों के कार्यालयों में महापुरुषों के चित्रों को भेजकर स्थापित कराया जाएं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को सभी सरकारी भवनों की बेहतरीन तरीके से सजावट की जाए तथा डीपीआरओ को सभी पंचायत भवन, प्रधान कार्यालयों की सजावट करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा की सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई एवं सजावट की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि 25 व 26 जनवरी को 24 घंटे विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मतदाता दिवस, सड़क सुरक्षा एवम पंचप्रण की शपथ दिलाई जाए। उप कारागार में बंदियों को तथा अनाथालय, वृद्धा आश्रम में फल वितरण कराया जाएगा। स्कूलों के बच्चों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी व महापुरुषों की झांकी निकाली जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी पार्कों में साफ-सफाई व पेंट कराया जाए तथा सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई कराई जाए एवं मलिन बस्तियों में 24 व 25 जनवरी को साफ-सफाई कराएं। और कहा की नगर पालिका, नगर पंचायत विद्युत् पोलों में लगे तिरंगा लाइट के ऊपर लगे बैनरों को तत्काल हटवाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, एडीएम वित्त, राजस्व रामप्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, सीएमओ डॉ आशाराम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# दीपों से जगमगा उठा रामकुण्ड धाम



**जन एक्सप्रेस । महोबा**

अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर श्री उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवालय दियों की रोशनी से शाम को जगमगा उठा। ठीक 6 बजे भक्तों ने दीप प्रज्जुलित कर अंधेरे में अपूर्व आभा बिखेर दी। दूर से जलते दियों की छटा नयनाभिराम थी। सड़क से गुजरने वाले वाहन खड़े होकर शिवालय की मोहक झांकी निहारते रहे। ठाकुर मोहित सिंह ,ब्यापारी मोहन कुशवाहा ने मित्रों सहित देवाधिदेव महादेव की भव्य आरती से पूर्व शिवालय में दीपमालिकाओं की सजावट ग्यारह सौ दियों को जला कर की। प्रमुख पुजारी पं0 शिव किशोर पाण्डेय ने आरती उपरांत भोलेनाथ को लगा भोग सभी श्रद्धालुओं को वितरित किया। दीपोत्सव के भव्य व दिव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित हुए।

# नेता जी की जयंती मनायी गयी, टोल प्लाजा कर्मियों ने सड़क सुरक्षा नियमों से वाहन चालकों को कराया अवगत

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में कानपुर हाइवे लिमिटेड, टोल प्लाजा खन्ना की टीम द्वारा ब्रह्माचारी इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे हाइवे टीम द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो की विस्तृत जानकारी दी गयी। छात्र छात्राओं तथा अध्यापकों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी को सड़क नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई गई व मानव श्रृंखला बनाकर जागरूकता प्रदान करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा शिवशंकर सिंह, टोल प्लाजा खन्ना प्रबंधक हेमंत सिंह राजपूत, प्रवेंद्र सिंह राठौर सड़क सुरक्षा अधिकारी ललित प्रताप, संदीप कुमार, पिकल गांधी व कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह व शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

### जय श्री राम के नारे से गूंजा प्यासी गांव

**जन एक्सप्रेस/नोनापार,देवरिया।** अयोध्या मे नव निर्मित भगवान राम की जन्मभूमि पर भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठान को लेके पूरे देश भर में विभिन्न विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है वही प्यासी गांव के प्रधान अमरनाथ मिश्र ने कंबल बाटा लोगो में भी प्राण प्रतिष्ठान को लेके उमंग रहा गांव के लोग ने भव्य शोभायात्रा निकाला गया जिसकी शुरुआत मंदिर से किया गया वही हर चौराहे, गली को भगवा झंडे से सजा के युवकों द्वारा जगह जगह पे जुलूस में शामिल भक्तो को तमाम खाद्य सामग्री व पीने के पानी का वितरण किया गया वही बृजराज मिश्र जयप्रकाश मिश्र भोलू मिश्र अजय मिश्र गुचकन मिश्र रविन्द्र मिश्र सदानंद दिक्षित दुर्गेश मिश्र सुधाकान्त मिश्र अनील मिश्र श्री नाथ मिश्र बृजेन्द्र मिश्र राजन मिश्र राधी दिक्षित रतन मिश्र सरोज मिश्र दरोगा मास्टर सम्पूर्णा नन्द मिश्र प्रदीप मिश्र देवी मिश्र अर्जुन मिश्र रत्नाकर मिश्र विवेक दिक्षित पिनटु गोंड मृगेंद्र मिश्र हृदय मिश्र आलोक मिश्र छोटु मिश्र गणेश मिश्र बडकु मिश्र सर्वेश मिश्र ने पुन: शाम को मंदिर परिसर में दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम का समापन हुआ

### विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष देवरिया गिरीश चन्द्र तिवारी के कर कमलों द्वारा किया गया। अध्यक्ष द्वारा युवाओ का उत्सावर्धन किया गया और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ से जुड़कर लाभ लेने हेतु युवाओ को प्रेरित किया गया तथा चयनित अभियार्थियो को नियुक्ति पत्र वितरित किए ढ्ढ रोजगार मेले में 140 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं रोजगार मेले में उपस्थित 6 कंपनियों द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 85 अभ्यर्थियों का चयन किया इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी प्रतिनिधि, जिला कौशल प्रबंधक अतिकु र्रहमान, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक गोविन्द चौहान तथा राजेश यादव, अलोक कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षण प्रदाता एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थेः संजय महिंद्रा

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी की पूर्व संध्या 22 जनवरी को अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चौक घंटा घर पर स्थित शहीद स्मारक पर 5100 दीप जलाकर दीपांजलि समारोह बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधीक्षक वअयोध्या धाम ट्रस्ट के संरक्षक प्रीतम सिंह वशिष्ठ अतिथि राम बहल व आर्य कन्या इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती मीनू कपूर द्वारा शहीद स्मारक पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीपांजलि समारोह की संयोजक व ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हर वर्ष अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट इसी स्थल पर 5100 जलाकर दीपांजलि समारोह धूमधाम से आयोजित करता है दीपांजलि कार्यक्रम समारोह को संबोधित करते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि नेताजी सुभाष




चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था उनके द्वारा नारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया दीपांजलि समारोह कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी अधिवक्ता व्यापारी डॉक्टर छात्र-छात्राएं व्यापारी बंधु सहित शहर के गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित थे दीपांजलि समारोह स्थल पर चांदनी सिद्दीकी की पूरी टीम ने सुंदर रंगोली बनाकर लोगों का मनमोहित कर दिया इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक भारतीय सिंह एडवोकेट ने रंगोली बनाने वाली पूरी टीम तथा उपस्थित ट्रस्ट की महिलाओं को पटका पहनकर सम्मानित भी किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में आज की युवा पीढ़ी को भली-भांति जानने की आवश्यकता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश की आजादी के लिए जो काम किया है उसको जीवन भर बुलाया नहीं जा सकता कार्यक्रम सह संयोजक श्रीमती बबीता यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके हम इतिहास को बचाने का काम करते हैं युवाओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में जानना अति आवश्यक है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष कविंद्र साहनी, उपाध्यक्ष अवधेश कुमार शुक्ला, ऑडिटर उमेश चंद्र, इंजीनियर उपाध्यक्ष मंजूर खान, उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सचिन सरीन, ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष एकता टंडन, सचिव संजय श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती कंचन राठौर, अजय श्रीवास्तव, राज नारायण आर्य, आकांक्षा सिंह, श्रीमती निर्मला सिंह, विनोद कुमार शर्मा, शहीद स्मारक के संयोजक ओमप्रकाश नाहर, श्रीमती मीना श्रीवास्तव, शिशिर दुबे, स्मृति मौर्य, कुसुम, मुस्कान मौर्य, रुक्मणी मौर्य, ममता चौरसिया, प्रियंका गुप्ता, कोमल कनौजिया, राधा मानव मल्होत्रा, संदीप मध्यान, रजनीश शुक्ला, जोतना सिंह, सारिका श्रीवास्तव, राजा कुंभ सिंह, कोमल, कुसुम वर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, राजेश गोद, पार्षद विपिन यादव, एडवोकेट डॉ रमेश चंद्र भारद्वाज, आनंद अग्रहरि, राजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व पुलिस अधीक्षक सहित सैकड़ो की संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक व पुरुष शामिल थे।

# रामोत्सव से राममय रहा भरतकुंड: अरविंद तिवारी

जन एक्सप्रेस | बीकापुर- अयोध्या

प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्रीय लोग पर्व के रूप में मनाते हुए छोटे-छोटे मंदिरों पर क्षेत्रीय गणमान्य लोगों द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं प्रसाद भंडारा का आयोजन करते देखे गए हैं। इसी क्रम में नंदीग्राम भारत कुंड को फूल मालाओं से सजाकर अलग-अलग मंदिरों में तरह-तरह के आयोजन करने के साथ शाम को दीपोत्सव का कार्य सभी मंदिरों में कियागया है। भारत तपस्थली के पुजारी पंडित पवन तिवारी द्वारा भक्तों के भोजन प्रसाद की व्यवस्था में लगे देखा गया है। उक्त कार्य क्रम नंदीग्राम भारत कुंड के प्राचीन तपस्थली मंदिर में राम उत्सव के एक दिन पूर्व रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया गया। और सोमवार को सुबह अखंड पाठ समाप्त होने के बाद विधि - विधान से हवन पूजन का कार्य स्थानीय वेद पार्टी ब्राह्मण पंडित अरुण तिवारी द्वारा संपन्न करवाया गया है। हवन के बाद से भोजन प्रसाद को चला दिया गया जो देर रात तक भजन सभी भक्तों द्वारा किया जाता रहा है। उक्त प्राचीन मंदिर के प्रशासक अरविंद तिवारी के आयोजन पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा राम धुन पर नाच कर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया गया। बच्चों के कार्यक्रम के बाद इंग्लैंड से आई साध्वी ज्योति प्रज्ञा भारती, साध्वी अवशी भारतीयों, साध्वी प्रज्ञा भारत, आदि लोगों ने एकत्र प्राचीन मंदिर के जन समूह को भगवान के असली रूप के दर्शन करने का मूल मंत्र देते हुए। भक्त जनों को प्रभु की महिमा की जानाकरी देंते गागर में सागर भरने का कार्य किया है तथा दिनभर भजन किर्तन में पूरे नंदीग्राम राममय् बना रहा है।

# धूमधाम से मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती बड़ी धूम से नन्द कान्वेंट स्कूल में स्कूल के प्रबंधक नन्द की अध्यक्षता में व मालती तिवारी के संचालन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ,जयप्रकाश श्रीवास्तव और अखिलेश सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहे। नेताजी की जयंती को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के सदस्य जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि आज अगर हमें आजादी मिली तो इन क्रांतिकारियों की देन है।और उनकी परम्परा को आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।उसके बाद एक गीत÷फिर तेरी कहानी याद आई,फिर तेरा फसाना याद आया,सुनाया।ट्रस्ट के सदस्य अखिलेश सिंह ने कहा कि आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे क्रान्तिकारी योद्धाओं को याद करते हुए उनके विचारों को आगे बढ़ाना होगा।तभी हम अपने क्रांतिकारियों के सपने को साकार कर पाने में सफल होंगे।ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में अपनी जान कुर्बान करने वाले योद्धाओं की परम्परा को आज के युवाओं को आगे बढ़ाना होगा।नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने नारा दिया तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हें आजादी दूंगा।आज क्रांतिकारियों को परम्परा को भुलाया जा रहा है।सरकारें भी अनदेखी कर रही है।आजाद हिंद फौज बनाकर नेताजी ने अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़



फेंका।कार्यक्रम को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता यादव,अर्चना पांडेय,नीतू द्विवेदी,मीरा मिश्रा,एमपी मिश्रा,शैलेन्द्र ने भी सम्बोधित करके नमन किया।कार्यक्रम के अंत मे नन्द कान्वेंट के प्रबंधक राजेश नन्द ने अपने अध्यक्षीय व्यक्तव्य में कहा कि देश की आजादी में वीरों ने कुर्बानी देकर आजाद कराया।नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे योद्धाओं कि विरासत को आगे बढाने के लिए हम सबको आगे आना होगा।कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने आवास हेतु बनाई जा रही टेंट सिटी का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** श्री राममंदिर दर्शन यात्रा 25 जनवरी से प्रारम्भ हो रही है। जिसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने आवास हेतु बनाई जा रही टेंट सिटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उनके साथ प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह, मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, सुनील तिवारी शास्त्री रहे। उन्होनें टेंट, जल व्यवस्था, शौचालय, प्रसाधन की व्यवस्थाओं को देखा व आवश्यक निर्देश संबंधित को दिया।
इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान है। देश-विदेश से आने वाले राम भक्तों को यहां आने के बाद किसी प्रकार की असुविधा न हो। उसके आवास के साथ टेंट सिटी में भोजन, अल्पाहार, मेडिकल व्यवस्था, अलाव व्यवस्था, शौचालय सहित सभी व्यवस्थाएं की गई है। प्रयास है कि अयोध्या से रामभक्त आध्यत्मिकता के साथ यहां के आतिथ्य भाव की स्मृति भी आपने साथ लेकर जाए।
आवास व्यवस्था को लेकर टेंट सिटी में 6 नगर बसाए गए है।

# असम के मुख्यमंत्री और केंद्र की प्रशासनिक विफलताओं और भ्रष्टाचार को छिपाने का एक हताश प्रयास : वेद सिंह कमल

जन एक्सप्रेस | अयोध्या

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से निकल जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर असम में योजना बद्ध तरीके से दो बार हमला किया गया इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर विरोध प्रदर्शन किया।



जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भारत जोड़ो न्याय यात्रा जो कि युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए सफलतापूर्वक न्याय की मांग कर रही है। उसे यात्रा को, भाजपा, विशेष रूप से असम में इसके सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री, हिमंत बिस्वा सरमा, इस शांतिपूर्ण यात्रा को बाधित करने की सख्त कोशिश कर रहे हैं। श्री यादव ने कहा विगत दिनों में, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिलों पर योजनाबद्ध हमले और इन उपद्रवियों द्वारा हमारी यात्रा के पोस्टरों को फाड़ने की घटनाएं देखी हैं। दिनांक 21-01-2024 को भाजपा कार्यकर्ताओं की जानबूझकर इकट्ठी की गई भीड़ ने राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही भारत जोडो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित हमारी पार्टी के कई नेता घायल हो गए। हम इस कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं तथा दोषियों के विरुद्ध सखूत से सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा भाजपा समर्थित इन गुंडों द्वारा न्याय यात्रा पर ताजा हमला किया गया। यह और कुछ नहीं बल्कि असम के मुख्यमंत्री और केंद्र की भाजपा सरकार की प्रशासनिक विफलताओं और भ्रष्टाचार को छिपाने का एक हताश प्रयास है।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा हमारे मुद्दे को दबाने के ऐसे जबरदस्त प्रयासों के सामने, कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता दृढ़ और एकजुट है।
कांग्रेस पार्टी इस तरह की अराजकता की घर निंदा करती है तथा कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार द्वारा पार्टी नेताओं के प्रति की जड़ी उत्प्रेरणात्मक कार्यवाही के विरोध में एकजुटता और दृढ़ता के साथ खड़ा है। जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं पर किया गया हमला लोकतंत्र विरोधी तथा असम सरकार की हताशा का परिचायक है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, कवींद्र साहनी, अशोक राय, फ्लावर नकवी, चंचल सोनकर, अमरीश कुमार पांडे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय तिवारी, राहुल तिवारी, देव वर्मा, प्रेम प्रकाश पांडे, तेजबली पांडे, लाल मोहम्मद, आशीष गुप्ता, महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष सविता यादव अभिषेक कुमार, अरुण साहू, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में सम्मनपुर पुलिस ने एक दलित युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर हाल ही में एक वीडियो वायरल की गई थी। जिसमें प्रभु श्री राम व उनके अनुज लक्ष्मण को एक पेड़ से बांधकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा कोड़ा से पीटते हुए दिखाया गया था। उक्त वीडियो वायरल होने के बाद जनमानस में आक्रोश व्याप्त हो गया। शिकायत पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने वीडियो वायरल करने के आरोप में सकरा यूसुफपुर के दलित युवक सुधांशु को गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी ने कहा कि धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपित सुधांशु के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत नि :शुल्क जांच शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद के जिला चिकित्सालय के एमसीएच विंग में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए मूक बधिर बच्चो के शिविर ने बनाया रिकार्ड-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 23 जनवरी को जिला अस्पताल मे जांच शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबन्धक सुनील वर्मा ने बताया कि ऐसे बच्चे जो बोल या सुन नहीं पाते ऐसे बच्चों के लिए नि÷शुल्क प्री टेस्ट/पोस्ट टेस्ट,सीटी स्कैन,एम आर आई फॉलोअप/ स्पीच थेरेपी कान के सुनने की मशीन आदि सेवाओं हेतु निशुल्क जांच कैंप लगाया गया जिसमें 121 बच्चों के माता पिता अपने बच्चों को जांच हेतु लाए।जांच मे 83 बच्चे उक्त बीमारी से ग्रसित पाये गए उनको फ्री ऑपरेशन के साथ साथ कान के सुनने



की मशीन,औषधियाँ भोजन आने-जाने एवं रहने की व्यवस्था विनायक हॉस्पिटल एवं कॉस्मेटिक सेंटर लखनऊ द्वारा की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने बताया कि ऐसे अभिभावक जिनके बच्चे किसी भी प्रकार का जन्मजात दोष अथवा बीमारी से ग्रस्त है वो अपने नजदीकी चिकित्सा इकाई से संपर्क करे ऐसे बच्चें जिनका इलाज राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं हो सकता उनका उपचार जिला प्रशासन नि शुल्क कराएगा। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर राज कुमार ने बच्चों में होने वाले जन्मजात दोष के कारणों एवं उपचार पर विस्तृत जानकारी प्रदान की, कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा बिरेंद्र झा ने बताया कि एक मूक बाधित बच्चे के ऑपरेशन पर 8 लाख रुपए का खर्च आता है जो कि सरकार की तरफ से निशुल्क है इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा ओम प्रकाश, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा आशुतोष सिंह, डा आमिर अब्बास,एवं आरबीएसके टीम के डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकर नगर।** जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के अमौली पेठिया गांव में सुनसान घर में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमौली पेठिया गांव के स्वामीनाथ पांडे का 45 वर्षीय पुत्र ज्ञान प्रकाश पांडे बहन की शादी को लेकर कई दिनों से मानसिक अवसाद में चल रहे थे। वह मंगलवार सुबह करीब चार बजे परिवार वालों को जानकारी दिए बिना घर से बाहर निकले थे। घर के लोग खोजबीन कर रहे थे। इस बीच स्वजनों को पता चला कि युवक ने गांव के ही बबलू पांडे के सुनसान घर की बाउंड्री में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। स्वजन भागे भागे मौके पर पहुंचे। तो वहां पर युवक का शव बाउंड्री वॉल में एक मुक्के में फांसी के फंदे के सहारे लटक रहा था।

# मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन हेतु जिलाधिकारी ने की प्रेसवार्ता

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर

जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ तथा मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 के अंतिम प्रकाशन हेतु प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विगत 06 वर्षों में प्रथमबार 70774 मतदाताओं का नाम जोड़ा और 35810 मतदाताओं का नाम अपमार्जित तथा 17549 मतदाताओं का नाम सशोधित किया गया कुल मिलाकर इस अभियान में 124133 फार्म प्राप्त किये गये।संक्षिप्त पुनरीक्षण के सुपरवीजन हेतु 155 सेक्टर आफिसर एवं 189 सुपरवाइजर के साथ-साथ 25 ए0ई0आर0ओ0 की तैनाती की गयी थी।प्रतिदिन फार्म फीडिंग / अपलोडिंग की समीक्षा बैठक के माध्यम से और गूगल मीट के माध्यम से की जाती थी जिसके कारण दिनाक 07.01.2024 तक प्राप्त प्रत्येक फार्म की फीडिंग कर अपलोडिंग का कार्य किया गया और कोई भी फार्म फीडिंग / अपलोडिंग अवशेष नहीं है। सेक्टर आफिसर की बैठक तीनबार 50-50 के बैच में 9 दिनों तक की गयी यह उसी का परिणाम है जिसमें 26444 युवा मतदाता का नाम जोड़ा गया जो प्रथमबार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि प्रथमबार बी0एल0ओ0 ऐप और आनलाइन के माध्यम से 61773 मतदाताओं का नाम जोड़ा/अपमार्जित/सशोधित किया गया है।जनपद में 80 प्लस मतदाताओं की सख्या कुल 34633 है जिसमें 120 प्लस मतदाताओं की सख्या 9 है।प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं विशेष अभियान की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रेस मीडिया एवं प्रिन्ट मीडिया का सराहनीय सहयोग रहा है।
आम नागरिक / मतदाताओं को हेतु जनपद स्तर एव तहसील स्तर पर ई0बी0एम0 /बीवीपैट के माध्यम से ई0वी0एम0 प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किया गया है जहाँ प्रत्येक नागरिक / मतदाता अपनी जिज्ञासा को दूर कर सकता है कि उसका मत उसके द्वारा डाले गये मत पर ही पड़ा है।

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई । जयंती अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती' मनाई गई। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय नें उनके चित्र पर माल्यापर्ण करके द्वीप प्रज्जवलित किया ।विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 तिवारी ने बच्चों को बताया कि भारत में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और 'जय हिंद' का नारा देने वाले सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर साल 23 जनवरी को मनाई जाती है । सुभाष चंद्र बोस का



जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीस के कटक मे हुआ था। उनके जन्म को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के रूप में मनाकर उन्हें याद किया जाता है।
साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि भी दी जाती है। सुभाष चंद्र बोस राजनेता और बुद्धिजीवी नेता को भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में खास योगदान के लिए जाना जाता है । नेताजी के जन्मदिवस को 'पराक्रम दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस केवल एक इंसान का नाम नहीं है बल्कि ये नाम है उस वीर का, जिनकी रंगो में केवल देशभक्ति का खून बहता था। बोस भारत मां के उन वीर सपूतों में से एक हैं, जिनका कर्ज आजाद भारतवासी कभी नहीं चुका सकते है। अपनी मातृभूमि को गुलामी की जंजीर से आजाद कराने के लिए खुशी-खुशी अपना लहू बहाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस पूर्वी एशिया पहुंचकर उन्होंने रास बिहारी बोस से 'स्वतंत्रता आन्दोलन' का कमान लिया और 'आजाद हिंद फौज' का गठन किया और नारा दिया था कि ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा''। इसके बाद सुभाष जी को 'नेताजी' कहा जाने लगा।

## एमएलके कॉलेज में मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर ।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई । जयंती के उपलक्ष्य में एन सी सी, एन एस एस व रोवर्स-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नेताजी के कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी को नेता जी सुभाषचंद्र बोस के स्वतंत्रता संघर्ष की जानकारी देते हुए उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित एन सी सी केडेटों, स्वयंसेवक व रोवर्स रेंजर्स को सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह, डॉ दिनेश मौर्य, एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ जितेंद्र भट्ट, रें जर्स प्रभारी डॉ आकांक्षा त्रिपाठी व महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चौहान मौजूद रहे।

# सुभाष चंद्र बोस जयंती अवसर पर छात्र छात्राओ को डीएम ने दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के स्पोर्ट स्टेडियम में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई गई। जयंती अवसर पर परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता रैली एवं मानव श्रंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यालय के एक दर्जन से अधिक विद्यालयो के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर यातायात नियमों के पालन की शपथ ली ।
जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ नेता सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि



नेता सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात कर उनके अधूरे सपने को साकार करना है। विद्यालय के बच्चों को जिलाधिकारी ने यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी कानून के पालन को लेकर शपथ दिलाई है।
छात्र छात्राओ ने मानव श्रंखला बनाकर यातायात जागरूकता रैली निकाली। मानव श्रंखला रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यालय के सीएमएस इंटर कॉलेज, बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज, एमडीके कॉलेज, बालिका विद्यालय, डीएवी इंटर कॉलेज, एमपी पी इंटर कॉलेज, भगवती आदर्श इंटर कॉलेज, सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं मानव श्रृंखला एवं जागरूकता रैली में शामिल हुए। रैली को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों के पालन से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को वाहन चलाते समय यातायात नियमों के पालन की अपील की है । जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने स्कूलों के प्रिंसिपल को निर्देशित किया कि प्रार्थना सभा में छात्र छात्राओ को यातायात नियमों के पालन को लेकर जानकारी दें। साथ ही साथ 18 वर्ष से कम आयु के छात्र छात्राओ को वाहन किसी भी सूरत में स्कूल न लाने दें। अभिभावकों को इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी, सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय के आर आई प्रदीप कुमार, अपर सूचना अधिकारी आशुतोष कुमार, सीएमएस इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल केपी यादव, प्रिंसिपल हेमंत तिवारी, डीएवी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल हरिप्रकाश वर्मा, बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज प्रिंसिपल रेखा देवी, अवधेश कुमार पांडे, एमपी इंटर कॉलेज प्रिंसिपल राकेश प्रताप सिंह व सुरेश कुमार यादव सहित विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में शामिल रहे।

# वन विभाग ने कबीरगंज नौका घाट पर बंद कराया नाव का संचालन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा (पूरनपुर)।** बफर जोन टाइगर रिजर्व संपूर्णानगर वन क्षेत्र के अंतर्गत शारदा नदी के कबीरगंज नौका घाट का संचालन वन विभाग ने बंद कर दिया। नौका घाट ठेकेदार को नोटिस देकर बकाया रुपए शीघ्र जमा करने का आदेश दिया है। बफर जोन टाइगर रिजर्व संपूर्णानगर वन रेंज क्षेत्र के कबीरगंज बीट चौकी के अंतर्गत

### ✻ बकाया धनराशि जमा न करने पर वन विभाग ने ठेकेदार को भेजा नोटिस

शारदा नदी के कबीरगंज नौकाघाट का संचालन ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा था। नौका घाट का ठेका होने के बाद नाव का संचालन घाट ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा था। कबीरगंज के नाम से नौका घाट का ठेका वन विभाग के द्वारा दिया जाता है। इधर ठेकेदार कबीरगंज नौका घाट के नाम पर निर्धारित स्थान के अलावा अन्य स्थान पर भी नाव का संचालन कराकर अवैध तरीके से वसूली कर मुनाफाखोरी में लग जाते हैं।इसके बाद भी वन विभाग के ठेके का बकाया धनराशि जमा नहीं करते हैं।वर्तमान में कबीरगंज नौका घाट के ठेकेदार के द्वारा ठेका की रकम जमा नहीं करने पर उच्च वनाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर बफर जोन टाइगर रिजर्व संपूर्णानगर रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी आरपी सिंह के द्वारा कबीरगंज नौकाघाट का संचालन तत्काल बंद करा दिया गया है। ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए बकाया धनराशि शीघ्र जमा करने का निर्देश दिया।साथ ही बकाया रुपये नहीं जमा करने पर वन अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाज का भला चाहते हैं इसलिए उन्होंने सड़क सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है: संजय सिंह गंगवार

### ✻ सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित की गयी मानव श्रंखला में चार हजार से अधिक बच्चों ने किया प्रतिभाग

### ✻ राज्यमंत्री गन्ना विकास चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि राम राज की संकल्पना को पूर्ण करने के लिए हमें सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देनी है। आज सडक सुरक्षा की मानव श्रृंखला में अनुशासन इसका प्रमाण है। राज्यमंत्री श्री गंगवार मंगलवार को स्थानीय गांधी स्टेडियम में परिवहन विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित सडक सुरक्षा जागरूकता मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समाज का भला चाहते इसलिए उन्होंने सडक सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता में रखा है। श्री संजय सिंह गंगवार ने परिवहन विभाग और जिलाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि एक वर्ष में सडक दुर्घटनाओं में कमी आई है, इतना ही नहीं इन दुर्घटनाओं में घायलों और मृत्यु दर भी कम हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में दुर्घटनाओं में पांच प्रतिशत की कमी आई है। गत वर्ष की तुलना में मृतकों की संख्या में नौ प्रतिशत की कमी आई है, जबकि घायलों की संख्या में 24 प्रतिशत की कमी आई है। गन्ना विकास राज्यमंत्री ने स्कूली बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने माता पिता से दो पहिया वाहन चलाने से पूर्व हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चलाने से पूर्व सीटवेल्ट लगाने को कहें। विशिष्ट अतिथि के रुप में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कहा कि सडक सुरक्षा आज का महत्वपूर्ण विषय बन गया है। उन्होंने कहाकि आप स्वयं यातायात के नियमों का पालन करते है, अगर सामने वाला नियमों का पालन नहीं करता हैं तो भी हमें अपनी जीवन रक्षा भी करनी है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक स्थिति में सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। स्वागत भाषण में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने मंगलवार को देश की क्रांतिकारी आंदोलन के अगुआ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर एक साथ सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया है। पूरे प्रदेश में एक साथ सडक सुरक्षा की शपथ दिलायी जा रही है। मंगलवार को आयोजित इस सडक सुरक्षा जागरूकता मानव श्रृंखला में नगर क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी इंटर कॉलेज, राजकीय रामलुभाई साहनी महाविद्यालय, उपाधि महाविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के लगभग चार हजार से अधिक बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर सडक सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। इस समारोह का संचालन डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। सडक सुरक्षा पर मानव श्रंखला समारोह में अपर जिलाधिकारी रामसिंह गौतम, मुख्य विकास अधिकारी धर्मेद्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि उदयनारायण, पुलिस उपाधीक्षक नगर अंशु जैन, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरजेश चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह, जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार, जिला ओलंपिक एसोसियेशन के अध्यक्ष अनिल महेंद्र, रामलुभाई साहनी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एपी गंगवार, डॉ. बरखा, उपाधि महाविद्यालय की डॉ.राखी मिश्र, दिवाकर सिंह मौजूद रहे। मानव श्रृखला बनाने के लिए परिवहन विभाग के आर आई हरिओम एवं समस्त कर्मियों को लगाया गया था। स्कूली बच्चों की पंक्तिवद्ध मानव श्रृंखला निर्माण में इनका विशिष्ट सहयोग रहा। जनपद स्तर पर आयोजित हुए इस कार्यक्रम के साथ ही तहसील स्तर एवं खंड विकास स्तर पर भी मानव श्रृखला निर्माण व सड़क सुरक्षा शपथ के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## 'नारी शक्ति स्वरूप होती है बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है'

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज महिला कल्याण विभाग पीलीभीत द्वारा नगर पालिका परिषद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की थीम पर महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे में जागरूक करते हुए हाइजीन किट वितरित की गई। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष महोदया के सौजन्य से जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता जी के द्वारा महिला हेल्प की स्थापना नगर पालिका परिषद में कराई गई। जिससे महिलाओं व बच्चों को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित व अन्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके, यह महिला हेल्प डेस्क उनके लिए एक सेतु का कार्य करेगी जिससे महिलाओं को संपूर्ण जानकारी मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष महोदया के द्वारा सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाते हुए कहा कि नारी शक्ति स्वरूप होती है बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है समाज का निर्माण बिना नारी के संभव नहीं है। उन्होंने बालिकाओं महिलाओं को बताया कि सशक्त होने का मतलब स्वावलंबी होना, स्वतंत्रता से अपने निर्णय लेना या खुलकर बोलने ही नहीं है बल्कि परिवार के दायित्व को पूर्ण करते हुए स्वयं का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ना भी है।

## प्राण प्रतिष्ठा के चल रहे कार्यक्रम में महिलाओं ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का तिलक लगाकर किया अभिनंदन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के पैतृक गांव कुकरी खेड़ा में जहां प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन भी राम धुन की धूम रही इस अवसर पर राज्य मंत्री ने घर घर रामचरितमानस पुस्तिका का वितरण किया और लोगों से राम के आदर्श पर चलने की अपील की। बताते चले कि सोमवार को अयोध्या में जहां राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद आज मंगलवार को ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ग्राम कुकरी खेड़ा में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन से चल रहें। कार्यक्रम में भाग लिया जहां भगवान राम के आदर्शों पर चलने की लोगों से अपील की उन्होंने कहा कि राम नगरी अयोध्या में लंबे समय संघर्ष के बाद भगवान राम की प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह सदियों के संघर्ष का इतिहास जहां पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ और वहां पर राम लला विराजमान हुए उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे प्राण हमारे आदर्श हैं। और जीवन जीने की कला उन्होंने अपने जीवन काल में उन मर्यादा का पालन किया जिससे उनका राज्य रामराज कहलाया।

आज हमें ही भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए रामराज की ओर कदम बढ़ाने हैं।

और समाज में एक आपसी भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेना हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों पर चल कहीं हम विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। इससे पूर्व राज्य मंत्री श्री गंगवार ने गांव में घर-घर जाकर रामचरितमानस कोशिका का वितरण किया और लोगों से भगवान राम के आदर्श पर चलने की अपील की।

इस दौरान घर में महिलाओं ने राज्यमंत्री श्री गंगवार का तिलक लगाकर अभिनंदन किया।

इससे पूर्व राज्य मंत्री श्री गंगवार में गांव स्थित मंदिर में चल रही अखंड रामायण पाठ के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्री गंगवाल के पिता श्री बाबूराम गंगवार, ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, विजय सिंह गंगवार सहित बड़ी संख्या में ग्राम ग्राम के लोग मौजूद रहें।

# शीत अवकाश के बाद खुले स्कूल सर्दी ने घटाई छात्र उपस्थिति संख्या

### ✻ पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में 25 प्रतिशत से भी कम पहुंचे बच्चे

### ✻ बीईओ ने कई स्कूलों का निरीक्षण कर परखे हालात, शिक्षकों को दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**पूरनपुर।** शीतलहर अवकाश के करीब 22 दिन बाद मंगलवार को कक्षा एक से आठ तक के स्कूल खुले। छात्रों में स्कूल जाने का उत्साह रहा लेकिन सर्दी के सितम ने उनको स्कूल की तरफ नहीं बढ़ने दिया। इससे अधिकांश स्कूलों में छात्र उपस्थिति संख्या बेहद कम रहीं। बीईओ ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूलों में छात्र उपस्थिति संख्या कम पाई गई। उन्होंने शिक्षकों को निदेश दिए। हालांकि डीएम स्तर से 28 जनवरी तक शीत लहर के चलते अवकाश कर दिया गया है। 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक शासन स्तर से घोषित शीत कालीन अवकाश को लेकर बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय, सहायता और मान्यता प्राप्त विद्यालय बंद रहे। शीतलहर चलने से यह अवकाश बढ़ाकर 20 जनवरी तक कर दिया गया। अगले दिन 21 जनवरी को रविवार और 22 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सार्वजनिक अवकाश होने से स्कूल बंद रहे। मंगलवार 23 जनवरी को बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित कक्षा एक से आठ तक के स्कूल खुले। सर्दी का प्रकोप जारी रहने से अधिकांश बच्चे पहले दिन स्कूलों में अनुपस्थित रहे। कुछ बच्चों में स्कूल जाने का उत्साह दिखा और वह ठिठुरते हुए अपने-अपने स्कूल पहुंचे। बीईओ विजय वीरेंद्र सिंह ने बीआरसी क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गांव मुजफ्फरनगर के प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत 114 बच्चों में 26 बच्चे उपस्थित मिले। इसी गांव के उच्च प्राथमिक स्कूल में भी 114 में से मात्र 15 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। गांव उदयपुर खुर्द के प्राथमिक स्कूल में पंजीकृत 183 बच्चों में 35 बच्चे भी उपस्थित मिले। तीनों स्कूलों में स्टाफ मौजूद मिला। सर्दी के सितम के चलते स्कूलों में छात्र उपस्थिति संख्या कम रही। गलन होने से अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने की हिम्मत नहीं जुटा पाए।

## बीआरसी पर नोडल शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के सीखे गुर

**जन एक्सप्रेस/पूरनपुर।** परिषदीय स्कूलों में नामांकित दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीआरसी पर चल रहे प्रथम चरण के प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को सरल तरीके से पढ़ाने के टिप्स दिए गए। पूरनपुर बीआरसी क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में करीब 968 दिव्यांग बच्चे नामांकित हैं। सामान्य बच्चों के साथ इन बच्चों को शिक्षित करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। दिव्यांग बच्चों को सरल तरीके से शिक्षक पढ़ा सके। इसको लेकर बीआरसी पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले चरण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। पहले चरण में 53 शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह, रामगोपाल पांडेय और विजय गुप्ता ने प्रशिक्षण किया। बीआरसी पर चल रहे प्रथम चरण के प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। शिक्षकों को ट्रेनरों द्वारा दिव्यांग बच्चों को उपकरण और विशेष पुस्तकों से पढ़ाने के तौर तरीके बताए गए। दूसरे चरण का प्रशिक्षण 28 जनवरी से शुरू होगा।

## जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक ने छात्रों की रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती पर मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह-2024 के तहत छात्रों ने खरका स्थित गांधी तिराहा से लाइन बाजार थाना तक मानव श्रृंखला बनाकर यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया और नागरिकों को भी इसके लिए जागरूक किया। प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन मैदान से छात्रों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल आठवीं से 12 वीं कक्षा के करीब एक हजार छात्र सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के पालन संबंधी नारे लगाते हुए गांधी तिराहा पहुंचे। वहां से लाइन बाजार थाना तिराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर खुद यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। साथ ही नागरिकों को भी पालन करने के लिए जागरूक किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई और नेताजी सुभाष चंद बोस के दिखाए मार्ग पर चलकर सशक्त व आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, एनएसएस, स्काउट गाइड ने भी मानव श्रृंखला में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. बृजेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सत्येंद्र कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश श्रीवास्तव, आरआइ (एआरटीओ) अशोक श्रीवास्तव, सीओ यातायात व सदर देवेश सिंह, सीओ सिटी कुलदीप कुमार गुप्त, प्रभारी निरीक्षक (यातायात) जीडी शुक्ल व सभी उप निरीक्षक उपस्थित रहे। टीडी कॉलेज के एनसीसी के करीब 250 कैडेट्स वॉलंटियर्स के तौर पर सड़क सुरक्षा में सहयोगी की भूमिका में रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### देशवासियों के आस्था और विश्वास के विजय का प्रतीक बना अयोध्या: चित्रसेन सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/खुटहन। त्रिकौलिया गांव निवासी व भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई के प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रसेन सिंह ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को देशवासियों की आस्था और विश्वास की विजय प्रतीक बताया उक्त बातें खुटहन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम,भारत की आत्मा है। राम का चरित्र, राष्ट्र चरित्र है। प्रभु राम,



देशवासियों के रोम रोम में बसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सराहनीय प्रयासों के चलते देशवासियों का सपना साकार हो गया। अब से भारत का पुनर्जागरण का आरंभ हो चुका है। जिस दिन भारत का जन मानस यह समझ जाएगा कि राम भारत की आत्मा हैं उस दिन जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद आदि का अंत हो जाएगा। जिस प्रकार जन अनुरागी राम के लिए उनकी प्रजा की प्रसन्नता ही उनके शासन का मूल मंत्र था उसी प्रकार जिस दिन भारत के राजनैतिक, प्रशासनिक और सामाजिक शासकों को यह गूढ़ मंत्र समझ आ जाएगा उस दिन शासक और शासित के बीच का परस्पर संदेह समाप्त हो जाएगा। शासक स्वयं को केवल सेवा का एक माध्यम मानेगा और शासित का शासक के प्रति प्रेम बढ़ जाएगा। वही होगा असली राम-राज्य। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने दर्जनों परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने मंगलवार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मछलीगांव में अटल ग्रामीण स्टेडियम, मॉडल तालाब



सामुदायिक शौचालय इंटरलॉकिंग समेत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर डीडीओ वीके यादव, एडीओ पंचायत राम अवध, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, दुर्गेश तिवारी, अनूप सिंह, कलेक्टर यादव, शिव शंकर सिंह, अनिल दुबे, राकेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### टोलप्लाज़ा पर हुई जमकर मारपीट, वीडियो हो रहा वायरल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/जफराबाद। स्थानीय टोलप्लाज़ा पर मंगलवार को हौज टोलप्लाज़ा पर टोलटैक्स के लिए जमकर मारपीट हुई। मौके पर काफी भगदड़ मच गयी। एक बोलेरो जीप पर तीन चार महिला तथा कुछ लोग एक बीमार महिला को लिवाकर दवा के लिए जा रहे थे। वे लोग मुख्यमार्ग पर नही थे। टोलप्लाज़ा कि कर्मचारियों ने उन लोगों से टोलटैक्स के लिए जमकर गाली गलौज किया। बीमार परिवार के युवक ने अपने परिचितों को फोन करके बुलवाया।उसके बाद उन लोगो ने टोलप्लाज़ा के कई कर्मियों को जमकर पीटा। इसके बाद कर्मी भागते दिखे। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। मारपीट होने की पुष्टि टोलप्लाज़ा के प्रबंधक संतोष सिंह ने किया है।

### राम नाम के रस में डूबा छीतमपट्टी निकली भव्य शोभायात्रा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/शाहगंज। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान विकास खंड सुईथाकला के छीतमपट्टी गांव में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सोमवार को समाजसेवी युवा नेता नीतीश सिंह हनी के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।जो छीतमपट्टी गांव समेत अगल बगल गांव में भी विशाल भव्य शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की झांकी निकाली गई ।राम भक्तों शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया इस दौरान घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आएगा, जय श्री राम के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। पूरा गांव भगवा रंग के जय श्री राम के झंडों से पटा रहा।

# जौनपुर के शेखाई कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आधा दर्जन गांवों में की छापेमारी

### ✻ एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के शेखाई गांव में सोमवार सुबह दर्जनों दबंगों ने दर्जनों राउंड फायरिंग कर सात लोगों को घायल करने के मामले को लेकर थाना प्रभारी दीपेंद्र सिंह दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के सरपतहा रुधौली, सरपतहा लालापुर भगासा सुईथाकला समेत दर्जनों गांवों में छापेमारी कर आरोपियों के घरों की तलाशी ली और आरोपी के घर जमकर तांडव मचाया और आरोपी को थाने लाने के लिए परिजनों कड़ाई से कहा पुलिस के रौद्र रूप देखकर आरोपियों के परिजनों के होश उड़ गए हैं गौरतलब हो कि सरपतहा थाना क्षेत्र के शेखाई गांव में रविवार की देर रात राममिलन के घर के सामने कुछ लोग आपस में विवाद कर रहे थे। इसी बीच राममिलन के पुत्र नंदकिशोर पहुंचे और विवाद का विरोध करते हुए लोगों मौके से हटाया साथ इसकी सूचना सरपतहा थाने पर तैनात अंगद नाम के आरक्षी को दी थी सूचना पर पहुंचे आरक्षी ने शान्ति बनाए रखने की हिदायत देकर वापस जाने चले आये रात को अपने वर्चस्व को कमतर समझने वाले दबंग पक्षों ने सोमवार सुबह करीब दस बजे अपने दर्जनों साथियों के साथ अनुराग यादव के घर अबैध असलहों लाठी डंडा से लैश होकर पहुंचे और दर्जनों राउंड फायरिंग कर आधा दर्जन लोगों को घायल कर फरार हो गए ।वही आस पास के स्थानीय लोग आनन फानन में घटना में घायल राममिलन यादव (58), नंदकिशोर यादव (36), अमरजीत यादव (40), अरविंद यादव (44), करिश्मा यादव (19), अनुराग यादव (18),अनुराग यादव (35) को उपचार के लिए पुरुष चिकित्सालय शाहगंज ले आए जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था।

# रामविशुन पाल के हथियारों पर कठोर कार्रवाई कराने की मांग

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



विधायक केराकत तूफानी सरोज के नेतृत्व में मृतक राम विशुन पाल की पत्नी शान्ती देवी व बेटी मनीषा पाल के साथ जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे बतादें विगत दिनों थाना मीरगंज गांव अदारी में जमीन में पाईप लाइन विछाने को लेकर राम विशुन पाल की हत्या हो गया था पीड़ित परिवार को लेकर सोमवार को केराकत विधायक तूफानी सरोज जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे लेकिन जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट जलराजन चौधरी को पत्र देकर घटना की जानकारी दिया और त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। वही उन्होंने कहा कि जीस तरह से उत्तर प्रदेश में जंगलराज कायम है और भाजपा सरकार मौन है कानून व्यवस्था ध्वस्त है और अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहा है जिससे आम जनमानस में काफी आक्रोश है जीस दंबगों द्वारा विशुन पाल के जमीन पर पाइपलाइन विछाने को लेकर निर्मय हत्या किया गया वो बहुत दुखद है आज परिवार दहशत में है दंबग अभियुक्तों के समर्थन मे भाजपा सरकार के समर्थक लगें हुए हैं आज भी पीडित परिवार डराने धमकाने का काम कर रहें है हमारी मांग है कि अभी कुछ अभियुक्त पुलिस नहीं पकड़ पाया है और जो भी अभियुक्त है उसका अपराधिक रिकॉर्ड विभिन्न जिलों में है परिवार ने बताया है कि अभियुक्त संगठित अपराध करता रहा है प्रशासन अभियुक्त खिलाफ गुंडा एक्ट पर भी कार्रवाई करें और परिवार को सुरक्षा भी दें जिससें परिवार अपना पैरवी सही तरिके से कर सकें और अभियुक्त को सजा दिला सकें अगर जिला प्रशासन हमारी बातों को संज्ञान नहीं लेगा तो हम आगे जाने का काम करेंगे। परिजनों के साथ काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।।

# सुभाष चंद्र बोस थे एक अद्वितीय राष्ट्रनायक: प्रो. वंदना सिंह



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित रोवर्स रेंजर भवन में कुलपति प्रो वंदना सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी मिलकर नेता सुभाष चन्द्र बोस के उत्कृष्ट जीवन और कार्यों को स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने साहस और समर्पण से ब्रिटिश शासकों को टक्कर दी। आज के दिन हमें उनके उत्कृष्टता को याद करके स्वयं को समर्पित करने का संकल्प लेना चाहिए उन्होंने कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक अद्वितीय राष्ट्रनायक थे, उनका सपना था एक स्वतंत्र और समृद्धशाली भारत का निर्माण करना। इसके लिए उन्होंने अपने प्रबंध कौशल से भारत ही नहीं कई देशों से संपर्क कर समर्थन प्राप्त किया था। उन्होंने अपने जीवन के हर क्षण में उन आदर्शों को अपनाया जो साहस, स्वाधीनता, और समर्पण की मिसाल थीं। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि नेता जी का संघर्ष और प्रतिबद्धता आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीयता को एक मजबूत, समृद्ध और एकमत राष्ट्र की दिशा में एकाग्र किया उनका संदेश है कि समर्थ और समर्पित युवा समृद्धि और स्वतंत्रता के पथ पर अग्रसर हो सकता है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है, हम सभी को यह आदर्श बनाए रखना चाहिए कि हम एक सशक्त राष्ट्र की स्थापना के लिए समर्पित हैं। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जयंती के अवसर पर कुलपति समेत अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर प्रो. अमित वत्स, राजेंद्र सिंह, स्वामीनाथ समेत विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लेखपालों के भ्रष्टाचार से आजिज दिव्यांगों ने तहसील में बिछा दी खटिया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी द्वारा तहसील सदर में लेखपालों कि मनमानी के विरोध में खाट बिछाओं-भ्रष्टाचार मिटाओं आन्दोलन की घोषणा पर अलर्ट हुए पुलिस प्रशासन द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार से वार्ता की गयी, जिसके दौरान लेखपालों की मनमानी पर रोक लगाने व आवेदन पत्रों पर फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपालों पर कार्यवाही करने, तहसील में लम्बित आवेदन पत्रों की जांच रिपोर्ट तत्काल समाज कल्याण विभाग व महिला कल्याण विभाग भिजवानों का निणर्य लिया गया, जिसके उपरान्त एसडीएम सदर ने सभी मामलों क जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकताओं द्वारा मंगलवार को तहसील में खटिया बिछा कर प्रदर्शन कर कार्यक्रम चलता रहा और कार्यवाही के आश्वासन पर आन्दोलन को खत्म किया गया। पार्टी अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि लेखपाल घर बैठे आय प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन, आसरा आवास के आवेदन पत्रों पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर अपात्र कर रहे हैं, जिसके कारण पात्र दिव्यांगजन, वृद्ध, विधवा को सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वहीं आय प्रमाणपत्र गलत बनाया जा रहा है। दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं का आय प्रमाण पत्र उनकी आमदनी से अधिक का बना दिया जाता है। आसरा आवास योजना में जांच रिपोर्ट में आय अधिक दिखाकर, पता मिला नही रिपोर्ट लगाकर लोगों को अपात्र किया जा रहा है। इन्हीं सब बातों से आजीज़ दिव्यांग बीते दिन मंगलवार को सदर तहसील में खटिया लेकर पहुंच गए और खटिया पर बैठकर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे एसडीएम सदर के द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद प्रदर्शन खत्म हुआ इस दौरान आनन्द तिवारी, अल्पना कुमार, राहुल कुमार, अशोक कुमार, अरविन्द सिंह, कुसुम अग्निहोत्री, कमलेश कुमार, गडडी दीक्षित, वैभव दीक्षित, गौरव आदि उपस्थि रहे।

## भोजपुरी महासभा ने किया भंडारे का आयोजन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विजय नगर में भगवान श्री राम की आरती कर भंडारे का आयोजन किया फिर शाम को श्री गहमरी ने भोजपुरी महासभा के लोगों साथ विजय नगर चौराहे पर 151 देसी घी के दीए जलाए और भजन संध्या का कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पप्पू गुप्ता अमित यादव प्रभात पाल फैजुद्दीन रमाकांत मनोज विकास गुप्ता विवेक गुप्ता बहादुर अजय अरविंद गुप्ता चंदन सिंह रितेश कुमार सोनू घनश्याम विजय साहनी आदि लोग शामिल थे।

## मां भारती के वीर सपूत की मनाई जयंती

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

मां भारती के वीर सपूत और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं के द्वारा पोनी रोड़ में मनाई गई। जहां उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा नेताजी ने आजाद हिंद फौज बना कर अंग्रेजों को भारत से भगाने का काम किया। महासचिव जयपाल साहू ने कहा कि नेता जी ने एक नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता ने कहा यह हमारे देश का दुर्भाग्य है हमने अपने देश के एक महान नेता को खो दिया जिसने भारत देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद करना ही एक मात्र लक्ष्य था।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, साइकिल की दुकान हुई स्वाहा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



मौरावां थाना क्षेत्र के संदाना गांव में बीती रात शॉर्ट सर्किट से एक दुकान में आग लग गई। आग की लपटे उठती देख लोगों ने निजी स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू करते हुए दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान दुकान में रखा लाखो का माल जलकर स्वाहा हो गया।

मौरावां थाना क्षेत्र के संदाना गांव निवासी राज कुमार रावत पुत्र लल्लू राम की गांव के बाहर साइकिल की बड़ी दुकान है। सोमवार शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। कुछ देर बाद दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। पहले पहल रोशनी देख लोगों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में हो रही आतिशबाजी समझा। लेकिन जब लपटे तेज हुई तो दुकान में आग लगने का अहसास हुआ। ग्रामीणों ने सबमर्सिबल पंप के जरिए आग बुझाने का प्रयास शुरू करते हुए दमकल को सूचना दी। मौके पर दमकल वाहन के साथ पहुंचे कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन प्रभारी पुरवा ने बताया सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। अगर आग आस पास के घरों तक पहुंच जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी जिसे काबू करना मुश्किल हो जाता। उधर दुकान राजकुमार के मुताबिक आग से लाखों रुपए का माल जलकर स्वाहा हो गया। दुकान पूरी तरह तहस नहस हो जाने से उसकी रोजी रोटी का साधन तबाह हो गया।

## नगदी, जेवर लेकर युवती हुई गायब पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



एक पिता ने पुरवा कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बेटी पर बीती शाम घर में रखी नगदी व जेवर लेकर किसी के साथ कहीं चली जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता के अनुसार बीते सोमवार की शाम घर में अकेली बेटी को छोड़कर खेत में पानी लगाने गया था। घर लौटने पर दरवाजे ताला लगा था और बेटी घर पर नहीं थी। ताला तोड़ कर अंदर जाकर देखा। जहां घर में रखी आधा किलो चांदी, एक तोला सोने के जेवर व दस हजार की नगदी गायब थी और किसी के बहकावे में आकर स्थानीय स्टेट बैंक से भी 40 हजार रुपये निकाल कर कहीं चली गयी। उसने बेटी संग किसी अनहोनी की आशंका जताई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। गुमशुदगी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## शिवराजपुर के तोडकापुर गांव में श्रीराम–सीता की झांकी निकाल हुआ सुंदरकांड और भंडारा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र सोमवार को श्रीराम मय देर रात तक आरती पूजन भंडारा और रंगीन आतिशबाजी का नजारा देखने को मिला इसी कड़ी में शिवराजपुर क्षेत्र के तोडकापुर के सुक्खानिवादा में देखने को मिला दिन में श्रीराम सीता की झांकी आरती कई गांव का भ्रमण कर मंदिरों में पूजन करते हुए भक्तों ने श्रीराम सीता की आरती और रामायण की चौपाइयां गाते हुए गांव-गांव में पहुंचे हर गांव में माताओ और बुजुर्गों ने आरती कर पुष्प चढ़ाए कर अंत में विशाल झांकी का हुजूम सुखनिवादा, तोडकापुर पहुंचकर बजरंगबली धाम पर रमाशंकर मिश्र जिला टोली प्रमुख, विश्व हिंदू परिषद भारतीय गोवंश संरक्षण संवर्धन परिषद के दरवाजे बने विशालकाय हनुमान मंदिर में यात्रा का समापन हुआ वहां पर सुंदरकांड और भंडारे का भी आयोजन था जो देर रात तक चला वहीं पर शाम होते ही गांव में घी के दिए जलाए गए और रंगीन आतिशबाजियों का नजारा देखने को मिला पूरा गांव राममय में दिखा और जो दिवाली पर लोगों ने कभी पटाखे नहीं छुडाए थे उन लोगों ने भी खरीद कर पटाखे छुड़ाएं और आसपास की गांव के लोग जहां पर आरती गई थी वह लोग साथ में आकर उन लोगों ने भी भंडारे में प्रसाद चखा और दीपक जलाकर देव स्थान से अपने घरों पर जाकर जलाई जा करके और श्रीराम जय घोष के नारे देर रात तक लगते रहे लोग घरों पर दीपक जलाकर जय श्री राम के नारे लगाते रहे।

## प्रस्तुत किये श्रीराम प्रभु के भजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

सोमवार को बाली जी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में राम भजन का आयोजन हुआ। जहां भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक श्रीराम प्रभु के भजन प्रस्तुत किये। जिसे सुन वहां मौजूद लोग झूमने लगे। इसके साथ ही सभी ने प्रभु का गुणगान किया। सोमवार को बाली जी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में राम भजन का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण भारतवर्ष जहां श्रीरामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा में आयोजित हर्ष को दीपावली के साथ मनाकर गौरवांवित हो रहा है। वही इस नगरी(शुक्लागंज) को अछूता कैसे होने देते। हर गली, मोहल्ले सडक हर तरफ का माहौल राममय हो गया लोगो के अन्दर का उत्साह देखते ही बनता है। लोगो का जोश देखकर लगता, क्या सच में राम ही आ गये है। सम्पूर्ण नगर देश का यही हाल है। हर तरफ का माहौल राम मय हो गया।

## शरारती तत्वों ने बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर माहौल बिगाड़ने का किया प्रयास

* सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स, स्थिति को किया नियंत्रण में

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जहां एक तरफ पूरा कानपुर श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के आनन्द में डूबा हुआ था तो वहीं दूसरी ओर हमारे बीच कुछ ऐसे भी अराजक तत्व हैं जो शहर की शांति को लगातार भंग करने की कोशिश में लगे रहते हैं, गनीमत यह कि शहर के चौकन्ना पुलिस प्रशासन की तत्काल कार्यवाही के कारण कई बार अप्रिय घटना होने से बच जाती है। इसी प्रकार एक और घटनाक्रम में कुछ शरारती तत्वों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाते हुए खंडित कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा नई मूर्ति स्थापित कराने की बात के बाद नाराज ग्रामीण शांत हुए।

जानकारी के अनुसार थाना नरवल क्षेत्र के गांव दलपतपुर में सोमवार की देर रात कुछ शरारती तत्वो ने गांव के बाहर लगी बाबा साहेब की मूर्ति को खंडित कर दिया। सुबह जब इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो बड़ी संख्या में वहां ग्रामीण उपस्थित हो गये और नारेबाजी करने लगे। हंगामें की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंच गयी और नाराज ग्रामीणों को किसी प्रकार शांत कराया। एसीपी चकेरी का चार्ज संभाल रहे एसीपी कलक्टरगंज ने बताया कि घटना की जनाकारी मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेज दिया गया है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा किया गया यह कार्य दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों से बात कर उसी स्थान पर नई मूर्ति लगवाने की बात कही गयी है और ग्रामीणों को शांत कराया गया है। जांच के दौरान जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बिल्हौर कस्बे के वैष्णोनगर में पारिवारिक उलझनों के चलते युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो


मृतक की फाइल फोटो


मृतक के परिजन

बिल्हौर कस्बे के वैष्णो नगर में इकलौते बेटे ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली मृतक गोपी 28 वर्षीय पुत्र स्व.रंगीलाल गुप्ता का परिवार वर्तमान में कानपुर में निवास करता है। रंगीलाल की पत्नी किरण गुप्ता उनकी तीन बेटियां लक्ष्मी शिल्पी व खुशबू के बीच इकलौता बेटा 28 वर्षीय गोपी दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था और कुछ दिन पूर्व ही दिल्ली से वापस घर पहुंचा था। गलत संगत के चलते वह शराब का लती हो गया था। तीन दिन पूर्व वह बिल्हौर आने की बात कह घर से निकला था। रविवार शाम से उसकी फोन पर बात नहीं हो पा रही थी। इस कारण मंगलवार सुबह पड़ोस में रहने वाले संबंधियों से फोन पर बात कर जानकारी मांगी। पड़ोसियों द्वार देखने पर घर अंदर से बंद था और इधर-उधर से झांककर देखने पर युवक आंगन में पड़ा दिखाई पड़ा। जानकारी मिलते ही परिजन चिंतित हो उठे। कुछ ही देर बाद परिजन कानपुर से मौके पर पहुंच गए और सूचना के बाद थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना की जांच पड़ताल शुरू की। शव देखकर लोगों ने युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की आशंका जाहिर की। परिजनों के अनुसार युवक ने नशे की लत के चलते गैस सिलेंडर सहित घर की कई कीमती वस्तुओं को चोरी छुपे बेंच लिया था। वहीं पड़ोसियों के अनुसार दो दिन पूर्व उसे घर आते हुए देखा गया था। उसके बाद किसी ने नहीं देखा।थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने की आशंका प्रतीत हो रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

## नौजवान सभा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती मनाई

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



भारत की नौजवान सभा डीवाईएफ आई कानपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने मेस्टन रोड मे लगी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में पहुंचकर माल्यार्पण कर नारे लगाये। नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विनोद पांडे ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रॉन्तिकारी कृत्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस एक महान देशभक्त थे आजादी की लड़ाई में उनका योगदान स्वर्णिक अक्षरों से अंकित रहेगा। वह पहले देश की आजादी के लिए लड़ रहे इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे थे पर उनके विचार पर उस समय के कांग्रेसी नेताओं से न बन पाने की वजह से उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। वह कभी भी साम्राज्यवादी अंग्रेजी हुकूमत के सामने नहीं चूके उन्होंने देश की आजादी के लिए ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक और आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश व देश के बाहर जाकर उन्होने स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। वह गरम दल के नेता के रूप में भी जाने जाते रहे है उनका नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज भी प्रत्येक भारतीय उन्हे गर्व के साथ अपने दिलों में याद करता है। उन्होंने अपने संगठन आजाद हिंद फौज में महिलाओं को भी जगह दी, आज़ाद हिंद फौज के अंतर्गत झांसी की रानी रेजीमेंट जिसकी कैप्टन कामरेड लक्ष्मी सहगल मनवाती आर्या सरीखी नेतृत्वकारी महिलाएं थी। आजाद हिंद फौज में सबसे पहले अंग्रेजों को युद्ध में हराकर प्रथम भारतीय निर्वासित सरकार की स्थापना किया था

कार्यक्रम मे चमन खन्ना, अमित केसरवानी, अरविंद गुप्ता, आशा खालिद, निलेश भारतीय, सुरेश कुमार वर्मा, मलखान सिंह, औसान सिंह, श्यामलाल बौद्ध, संतोष कुमार, उमाकांत विश्वकर्मा, अमित शुक्ला, मो0 खालिद, अक्षा खालिद, आलिया खालिद अनूप कटिहार आदि सहित उपस्थित थे।

## सर्दी के असर से आम जनजीवन काफी प्रभावित रहा

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

मंगलवार सुबह करीब छह बजे तक कोहराम कम रहा। जिसके बाद सात बजे के बाद अचानक कोहरे की धुंध छा गई। जिससे सर्दी के असर से आम जनजीवन काफी प्रभावित रहा। रोजमर्रा के काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। अलाव का माकूल इंतजाम न होने से पटरी दुकानदारों, यात्रियों, रिक्शा चालकों को ठिठुरते देखा गया। सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़े पहनकर बाहर निकले लोग भी सर्दी से परेशान दिखे। पूरे दिन कोहरा देखने को मिला। अधिक कोहरा होने के कारण हाइवे, आजाद मार्ग, बैराज मार्ग, नवीन पुल और फोरलेन पर वाहन सवार रेंगते हुये निकले। कई बार तो वाहन आपस में भिड़ते बच गये। क्योंकि कोहरा इतना अधिक था कि पास में खड़ा व्यक्ति तक नहीं दिख रहा था।

## शिवराजपुर खेरेश्वर गंगा तट पर जलाए गए दीप, रंगोली से सजा गंगा तट

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर खेरेश्वर गंगा तट पर दीप जलाकर श्रीराम के नाम की आकृति बनाई। अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के बाद विराजन हुए प्रभु राम के उत्सव में खेरेश्वर सरैया गंगा तट को फूल मालाओं रंगोली से सजाकर 2100 दीपक जलाकर दीपोत्सव पर्व मनाया गया था जिला ग्राम संयोजक गोविंद विश्वकर्मा ने बताया की अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर खुशियां मनाते हुए गंगा तट पर 2100 दीप जलाए गए है तट पर विशाल भंडारे का आयोजन कर भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया था दीपोत्सव में दीपेंद्र चौहान, अभिषेक विश्वकर्मा, दीपक सेंगर, दिलीप श्रीवास्तव, रोहित सक्सेना, सोनू दीक्षित, शिवम ओमर, अरुण यादव, शिवम कटियार, राम सैनी, गौरव अग्निहोत्री, राजू गुप्ता एवं ग्रामीण व नगर की मातृ शक्ति उपस्थिति रही। भक्तों ने भारी संख्या में मंगलवार को गंगा तट पर स्नान कर दीपक जलाएं बुजुर्गों ने बताया कि हम सब की मनोकामना पूर्ण हुई कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। जिसके चलते हम लोग गंगा स्नान कर रहे हैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को विशेष श्रेय जाता है। जो आगे आने वाली हम सब की पीढ़ियां याद करेंगी।

## ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे कब्जे को लेखपाल ने रुकवाया



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर थाना क्षेत्र के बगदौधी बांगर बिठूर रोड डिग्री कालेज के पास ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे पक्के निर्माण को लेखपाल आलोक ने जानकारी होने पर रुकवा दिया। लेखपाल आलोक ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि कालीचरण नाम का व्यक्ति अपने घर के पीछे ग्राम समाज की जमीन पर पक्का निर्माण करवा रहा है। लेखपाल नहीं अभी बताया कि इसके अलावा भी जो भी क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर हो रहे हैं उस पर भी कार्रवाई होगी।

## हवन–पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शायद अभी तक श्री राम लला विराजमान महोत्स से बड़ा कोई उत्सव आयोजन देश में हुआ हो। हर तरफ केवल राम जी की ही धूम थी, लोगों का उत्साह और उमंग देखते ही बनता था। हर कोई अपने सार्मथानुसार श्रीराम जी की सेवा में कुछ न कुछ अर्पण करता दिखा। पूर्वाचल भोजपुरी छठपूजा सेवा समिति द्वारा भी विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। पूर्वांचल भोजपुरी छठ पूजा सेवा समिति पनकी नहर द्वारा श्रीराम लला महोत्सव के अवसर पर पहले हवन–पूजन किया गया, उसके उपरान्त विशाल भंण्डारा प्रसाद वितरण किया गया जो सारा दिन चला और भण्डरे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को समिति द्वारा छठ घाट पर माता गंगा आरती करने के पश्चात् 5100 दियों को प्रज्जवल्लित कर घाट को रोशन किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि यह हम सभी के पूर्व के कई जन्मों के कर्मो का फल प्राप्त हुआ है, जब हम अपने रामलला को मंदिर में विरोजते अपनी आंखों से देख रहे है। मानो ऐसा लग रहा है कि धरती पर रामराज्य उतर आया हो। उन्होने कहा कि आज हम अलहदित है, उत्साह से भरे हुए है और जो आनन्द महसूस कर रहे हैं उसे शब्दों में बयां नही किया जा सकता। इस अवसर पर कपिल देव सिंह, ह्रदेश पाठक, राजेश यादव, जगलाल यादव, सुरेश गिरी, राजुल श्रीवास्तव, नागेन्द्र, रूकेश यादव, भिवनाथ, राकेश वर्मा आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## बालूघाट मोड़ के पास संकरा मार्ग होने के कारण लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

मंगलवार सुबह करीब दस बजे कानपुर और शुक्लागंज की ओर से एक के बाद एक ई बसें निकली। जिससे बालूघाट मोड़ के पास संकरा मार्ग होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम को देख मौजूद पुलिस ने किसी तरह आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में फंसकर कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राएं विलंबित हो गई। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग पर संकरे मार्ग के चलते पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगने से राहगीर परेशान रहे। जाम में तमाम वीआईपी और एम्बुलेंस भी फंसी रही। इसके अलावा शाम के समय एक बार फिर दोनों मार्गों पर जाम लग गया। जिससे कई बारातों के दूल्हे भी जाम में फंसे रहे।

## मां भागीरथी गंगा आरती कमेटी द्वारा भव्य गंगा महा आरती का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पौराणिक नगरी बिठूर के लक्ष्मण घाट पर भी गंगा महा आरती के साथ–साथ दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मां भागीरथी गंगा आरती कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था। आचार्य ओम शुक्ला द्वारा आयोजित गंगा मां आरती में सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे। गंगा महा आरती के बाद गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में 1100 दीपों का दान भी किया गया। आचार्य ओम जी शुक्ला ने बताया कि बिठूर के लक्ष्मण घाट पर गंगा महती का कार्यक्रम विगत 4 वर्षों से अनवरत होता चला रहा है। हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है कि 500 वर्षों बाद भगवान श्री राम अयोध्या वापस लौटे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लाल निषाद, अरुण निषाद, रामविलास निषाद, अमन गौड़ मौजूद रहे।



# कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को गुवाहाटी में एंट्री की नहीं मिली इजाजत

## 'हमने बैरिकेड तोड़े हैं, लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे', राहुल बोले, हमें कमजोर मत समझना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मंगलवार को गुवाहाटी में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल कांग्रेस नेता यात्रा को शहर के भीतर से निकालना चाहते थे, लेकिन सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए और उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा को रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड तोड़ दिए। बाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमने बैरिकेड तोड़ दिए हैं, लेकिन हम कानून नहीं तोड़ेंगे।



### जनता देख रही है मुझे मंदिर जाने से रोका जा रहा: राहुल

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंच गई है। सोमवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम से मेघालय पहुंची थी और अब असम में अपने आखिरी पड़ाव के लिए फिर से असम के गुवाहाटी पहुंची है। कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी मंगलवार को गुवाहाटी में छात्रों और सिविल सोसाइटी के लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कांग्रेस का दावा है कि उनकी योजना गुवाहाटी में रोड शो या पदयात्रा करने की थी, लेकिन सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी। राहुल गांधी दोपहर में कामरूप जिले के दमदमा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर के लंच के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा बरपेटा जिले में पदयात्रा करेगी। साथ ही एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। बिष्णुपुर में न्याय यात्रा रात्रि विश्राम करेगी।

### आपको हर किसी को सुनने की आजादी होनी चाहिए

गुवाहाटी में छात्रों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आपको किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह समझना चाहता हूं कि मैं किस तरह से आपकी मदद कर सकता हूं। देश के गृहमंत्री ने असम के सीएम को फोन किया और आपके सीएम ने आपकी यूनिवर्सिटी के प्रशासन से बात कर कहा कि राहुल गांधी को यूनिवर्सिटी में छात्रों से बात न करने दी जाए। यह अहम नहीं है कि राहुल गांधी यहां आए या न आए। अहम ये है कि आपको हर किसी को सुनने की आजादी होनी चाहिए, जिसे आप सुनना चाहते हैं। यह सिर्फ असम में नहीं हो रहा है बल्कि देश के हर स्कूल कॉलेज और यूनिवर्सिटी में हो रहा है।

### राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया 'बब्बर शेर'

राहुल गांधी ने कहा हमें कमजोर मत समझना। हमने बैरिकेड तोड़ दिए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता किसी से नहीं डरते। पार्टी कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी ने बब्बर शेर बताया और बोले कि उन्होंने यूनिवर्सिटी में मेरा कार्यक्रम कैंसिल कर दिया, लेकिन छात्रों ने यूनिवर्सिटी के बाहर मेरी बात सुनी। हम असम में भाजपा को हराएंगे और जल्द ही कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। राहुल गांधी ने पुलिस की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि पुलिस सिर्फ उन्हें मिले आदेशों का पालन कर रही है। हम आपके खिलाफ नहीं हैं। हम सीएम के खिलाफ हैं, जो भ्रष्ट हैं, हमारी लड़ाई उनसे है।

#### 'जीत हमारी हुई है'

वहीं असम के कांग्रेस प्रभारी जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमने बैरिकेड तोड़ दिए हैं, जीत हमारी हुई है। हालांकि बाद में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अपने तय रूट से आगे बढ़ी और बाइपास से होकर शहर से बाहर निकली। वहीं हंगामे के बाद असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

### राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर का निर्देश

असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने पर एफआईआर करने का निर्देश दिया है। असम सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि यह असमिया संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं और ऐसी नक्सली गतिविधियां पूरी तरह से हमारी संस्कृति के खिलाफ हैं। मैंने डीजीपी असम पुलिस को निर्देश दिया है कि वह राहुल गांधी के खिलाफ भीड़ को उकसाने के आरोप में एफआईआर दर्ज करें।

### असम में मुख्य मुद्दा बनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

असम के मुख्यमंत्री, यात्रा के खिलाफ जो भी कर रहे हैं, इससे यात्रा को फायदा हो रहा है। असम में मुख्य मुद्दा अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा बन गई है। हमारी यात्रा का संदेश गांवों तक पहुंच रहा है। जनता देख रही है कि राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका जा रहा है, छात्रों से बात करने से रोका जा रहा है। ये साफ है कि विपक्ष के तौर पर कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है।

### असम सीएम देश के सबसे भ्रष्ट सीएम

राहुल गांधी ने कहा भाजपा के लोग एक हाथ में झंडे पकड़े हुए हैं और दूसरा हाथ से मेरा अभिवादन कर रहे हैं। हिमंत बिस्व सरमा को लगता है कि यह विरोध है, लेकिन कोई विरोध नहीं हो रहा है। इससे साफ है कि राज्य में समस्या है। असम सीएम देश के सबसे भ्रष्ट सीएम हैं। मैं जब भी राज्य में घूमता हूं तो सभी बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं की बात करते हैं। ये समस्याएं हैं और हम इन मुद्दों को उठाएंगे। राहुल गांधी ने कहा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पीछे न्याय की सोच है, जिसके पांच स्तंभ हैं। युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिकों के लिए न्याय।



# मिजोरम में हादसे का शिकार हुआ म्यांमार का सैन्य विमान, रनवे से फिसला, छह घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल

मिजोरम में मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। यहां लेंगपुई एयरपोर्ट पर म्यांमार सेना का एक विमान रनवे से फिसल गया। बताया गया है कि प्लेन में पायलट समेत 14 लोग सवार थे। इनमें से छह लोग घायल हुए हैं। जख्मियों को लेंगपुई अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया गया है कि यह विमान म्यांमार से मिजोरम में आए म्यांमारी सैनिकों को लेने के लिए आया था। हालांकि, लेंगपुई एयरपोर्ट के चुनौतीपूर्ण रनवे के चलते लैंडिंग के दौरान म्यांमार सेना का शांक्सी वाई-8 विमान रनवे से फिसल गया।

### भारत ने म्यांमार के शरणार्थी सैनिकों को वापस भेजना शुरू किया

गौरतलब है कि भारत ने पिछले हफ्ते एक जातीय विद्रोह समूह के साथ मुठभेड़ के बाद मिजोरम आए म्यांमार के 184 सैनिकों को सोमवार को ही वापस उनके देश भेजा था। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। असम राइफल्स के अधिकारी के अनुसार कुल 276 सैनिक मिजोरम आए थे, उनमें से 184 सैनिकों को वापस भेज दिया गया है। बचे हुए सैनिकों को भी जल्द ही उनके देश लौटाया जाएगा।

# गलन वाली ठंड से मामूली राहत, अभी घने कोहरे से निजात नहीं, 25 जनवरी से बारिश के आसार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तर भारत के कुछ हिस्सों को गला देने वाली ठंड से मामूली राहत मिली है। हालांकि, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की ठंड की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी घने कोहरे से भी चार-पांच दिन राहत नहीं मिलने वाली है। हिमाचल प्रदेश समेत पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में 25 जनवरी के बाद से कम से कम तीन दिन तक हल्की बारिश और बर्फबारी की भी संभावना है। घने कोहरे के कारण रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन उसकी तीव्रता कुछ कम दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर समेत आसपास के इलाकों में दो दिनों से धूप खिलने से मौसम में कुछ गर्माहट महसूस की जा रही है लेकिन, पंजाब और हरियाणा के ज्यादातर इलाकों में अभी कड़ाके की ठंड की स्थिति बनी हुई है। पंजाब के बठिंडा में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

# गाजा में हमास के साथ लड़ाई में 21 इस्राइली सैनिकों की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव

इस्राइली सेना ने बताया है कि गाजा में हमास के साथ हुई लड़ाई में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं। दरअसल लड़ाई के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में कुछ सैनिक आ गए। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी चपेट में आकर दो इमारतें भी तबाह हो गईं। वहीं इस्राइली सेना के एक टैंक पर हमास के लड़ाकों ने आरपीजी से हमला किया। इन सैनिकों की मौत के बाद हमास के साथ लड़ाई में इस्राइली सेना के अब तक 200 से ज्यादा सैनिक मारे जा चुके हैं। इस्राइली सेना विस्फोट की वजह का पता लगाने की कोशिश कर रही है। फिलहाल माना जा रहा है कि जिस इमारत में विस्फोट हुआ, उनमें भारी मात्रा में विस्फोटक रखा हुआ था। जब वहां इस्राइल के सैनिक मौजूद थे तो आरपीजी से इमारत पर हमला किया गया, जिससे इमारत में भयंकर विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के चलते दो इमारतें तबाह हो गईं।

### एक टैंक पर आरपीजी से हमला किया गया

इस्राइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने बताया कि घटना में कुल 21 सैनिक मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि सैनिक सीमा पर करीब 600 मीटर के इलाके में मौजूद थे। सैनिक वहां पर हमास के ठिकानों को तबाह कर रहे थे। शाम करीब चार बजे आतंकियों ने एक टैंक पर आरपीजी से हमला किया। इसी दौरान दो दो मंजिला इमारतों में विस्फोट हो गया। जिसके बाद इमारतें गिर गईं। इन इमारतों के मलबे की चपेट में आकर सैनिक मारे गए।

### मिस्त्र ने इस्राइल को दी चेतावनी

मिस्त्र ने इस्राइल को चेतावनी दी है कि अगर इस्राइल ने दोनों देशों की सीमा पर मौजूद जमीन के टुकड़े फिलाडेल्फी कॉरिडोर को कब्जाने की कोशिश की तो इससे दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ सकते हैं। फिलाडेल्फी कॉरिडोर मिस्त्र और इस्राइल के बीच मौजूद 14 किलोमीटर लंबा इलाका है। इस्राइली सेना इस इलाके पर नियंत्रण करने की योजना बना रही है क्योंकि इसी इलाके से गाजा में हथियारों की तस्करी की जाती है। मिस्त्र को चिंता है कि सीमा पर सैन्य कार्रवाई से बड़ी संख्या में फलस्तीनी लोग उनकी सीमा में प्रवेश कर सकते हैं।

# धनुषकोडी को श्रीलंका से जोड़ने के लिए पुल बनाने की योजना, जल्द शुरू होगी व्यवहारिकता की जांच



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पर्यटन, अध्यात्म और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार जल्द ही भारत और श्रीलंका के बीच एक नए पुल का निर्माण करने की योजना बना रही है। पुल भारत के धनुषकोडी को श्रीलंका के तलाईमन्नार से जोड़ेगा। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि सरकार फिलहाल समुद्र पर 23 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण की व्यवहारिकता के लिए अध्ययन करेगी। बता दें, यह वही जगह है जिसे हिंदु मान्यताओं के अनुसार रामसेतु कहा जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2022 में श्रीलंकाई राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे की दिल्ली यात्रा के दौरान भारत और श्रीलंका त्रिंकोमाली और कोलंबो के बंदरगाहों तक भूमि पहुंच के विकास की व्यवहारिकता की जांच के लिए सहमत हुए थे। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों और विभागों से इस विषय पर चर्चा की। इस दौरान विदेश मंत्रालय ने सबसे पहले पुल की व्यवहारिकता के अध्ययन के बारे में रिपोर्ट तैयार करने की बात कही थी।

### अधिक धनराशि की आवश्यकता

रिपोर्टों की मानें तो परियोजना को पूरा करने के लिए अधिक धनराशि की आवश्यकता होगी। हालांकि, यह पुल द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के लिए वरदान साबित हो सकती है। परियोजना की शुरुआत से पहले सरकार को तकनीक, आर्थिक और पर्यावरण सहित अन्य पहलुओं पर जांच करनी होगी कि आखिर यह परियोजना असल में लागू हो सकती है या नहीं। बता दें, दिसंबर 2015 में केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने विक्रमसिंघे के साथ सड़क और रेल पुल बनाने की योजना पर बातचीत की थी।

### धनुषकोडी की यात्रा पर थे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तमिलनाडु के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने धनुषकोडी का भी दौरा किया था। पीएम ने यहां स्थित कोठंडारामस्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया था। वे धनुषकोडी के पास स्थित अरिचल मुनाई भी गए थे। तमिलनाडु में उन्होंने श्रीरंगनाथस्वामी मंदिर में भी दर्शन किए। पीएम ने रामेश्वरम के अग्नितीर्थम तट पर समुद्र में डुबकी लगाई और भगवान रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)